# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

www.lagatar.in | शनिवार, 10 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 293 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.9 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 26.3 | 10.8 |
| डालटनगंज | 25.8 | 06.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

# पलामू जिलान्तर्गत
# पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना
# का शिलान्यास

**₹456.6** करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

## योजना की संक्षिप्त विवरणी

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल

**कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा**

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटॉंड डैम, कुण्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

**पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित**

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, बिश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर

दिनांक : **10 फरवरी, 2024** | समय : **11.30 बजे पूर्वाह्न**
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

**सर्राफा**
सोना (बिक्री) 58,200
चांदी (किलो) 76,000

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शनिवार, 10 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 293 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 12

## कर्पूरी ठाकुर और आडवाणी के बाद तीन और भारत रत्न

## नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन को

# भारत रत्न



एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट करके एक्स पर तीन हस्तियों को भारत रत्न दिए जाने का एलान किया. इनमें किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं. इससे पहले 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और 3 फरवरी को देश के पूर्व-उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने का एलान हो चुका है. चुनावी साल में एक के बाद एक पांच हस्तियों को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं. सियासी जानकार कह रहे हैं कि इससे मोदी सरकार ने अलग-अलग राज्यों में कई समीकरण साध लिए हैं. आइए जानते हैं इन शख्सियतों के जरिए भाजपा ने कैसे और किन समीकरणों को साधा है...

### 1. चौधरी चरण सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री)

चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान रही है. लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की जाट बहुल सीटों पर चरण सिंह को इसका असर पड़ सकता है. इन इलाकों की करीब 40 सीटें ऐसी हैं, जहां जाट वोटरों का असर है. चरण सिंह के पोते और रालोद के मुखिया जयंत चौधरी की भाजपा के साथ जाने की अटकलें पिछले कई दिनों से हैं. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद जयंत ने ट्वीट किया, दिल जीत लिया. जयंत अगर भाजपा के साथ जाते हैं, तो पश्चिमी यूपी में भाजपा को फायदा हो सकता है. माा जा रहा है कि जयंत चौधरी जल्द ही एनडीए में शामिल हो जाएंगे.

### 2. पीवी नरसिम्हा राव (पूर्व प्रधानमंत्री)

विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि पीएम मोदी पंडित नेहरू की हमेशा आलोचना करते हैं. राव को मरणोपरांत भारत रत्न देना विपक्ष को करारा जवाब इसलिए भी है, क्योंकि भाजपा लगातार आरोप लगाती है कि कांग्रेस ने बतौर पीएम राव के योगदान को हमेशा नजरअंदाज किया. यहां तक कि मोदी के आलोचक मणिशंकर अय्यर ने तो एक बार राव को भाजपा का पहला पीएम तक करार दे दिया था. कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राव को भारत रत्न देने की घोषणा का स्वागत किया है. इस बारे में पूछे जाने पर सोनिया गांधी ने कहा, मैं इसका (घोषणा) स्वागत करती हूं. क्यों नहीं?

### 3. एमएस स्वामीनाथन (कृषि क्रांति के जनक)

बतौर वैज्ञानिक उनकी बेमिसाल उपलब्धियां रही हैं. इसके अलावा उनकी शख्सियत दक्षिण भारत के प्रतिभावान लोगों का भी प्रतिनिधित्व करती रही है. स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न देने से दक्षिण को साधने की मोदी सरकार की रणनीति को और मजबूती मिल सकती है. स्वामीनाथन कृषि क्रांति के जनक थे. उन्हें भारत रत्न देने से दक्षिण के साथ ही भाजपा की किसानों को साधने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है.

## साधे गए कौन से सियासी समीकरण

### भारत रत्न मिलने पर क्या-क्या सुविधाएं मिलती हैं?

कई दूसरे अवॉर्ड्स की तरह भारत रत्न अवॉर्ड पाने वाले व्यक्ति को रकम नहीं दी जाती है. इसे पाने के बाद कई प्रकार की सुविधाएं दी जाती है. भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति अगर किसी राज्य में जाते हैं तो वहां की सरकार राज्य के अतिथि के रूप में उनका स्वागत करती है. उन्हें परिवहन, बोर्डिंग और राज्य में ठहरने की सुविधा दी जाती है. नियम के आधार पर विस्तारित सुरक्षा भी दी जाती है. भारत रत्न पाने वालों को अहम सरकारी कार्यकर्मों में शामिल होने के न्योता मिलता है. भारत रत्न प्राप्त करने वालों को सरकार वॉरंट ऑफ प्रेसिडेंस में जगह देती है, जिसका इस्तेमाल सरकारी कार्यक्रमों में वरीयता देने के लिए होता है.

### भाजपा ने चित्त की विपक्षी सियासत?

भाजपा को इस बार भारत रत्न से विपक्ष की सियासी दीवार को ढहाने का मौका हाथ लगा है. जानकारों के मुताबिक चार बड़े नाम के साथ न सिर्फ पिछड़े दलित और किसानों को साधा गया, बल्कि नरसिम्हा राव के साथ दक्षिण में भी भाजपा ने बड़ा शॉट लगाया है. शुक्रवार को भारत रत्न के घोषित तीनों नामों से भाजपा के चुनावी नफा-नुकसान का आंकलन होने लगा. विश्लेषक कहते हैं कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के बाद बिहार में उथल-पुथल मची. ठीक उसी तरह चौधरी चरण सिंह लेकर भी होगा. खासकर पश्चिमी यूपी की राजनीति में भाजपा को बड़ा समर्थन मिल सकता है.

## ब्रीफ खबरें

### बजट सत्र का आखिरी दिन, आज होगा कुछ बड़ा



**नयी दिल्ली।** बजट सत्र के आखिरी दिन यानी शनिवार को भाजपा ने अपने दोनों सदनों के सभी सांसदों को मौजूद रहने को कहा है. भाजपा ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी किया है. क्या संसद में कल कुछ बड़ा होने वाला है? ऐसी अटकलें तेज हैं कि केंद्र सरकार शनिवार को दोनों सदनों में राम मंदिर पर चर्चा कराएगी. दरअसल संसद में सीधे राम मंदिर पर चर्चा नहीं हो सकती है. ऐसे में संसद के दोनों सदनों में राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा. इसे लेकर भाजपा ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है.

### भ्रामक सूचनाएं फैलाने पर लगेगी लगाम

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने या डीप फेक जैसे मुद्दों से कठोरता से निपटने के लिए नियमों में बदलाव तथा सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि इस समस्या पर अंकुश लगाया जा सके.

### देश में अब 97 करोड़ मतदाता

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि इस साल के लोकसभा चुनाव में लगभग 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र होंगे. इनमें करीब 66 फीसदी युवा हैं.

### विपक्ष के लिए भ्रष्टाचार ही आस्था

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के लिए भ्रष्टाचार ही आस्था है, इसी में पूरा का पूरा विपक्ष डूबा हुआ है. लोकसभा में सरकार द्वारा पेश श्वेत पत्र पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफी नोक-झोंक हुई.

**अबुआ आवास योजना** ▸ 24827 लाभुकों के अकाउंट में ट्रांसफर किए 74.48 करोड़

# केंद्र का सौतेला व्यवहार

शुभम संदेश टीम। जमशेदपुर/ रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि ईडी एक राजनीतिक पार्टी के इशारे पर काम कर रही है. अगर इस पर रोक नहीं लगी, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा. लेकिन इन तमाम साजिशों के बावजूद हमारा गठबंधन मजबती के साथ खड़ा है. सीएम शुक्रवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने 24827 लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र वितरित किया और लाभुकों के लिए 74.48 करोड़ रुपए जारी किया. योजना की पहली किस्त भी सीएम ने लाभुकों के अकाउंट में डीबीटी के जरिए ट्रांसफर किया. पक्का मकान बनाने के लिए योजना के तहत सरकार पांच किस्त में हर लाभुक को दो लाख रुपए देगी.

**केंद्र ने पीएम आवास योजना का पैसा भी बंद कर दिया :** सीएम ने कहा कि केंद्र ने पीएम आवास योजना के पैसे देने बंद कर दिए, तो हेमंत सोरेन ने यह फैसला किया. कहा कि हम अपने लोगों को तीन कमरे का आवास देंगे. उन्होंने कहा कि इस धनी प्रदेश के लोगों के तन पर वस्त्र नहीं है, पैरों में चप्पल नहीं है. उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए मॉडल स्कूल बनाए गए. सावित्री बाई फुले के नाम पर शुरू हुई योजना का लाभ हर बच्ची को मिल रहा है. झारखंड के आदिवासी, मूलवासी बच्चों को पढ़ने के लिए विदेश तक भेजा गया.

**30 लाख बिजली उपभोक्ताओं का बिल हो जाएगा जीरो :** सीएम ने कहा कि अब 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं का बिल जीरो हो जाएगा. पहले हेमंत ने 100 यूनिट बिजली फ्री कर दी था. इसकी वजह से 21 लाख कंज्यूमर का बिजली बिल फ्री हो गया है. अब 125 यूनिट फ्री बिजली देंगे. उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया. कहा कि झारखंड में निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं होता.




### हेमंत के नेतृत्व में संघर्ष किया

सीएम ने कहा कि 2019 में हमने हेमंत बाबू के नेतृत्व में संघर्ष किया. चुनाव जीता. बहुमत की सरकार बनी. लेकिन, इसके बाद से ही हमारी सरकार को गिराने का षड्यंत्र शुरू हो गया था. लेकिन, हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व के आगे किसी की एक न चली. कोरोना काल में जब पूरा देश ठप हो गया था. तब भी हेमंत सोरेन ने झारखंड के लोगों को अपने घर तक पहुंचाया. अस्पतालों में वेंटिलेटर नहीं थे, उसकी व्यवस्था की. उन्होंने कहा कि आज हर परिवार को दो से तीन हजार रुपए पेंशन मिल रही है.



### बोले सीएम

- राजनीतिक पार्टी के इशारे पर काम रही ईडी
- **रोक नहीं लगी, तो खतरे में पड़ जाएगा लोकतंत्र**
- सरकार बनने के साथ गिराने का शुरू हो गया था षड्यंत्र

### 2,92,624 परिवारों को लाभः डीसी

डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि कोल्हान प्रमंडल में 2,92,624 परिवार को आवास योजना का लाभ मिलेगा. इस योजना में 20 लाख लोगों को पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी. हर लाभुक को 2 लाख की आर्थिक मदद मिलेगी. कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुवा, निरल पुर्ति, सुखराम उरांव, सबिता महतो, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, समीर मोहंती और सोनाराम सिंकु, हिदायतुल्लाह खान, सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, कोल्हान के आयुक्त सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

## सीएम सोन-कोयल-औरंगा परियोजना का आज शिलान्यास करेंगे

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले के शिवाजी मैदान से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शनिवार को सोन-कोयल-औरंगा पाइपलाइन परियोजना का शिलान्यास करेंगे. मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से चियांकी हवाईअड्डे पर उतरेंगे और सड़क मार्ग से शिवाजी मैदान पहुंचेंगे. शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री गढ़वा के लिए प्रस्थान करेंगे. मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपाई सोरेन का यह पहला पलामू दौरा है.सीएम के दौरे को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने भी तैयारी कर ली हैं. पलामू डीसी शशि रंजन और एसपी रिष्मा रमेशन ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को कई निर्देश दिये हैं. सीएम के कार्यक्रम के दौरान कई बड़े नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है.

**परियोजना के लिए 436 करोड़ रुपए की मंजूरी :** पलामू डीसी शशि रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री पाइपलाइन परियोजना की आधारशिला रखने वाले हैं, जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है. राज्य सरकार ने सोन-कोयल-औरंगा पाइपलाइन परियोजना के लिए 436 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है. इस प्रोजेक्ट पर पिछले चार साल से काम चल रहा है. इस परियोजना के तहत जुलाई से अक्टूबर तक सोन नदी, कोयल नदी और औरंगा नदी से पानी उठाकर पलामू के विभिन्न जलाशयों को भरा जाएगा. इस परियोजना के तहत पलामू के 11 प्रखंडों को सीधा लाभ मिलेगा. 13 विभिन्न जलाशयों को पानी से भरा तीनों नदियों से 31.397 एमसीएम पानी उठाया जाएगा. छतरपुर क्षेत्र के बटारे, सुखनदिया, करमाकला विश्रामपुर धनकाई और ताली बांध में पानी भरा जाएगा. कोयल नदी से चैनपुर के कल्याणपुर तक पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा और टेमराई, बुटनडुबा और मेदिनीनगर के कई जलाशयों को भरा जाएगा. वहीं मलय, कुन्देलवा, कचरवा, पनघटवा बांध को औरंगा नदी के पानी से भरा जाएगा.

पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवार हो सकते हैं गेमचेंजर

# पाक सेना पर भारी पड़े जेल में बंद इमरान!

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान में भारी उथल-पुथल के बीच 8 फरवरी को संसदीय चुनाव हुए. फिलहाल वोटों की गिनती जारी है. चुनाव से पहले नवाज शरीफ की पार्टी को फ्रंटरनर बताया जा रहा था. लेकिन जेल के भीतर से चुनाव की कमान संभाल रहे इमरान खान ने सभी को चौंका दिया है. उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थित उम्मीदवार सबसे आगे चल रहे हैं. इमरान की पार्टी के समर्थित उम्मीदवारों ने सेना की पसंद माने जा रहे पीएमएलएन चीफ नवाज शरीफ की पार्टी को फिलहाल रेस में पीछे छोड़ दिया है. इमरान को जेल में रखने का एक मकसद उन्हें चुनावी दौड़ से दूर रखना भी माना जा रहा था. लेकिन रुझानों के मुताबिक उनकी पार्टी के समर्थित उम्मीदवारों की जीत ने सेना के मंसूबों पर पानी फेर दिया है. ऐसे में कयास लगने लगे हैं कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तानी सेना को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है. पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में 9 फरवरी अब एक महत्वपूर्ण तारीख बन गई है. देश परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है लेकिन चुनाव के नतीजों पर संशय बना हुआ है. पीटीआई समर्थित उम्मीदवार इंटरनेट पर रोक और निर्वाचन क्षेत्रों के लिए स्पष्ट निर्देशों की कमी जैसी चुनौतियों को पार करते हुए रेस में आगे हैं. चुनाव आयोग ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई के चुनाव चिह्न बैट को रद्द कर दिया था, जिसके बाद उनकी पार्टी के उम्मीदवार निर्दलीयों के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं. अब यही निर्दलीय सेना का गेम बिगाड़ सकते हैं.



### इमरान का एआई दांव

कई मामलों में दोषी ठहराए गए इमरान खान जेल के भीतर से ही चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं. पीटीआई की चुनावी टीम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीक का इस्तेमाल कर मतदाताओं तक पहुंच बना रही है. इमरान खान के भाषणों और बयानों को एआई टूल के जरिए प्रचारित किया जा रहा है और उनके भाषणों को वीडियो में तब्दील किया गया ताकि लोग अपने नेता से कट नहीं पाए. इस तरह तकनीक और चुनावी रणनीति से इमरान खान की पार्टी एक तरह से सेना पर भारी पड़ती नजर आ रही है.

## ढाई करोड़ ने गंगा में लगाई डुबकी

मौनी अमावस्या



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर शुक्रवार लगभग ढाई करोड़ लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई.

**पलटवार** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गावां में कई योजनाओं का किया शिलान्यास

# चोर कभी नहीं कहता कि उसने चोरी की है : बाबूलाल

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड पहुंचे. उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो नेता आरोप लगाते फिर रहे हैं कि भाजपा उन्हें परेशान कर रही है. यह झूठ है. चोरी करेंगे, तो जेल जाना ही होगा. कोई भी चोर कभी नहीं कहता कि उसने चोरी की है. यदि हेमंत निर्दोष हैं, तो उन्हें कोर्ट में साक्ष्य के साथ अपनी बात रखना चाहिए.

मरांडी गावां में सड़क व तालाब की कई योजनाओं के शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. कहा कि जेल तो हेमंत के पिता शिबू सोरेन को भी सांसद रिश्वत कांड में जेल जाना पड़ा था. उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसने सरकार बचाने के लिए झामुमो सांसदों को रुपए दिए थे. सीबीआई जांच में मामले के उद्भेदन के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा था. शशिनाथ झा हत्याकांड में भी वे भागते फिर रहे थे. उस समय भी भाजपा की सरकार नहीं थी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. हेमंत के करीबी विनोद सिंह के घर से छात्रों के एडमिट कार्ड, मोबाइल चैट के दस्तावेज आदि बरामद हुए हैं. इससे साफ जाहिर है कि वहां नौकरी के लिए सौदेबाजी हो रही थी. मोबाइल चैट में ट्रांसफर-पोस्टिंग का जिक्र है. मौजूदा सीएम चंपाई सोरेन को चाहिए कि जिस एजेंसी ने 6 लाख बच्चों के साथ भविष्य से खिलवाड़ किया है, उस पर केस दर्ज कराएं.

### इन योजनाओं की रखी आधारशिला



इससे पूर्व मरांडी ने गावां में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली 3 सड़कों, एक तालाब के जीर्णोद्धार सहित कई योजनाओं की आधारशिला रखी. उन्होंने सबसे पहले गावां पुरनकी आहार में तालाब जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया. इसके बाद साढ़ा मोड़ से कुम्हैना, मंझने पंचायत के बंगालीबारा से तिलैया के बीच सड़क निर्माण का शिलान्यास किया. पिहरा में क्षेत्र दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया. जमडार में भी सड़क की आधारशिला रखी. कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के हर गांव को मुख्य पथ से जोड़ा जा रहा है.

### कई लोग भाजपा में हुए शामिल

पिहरा भ्रमण के क्रम में मरांडी माल्डा मंडल भाजपा अध्यक्ष आनन्दी यादव के आवास पर थोड़ी देर के लिए रुके. उनकी उपस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए. भाजपा ज्वाइन करने वालों में पवन गुप्ता, नीतीश कुमार, मथुरा यादव, संदीप कुमार गुप्ता, सुनील मिस्त्री, टुन्नू मिस्त्री, नन्दलाल साव, राजेश गुप्ता आदि शामिल हैं. बाबूलाल ने सभी को अंगवस्त्र देकर पार्टी में स्वागत किया.

गुमला में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

# टांगी से काट कर 3 की हत्या

### एक गंभीर, मृतक व हत्यारोपी एक ही परिवार के

संवाददाता। गुमला

सिसई के सकरोली व पोटरो में जमीन विवाद में शुक्रवार को एक ही परिवार के दो गुटों के बीच हुए हिंसक झड़प के दौरान तीन लोगों को टांगी से काट कर हत्या कर दी गई. मृतकों में नागेश्वर, मुन्ना साहू व पवन साहू के नाम शामिल हैं. तीनों रिश्ते में भाई-भतीजा हैं. तीनों सकरौली गांव के रहने वाले थे, जबकि इस हमले में मृतकों का ही रिश्तेदार विकास साहू गंभीर रूप से घायल हैं. उसे सिसई रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया. यह घटना

सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव व सिसई थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे. घटना की तहकीकात की तथा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया. इसके बाद पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले बाप बेटे सहित तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार लोगों में शिव कुमार साहू, नंनद किशोर व सत्येन्द्र शामिल हैं. पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही. बताया जाता है कि सकरौली व पोटरो के बीच मृतकों की जमीन है. उस पर कुछ पेड़ भी लगे हैं. पेड़ को काटने को लेकर दोनों गुटों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया गया. इधर गांव में तिहरे हत्याकांड के बाद गांव में माहौल तनाव पूर्ण है. आस पास के गांव में दहशत व्याप्त है. गांव में पुलिस कैंप कर रही है. घटना की पुष्टि. करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि मामूली विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है. तीन लोगों की मौके पर ही मौत हुई है, जबकि एक घायल को रिम्स रेफर किया गया है. उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. घटना को अंजाम देने वाले बाप बेटा सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. मृतक और आरोपी एक ही परिवार के हैं. पुलिस घटना की जांच कर रही है.

### 3 हमलावर गिरफ्तार



मौके पर जुटी लोगों की भीड़.

## ब्रीफ खबरें

### जिले में पदस्थापित एसआई का तबादला

**धनबाद।** पुलिस विभाग द्वारा तीन साल से ज्यादा समय से एक ही जिले में जमे दारोगा का तबादला कर दिया गया है. इसके लिए विभाग द्वारा शुक्रवार को अधिसूचना जारी की गई है. जिसमें धनबाद जिले में पदस्थापित दारोगा का तबादला कर दिया गया है. वहीं, विभिन्न जिलों से धनबाद में दारोगाओं का पदस्थापना किया गया है. मालूम हो कि चुनाव आयोग के निर्देश के बाद इतने बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है.

### 3 दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद कैंप शुरू

**सिंदरी।** सेल चासनाला द्वारा सीएसआर के तहत गौशाला स्थित सिंदरी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद कैंप का उद्घाटन सेल इडी अनूप कुमार एंड सीसीएसओ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुक्रवार को किया गया. कैंप का आयोजन रोटरी क्लब सिंदरी के तत्वावधान में हो रहा था. कैंप के पहले दिन 146 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कर आंखों की जांच कराई. इनमें से 102 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाए गए.

### मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**मैथन।** मेढ़ा गांव में डीवीसी के सीएसआर विभाग एवं बीपी नियोगी अस्पताल द्वारा शुक्रवार को नेताजी आई अस्पताल, रामचंद्रपुर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया. शिविर का उद्घाटन बीपी नियोगी, डॉ. संघमित्रा नंदी, मनोज राउत, रवींद्र साहनी, डॉ. कौशलेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर डॉ. नंदी ने बताया कि आंख के बिना संसार अंधकारमय है, बिना आंख के हम लोग कुछ नहीं देख सकते.

### ट्रेन से काटकर अज्ञात युवक की मौत

**तेतुलमारी।** धनबाद-गया रेल मार्ग के ईस्टबसुरिया आमबगान पोल संख्या 275/एफ 23 के समीप अज्ञात ट्रेन कि चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक कि मौके पर मौत हो गई. युवक कि पहचान नहीं हो सकी है, मृतक लाल रंग का टी-शर्ट एवं टाउजर पहने हुए था. घटना में उसका दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया और चेहरा क्षत-विक्षत हो गया था. घटना की सूचना पर आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### मारुति-ट्रक में टक्कर कई लोग घायल

**निरसा।** निरसा हटिया मोड़ के समीप शुक्रवार शाम एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई. निरसा हटिया मोड़ में धनबाद की ओर से आ रही एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर कोलकाता की ओर से आ रही एक मारुति वैन को जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना में एक महिला सहित दो लोग घायल हुए. मौके पर मुखिया पति जोगेंद्र यादव व एएसआई सुबोध सिंह ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया.

### इंस्पेक्टर-थाना प्रभारी विहीन हुआ 5 रेल थाना

**धनबाद।** रेल जिला क्षेत्र के पांचों रेल थाना में प्रभारी व इंस्पेक्टर पिछले एक सप्ताह से नहीं आ रहे हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल थाना में एक सप्ताह से थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह के कक्ष में ताला लटका है. उनका तबादला रांची जिला बल में किया गया है. पुलिसकर्मी बताते हैं कि धनबाद समेत पाथरडीह, डालटनगंज, बरकाकाना व कोडरमा रेल थाना में थाना प्रभारी व इंस्पेक्टर नहीं है.

## कार से मोबिल गिरने की बात कह कर लैपटॉप व एक लाख रुपये उड़ा लिए

# बैंडिल के ठगों का धनबाद में आतंक, पुलिस बन जेवरात उतरवाए और हो गए फरार

रिजवान शम्स। धनबाद

धनबाद के विभिन्न इलाकों में पिछले तीन दिनों में ठगी के दो मामले प्रकाश में आए हैं. दोनों मामलों में ठगी का अंदाज पश्चिम बंगाल के बैंडिल नामक स्थान के गिरोह के जैसा है. आशंका है कि धनबाद में बैंडिल का ठग गिरोह एक बार फिर सक्रिय है, जो लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है. ऐसे में पुलिस को सक्रिय होकर इस गिरोह को दबोचना होगा, वर्ना काफी लोग इस गिरोह का शिकार हो जाएंगे.



ठगी की शिकार महिला शिप्रा सरकार

### पुलिस बनकर महिला से की ठगी

वारदात नंबर 1

धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर में शुक्रवार को भूइफोड़ की महिला शिप्रा सरकार के साथ पुलिस बनकर ठगी कर ली गई है. शिप्रा ने बताया कि वो यूनियन क्लब से पार्क मार्केट जा रही थी. तभी एक व्यक्ति आया और कहा कि पुलिस वाला आपको बुला रहा है. सामने खडे.उस व्यक्ति के पास जाने के बाद महिला से कहा गया कि हर दिन यहां पर छिनतई हो रही है और आप जेवर पहन कर घूम रहे हैं. जेवर को बैग में रख लीजिए, नहीं तो जुर्माना लगाया जाएगा. फिर उक्त महिला के गले का हार और हाथ का कंगन खुलवा लिए गए और एक कागज में रखकर उसे बैग में रख दिया. फिर दोनों बाइक पर सवार होकर निकल गए. शिप्रा को थोड़ा संदेह हुआ तो उसने बैग खोलकर देखा. पाया कि उसके बैग में जो कागज है, उसमें दूसरा कंगन रखा हुआ है, जबकि उनका कंगन और गले का हार टपा दिया गया. इसके बाद शिप्रा ने मामले की शिकायत धनबाद थाने में की. पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है.

### मोबिल गिरने का झांसा दिया

वारदात नंबर 2

ठगी की दूसरी वारदात सरायढेला थाना क्षेत्र में घटी है. जबकि वारदात रांची न्यू एरिया द्वारिका अपार्टमेंट निवासी रंजन झा एसयूवी से जा रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने उन्हें इशारा किया गाड़ी के इंजन से मोबिल गिर रहा है. लेकिन वे नहीं रुके, तभी दूसरे व्यक्ति ने भी इशारे से यही बात कही. जब दो लोगों ने एक ही बात कही तो उन्होंने गाड़ी रोकी और गाड़ी से उतरकर इंजन देखने लगे, जब उन्हें लगा कि कोई दिक्कत नहीं है तो गाड़ी पर बैठे, पाया कि तब तक वाहन की पिछली सीट पर रखा लैपटॉप और बैग दोनों गायब है. बैग में एक लाख रुपये थे. उन्होंने मामले की शिकायत सरायढेला थाने में कर दी. अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया.

### नई-नई तरकीबों से करते हैं ठगी

**धनबाद।** धनबाद में इस तरह की कई वारदातें पूर्व में भी हो चुकी है, कुछ शातिर महिलाओं को मेला व पूजा के समारोह स्थल में पकड़ा गया था, तब खुलासा हुआ था कि बैंडिल से एक गिरोह धनबाद आता है,जो इस तरह की वारदातों को अंजाम देता है. यह गिरोह नोट गिराकर ठगी करना, मैला लगाकर ठगी करना, मोबिल गिरने की बात कहना, वाहन में हवा कम होना, पंक्चर होना या करना, जेवर चमकाने के नाम पर ठगी, जेवर खुलवाकर ठगी, समेत नए-नए तरीके का प्रयोग करता है. वारदात को अंजाम देकर ये लोग एक-एक कर वापस बैंडिल लौट जाते हैं.

### गिरोह की महिलाएं पहनती हैं लाखों के जेवर

**धनबाद।** बैंडिल का यह गिरोह धनबाद स्टेशन या आसपास के होटलों में रुकता है. हैरान करने वाली बात ये है कि गिरोह के लगभग हर सदस्य के पास चार पहिया वाहन होता है. ये लोग स्टेशन के पार्किंग में अपने वाहन लगा देते हैं, जरूरत पड़ने पर प्लेटफार्म में भी रात गुजार देते हैं, कुछ रेलवे स्टेशन के आसपास के होटलों में रुकते हैं. गिरोह में महिलाएं भी होती हैं, जो देखने में संभ्रात परिवार की लगती है, वेशभूषा-पहनावा आदि बेहतर होता है, लाखों रुपये के जेवर पहनती हैं, ताकि इन्हें कोई ठग या चोर न समझ पाए.

## दो सरकारी दुकानों से नकली शराब बेचते हुए दो गिरफ्तार

# असली कीमत पर सरकारी दुकान में नकली शराब



- किडनी और लीवर के साथ-साथ आंखें भी हो जाती हैं खराब
- धनबाद में दो दर्जन से अधिक नकली शराब की मिनी फैक्ट्री
- शहर से लेकर कोलियरी क्षेत्रों और गांवों में बनती है शराब
- सरकारी दुकानों में नकली शराब बेचते दो सेल्समैन के पकड़ाने के बाद मचा है हड़कंप

139 दुकानों की हो रही जांच

राजा गुप्ता। धनबाद

शौकीन सरकारी शराब दुकानों में असली कीमत पर नकली शराब खरीद रहे हैं. यह दावा खुद धनबाद उत्पाद विभाग के अधिकारी कर रहे हैं. गुरुवार को धनबाद के दो सरकारी दुकानों से नकली शराब बेचते दो सेल्समैन पकड़े गए थे. सूत्रों के अनुसार नकली शराब पीनेवालों का किडनी-लीवर तो खराब होता ही है, साथ में आंखों की रोशनी भी कमजोर हो जाती है. नियमित सेवन करनेवाले कई शौकीन गंभीर बीमारी के बाद अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं. फिर भी नकली शराब का कारोबार चरम पर पर है. कोयलांचल में कई अवैध धंधेबाज शराब में जहर घोलने का कारोबार कर रहे हैं. धनबाद में दो दर्जन से अधिक नकली शराब की मिनी फैक्ट्री है. जहां मिथाइल अल्कोहल व स्प्रिट आदि केमिकल से शराब बनती है. सूत्रों के अनुसार शहर से लेकर कोलियरी क्षेत्रों और गांवों में अवैध धंधेबाज देसी-विदेशी शराब बनाते हैं. जिसमें कई धंधेबाज सेटिंग कर सरकारी दुकानों में भी नकली शराब खपा रहे हैं.

### 50 से 60% का होता है फायदा

नकली शराब से सेल्समैन को 50 से 60 फीसदी फायदा होता है. गुरुवार को दुकानों में औचक छापामारी के दौरान दो सेल्समैन भुईफोड़ व मनईटांड़ से पकड़े गए, जो सरकारी दुकानों में नकली शराब बेच रहे थे. दोनों के घर में छापेमारी की गई, तो दोनों ने गोदाम बना रखा था, जहां नकली शराब की कई बोतलें जब्त की गई. उत्पाद विभाग ने दो सेल्समैन अमित कुमार व अनुज यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया. शुक्रवार को सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता के निर्देश पर धनबाद में कई दुकानों में विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब के बोतलों की जांच की गई.

### ट्रेनों से भी भेजी जाती है शराब की खेप

लोगों का कहना है कि सड़क मार्ग के अलावा ट्रेनों से भी शराब की खेप बिहार भेजी जाती है. धनबाद से टुंडी, गिरिडीह, तोपचांची, देवघर, जामताड़ा के रास्ते सड़क मार्ग से विभिन्न मालवाहक, एंबुलेंस, निजी गाड़ियों से शराबी के खेप भेजी जाती है. इसके अलावा धनबाद समेत कई स्टेशनों से गंगा-दामोदर, गंगा-सतलज, मौर्य, पाटलीपुत्र, वनांचल, जयनगर आदि एक्सप्रेस ट्रेनों से भी बिहार भेजी जा रही है.

### 25% कोयलांचल और 75% बिहार में खपाते हैं शराब

जानकारों का कहना है कि धनबाद में जितने भी नकली शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री है, वहां बनने वाली शराब की खेप को बिहार में ही खपायी जाती है. बिहार में शराब बंदी के कारण वहां के शौकीन का डिमांड काफी अधिक है. असली हो या फिर नकली शराब. एमआरपी से दो से चार गुना कीमत पर बिहार में बेचा जाता है. बिहार के धंधेबाज झारखंड की नकली शराब से मालामाल हो रहे हैं. लोगों का कहना है कि वर्दीधारियों की मिलीभगत से माल ढोनेवाली व अन्य गाड़ियों से शराब की खेप भेजी जा रही है. शहर के हीरापुर, तोलीपाड़ा, झरिया, टुंडी, गोविंदपुर, राजगंज, बरवाअड्डा, तोपचांची, भूदा, धैया, निरसा व मैथन आदि क्षेत्रों में नकली शराब की मिनी फैक्ट्री है. जहां पूर्व में छापामारी के दौरान नकली शराब बनाने का कारोबार का भंडाफोड़ हो चुका है.

### विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**तोपचांची।** शुक्रवार को तोपचांची थाना प्रभारी जयराम प्रसाद के तबादले को लेकर ह्यूमन राइट्स मिशन के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया. ह्यूमन राइट्स मिशन के द्वारा थाना प्रभारी जयराम प्रसाद को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ भेंट किया गया. इस दौरान जयराम प्रसाद ने सभी को धन्यवाद दिया. वहीं संस्थान के सदस्य बलराम उपाध्याय ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छी रिलेशन एक अच्छा प्रशासन का उदाहरण है.

### आज होगी नगर निगम के कर्मियों का टीबी जांच

**धनबाद।** नगर निगम में कार्यरत सभी सफाईकर्मियों, सुपरवाइजर एवं कर्मचारियों की शारीरिक जांच शनिवार को गोल्फ ग्राउंड में आयोजित की जाएगी. इस जांच में मुख्यतः टीबी की जांच की जायेगी. नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने सभी कर्मचारियों को गोल्फ ग्राउंड आने का निर्देश दिया है. मालूम हो कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत यक्ष्मा रोगियों को उनके कार्यस्थल पर यक्ष्मा रोग के रोकथाम एवं उपचार हेतु कार्यरत कर्मियों की टीबी स्कीनिंग किया जाना हैं. इस दौरान 200 कर्मियों का स्क्रीनिंग होगा.

### वाटर टैंकरों की गाड़ी से बैट्री हुई चोरी

**सिंदरी।** गौशाला ओपी के बाहर रखे सड़क निर्माण कार्य में कार्यरत मेसर्स दरोगा प्रधान के तीन वाटर टैंकरों में चार बैटरी चोरी हो गई है. मेसर्स दारोगा प्रधान के प्रबंधक अशोक दुबे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वाटर टैंकर गाड़ी के चालक ने गाड़ी को स्टार्ट करने की कोशिश की तो शुरू नहीं हुआ. जांच कर देखा तो पाया कि गाड़ी के दोनों बैट्री गायब हैं. वहीं, इस गाड़ी के साथ खड़े दो अन्य वाटर टैंकरों वाहन में लगे एक-एक बैट्री गायब है. इसकी सूचना प्रबंधक अशोक दुबे को दी गई.

## न्यूज अपडेट

### गांव चलो अभियान जरूरी : अमरनाथ झा

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी मुख्य कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश आईटी सेल प्रभारी अमरनाथ झा ने समग्र विकास के लिए गांव चलो अभियान को जरूरी बताया. सिंदरी विधानसभा में इसकी शुरुआत प्रधानखंता के 245-46 बूथ पर भ्रमण कर किया गया. उन्होंने कहा कि झारखंड में 9 फरवरी से तीन दिवसीय गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई है. इसमें भाजपा कार्यकर्ता संबंधित बूथों पर 24 घंटे के प्रवास के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे.

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू

**तोपचांची।** डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद, बेरोजगार, बेसहारा, विधवा, लाचार, तलाकशुदा माताओं, बहनों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए स्वरोजगार क्रांति योजना संचालित कर रही है. इसके तहत संस्थान के ग्राम पंचायत, कॉर्डिनेटर एवं सुपरवाइजर को 60 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण में झारखंड, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीशगढ़, महाराष्ट्र, के सदस्य के सक्रिय ग्राम पंचायत कॉर्डिनेटर जुड़ेंगे.

### नीरज हत्याकांड:संजीव के आवेदन पर सुनवाई

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड की सुनवाई शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान आरोपी संजीव सिंह की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता मो जावेद ने कहा कि सीएफएसएल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर को गवाही हेतू बुलाना आवश्यक है, चूंकि सीएफएसएल रांची में मामले में जब्त किए गए कारतूस के खोखे, मृतक के कपड़े, घटनास्थल से मिले अन्य सामान, खून, मृतक के कपड़े की जांच वैज्ञानिक विधि से सीएफएल में की गई थी.

### जिप तीन प्रखंडों में बनाएगी स्वास्थ्य उपकेंद्र

**धनबाद।** धनबाद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन नए स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाए जाएंगे. जिला परिषद को केंद्रों के भवन बनाने की जिम्मेदारी मिली है. स्वास्थ्य उपकेंद्र तोपचांची, बाघमारा और निरसा प्रखंडों में बनाए जाएंगे. तीनों भवन पर डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होगी. जिला परिषद ने भवन निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है. इसके लिए जिला परिषद की ओर से अति कल्पकालीन निविदा (शॉर्ट टर्म टेंडर) भी जारी किया गया है.

### विधायक ने स्मारक समिति से की बात

**तेतुलमारी।** तेतुलामारी शक्ति चौक पर स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो की आदम कद प्रतिमा को सड़क निर्माण के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ स्थानांतरित करने को लेकर शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के लोगों द्वारा 8 लाइन सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया है. शुक्रवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की अगुवाई में एट लेन निर्माण कर रही कंपनी अधिकारियों व स्मारक समिति के लोगों के बीच वार्ता हुई.

### हेलमेट नहीं पहनने वालों को दिया गुलाब

**धनबाद।** सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करवाने के लिए जिला परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस अब गांधीगिरि के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है. शुक्रवार को विभिन्न चौक चौराहों पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद सिंह गांधीगिरि दिखाते हुए वैसे दो पहिया वाहन चालक जो बिना हेलमेट के और चार पहिया वाहन चालक जो बिना सीट बेल्ट लगाए थे, उन्हें गुलाब का फूल दिया.

### पूर्व सीएम की गिरफ्तारी पर होगा विरोध-प्रदर्शन

संवाददाता। तोपचांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा, तोपचांची प्रखंड समिति द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के निर्देश पर बिना किसी सबूत के फंसा कर जेल भेजे जाने के विरोध में आगामी 12 फरवरी को तोपचांची प्रखंड मुख्यालय में जुलूस निकाल कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. इस प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड के हटिया मैदान में बैठक आयोजित की गई. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर ईडी ने जिस प्रकार से एक मुख्यमंत्री पद पर बैठे आदिवासी व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा, वह झारखंडी जनता बर्दाश्त नहीं करेगी.

## बिजली विभाग के खिलाफ आजसू ने फूंका का पुतला

संवाददाता। निरसा

कलियासोल प्रखंड में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है. क्षेत्र में व्याप्त बिजली संकट और विभाग की मनमानी के खिलाफ आजसू कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों का पुतला दहन किया. कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने बिजली अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

आंदोलन का नेतृत्व कलियासोल प्रखंड आजसू अध्यक्ष पप्पू मंडल कर रहे थे. संतोष कुशवाहा ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी बहरे और गूंगे हो गए हैं. विभाग में बिना पैसा दिए ग्रामीणों का कोई काम नहीं होता है. चाहे मीटर बदलना हो या नया विद्युत कनेक्शन, बिल सुधार बिना चढ़ावा दिए कोई काम नहीं होता. गांवों में बिजली के पोल व तार जर्जर हो गए हैं. उसे बदलने की चिंता किसी को नहीं है.

नेताओं ने कहा कि कलियासोल प्रखंड के दो ट्रांसफार्मर कई दिनों से जले पड़े हैं. बाजार में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने से बाजार की करीब 200 दुकानों में अंधेरा है. अगर 24 घंटे में दोनों ट्रांसफार्मरों को नहीं बदला गया, तो आजसू पार्टी आंदोलन करेगी. पुतला दहन कार्यक्रम में राजीव मंडल, पप्पू मंडल, विवेक मंडल, जितेन मंडल, संजय रवानी, गोपी रवानी, महावीर रवानी, पलटन कुंभकार, संतोष कुंभकर आदि शामिल थे.

### भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल भाजपा ने शुक्रवार को गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई. पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह की अगुवाई में देवी दुर्गा मंदिर मंदिर में सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए एवं सभी को गीत देकर गांव भेजा गया. सभी कार्यकर्ता गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे और भाजपा की नीतियों एवं उपलब्धियों को ग्रामीण तक पहुंचाएंगे. कार्यक्रम में अमर मंडल, अशोक गिरि, सीमांत मंडल, संतराम सिंह चौधरी, तारक कुंभकार, संगीत भट्टाचार्य, निर्मल कुमार, धनीराम महतो, प्रभात ओझा, सुरेश रविदास, अरुण दसौंधी, अवधेश कुमार, रंजीत कुमार, अनिल विश्वकर्मा, अंशु सिंह, हरगोविंद, सतीश सिंह, प्रशांत मंडल, अनिल, पप्पू मंडल आदि शामिल थे.

## बीबीएमकेयू में सरस्वती पूजा को लेकर बवाल

# एनएसयूआई-एबीवीपी के बीच मारपीट, कई घायल

- मारपीट में दो युवकों का सिर फट गया है

संवाददाता। धनबाद

विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में शनिवार को सरस्वती पूजा चंदा को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई. इस विवाद में कई युवक जख्मी हो गए हैं. विवाद को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत की है. बताया जा रहा है कि कॉलेज परिसर में सरस्वती पूजा कराने को लेकर तैयारी चल रही थी. इसी दौरान एक गुट के युवक चंदा कर रहे थे, जो हर क्लास में जाकर चंदा की रकम ले रहे थे. तभी फिजिक्स की क्लास में तू-तू, मैं-मैं और धक्का-मुक्की हो गई. प्रबंधन की तरफ से मामले को सुलझा लिया गया. बाद में एक गुट यूनिवर्सिटी के बाहर खड़ा हो गया और दूसरे पक्ष का इंतजार करने लगा. बाहर जाते ही दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई. दो युवकों का सिर फट गया और कई अन्य को भी चोटें लगी. देर शाम मामले की शिकायत बरवाअड्डे थाने में की गई है. विवाद में एक गुट एनएसयूआई और दूसरा गुट एबीवीपी का है. इस कारण प्रबंधन ने फिलहाल त्वरित रूप से एक्शन लेते हुए कॉलेज परिसर में पूजा करने पर मनाही लगा दी है.

### 24 पहर अष्टजाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**निरसा।** मुगमा रीजनल वर्कशॉप में 24 पहर अष्टजाम के पूर्णाहुति उपरांत महाप्रसाद ग्रहण करने शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मंदिर में भगवान रामजी के दरबार में प्रभु से निरसा में सभी शांति और समृद्धि से रहें इसकी प्रार्थना की.

न्यायालय, सिविल जज सीनियर डिवीजन नवम, धनबाद

**कोर्ट नोटिस**

ऑरिजनल सुट नं0-38/2023

भोलानाथ महतो एवं अन्य ..... वादीगण

बनाम्

स्टेट ऑफ झारखंड एवं अन्य....

प्रतिवादीगण

1. स्टेट ऑफ झारखंड प्रतिनिधि मुख्य सलाहकार, पो एवं थाना एवं जिला- रांची
2. उपायुक्त, धनबाद, पो. एवं थाना-धनबाद, जिला-धनबाद
3. अपर समाहर्त्ता धनबाद, पो एवं थाना-धनबाद, जिला -धनबाद
4. अनुमंडल पदाधिकारी, बाघमारा, पो एवं थाना - बाघमारा, जिला -धनबाद।

बजरिये नोटिस आपलोगों को सूचित किया जाता है कि ओरिजनल सूट में वादीगण ने आपलोगों के विरुद्ध यह वाद दाखिल किया है, जिसमें आप लोगों को रजिस्ट्री नोटिस तथा नजारत से नोटिस भेजे जाने के बावजूद आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 19.02.24 को समय 11.00 AM बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा उपयुक्त मुकदमे में आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी। इसे ताकिद जाने।

आज दिनांक 27-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाए।

ह0 / सिविल जज सीनियर डिवीजन नवम, धनबाद

## आयोजन

## डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को आवेदनों की जांच कर निष्पादन का आदेश दिया

# छात्रवृत्ति व मुआवजा का शीघ्र करें भुगतान : उपायुक्त

संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त वरुण रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया. इस अवसर पर उन्होंने कल्याण विभाग को छात्रवृत्ति का भुगतान शीघ्र करने और हर महीने छात्रों के डाटा को विभाग से अप्रूव कराने का निर्देश दिया. साथ ही भू अर्जन शाखा को भी अधिग्रहित भूमि का शीघ्र भुगतान करने का निर्देश दिया. दरअसल, जनता दरबार में टुंडी से आए एक छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल रही है. जबकि सारे कागजात, बैंक अकाउंट,



आधार कार्ड इत्यादि सत्यापित है. वहीं, तोपचांची से आए एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि गोमो फ्लाइओवर परियोजना में उनकी अधिग्रहित जमीन के मुआवजा का भुगतान अब तक नहीं मिला है. इस पर उपायुक्त ने कल्याण शाखा एवं भू-अर्जन शाखा को मामले की जांच कर त्वरित भुगतान करने का निर्देश दिया. वहीं, धनसार कुम्हारपट्टी की एक वृद्ध महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनका पुत्र और पुत्रवधू उनकी संपत्ति पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं और उनकी देखभाल भी नहीं करते हैं. मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त में अनुमंडल कार्यालय को सीनियर सिटीजन मेंटेनेंस एक्ट में पुत्र को नोटिस भेजने का निर्देश दिया.

जनता दरबार में सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, जालसाजी कर जमीन दिलाने के नाम पर राशि की ठगी करने, पूर्वजों की जमीन पर भू-माफिया द्वारा कब्जा कर मार्केट का निर्माण करने, विधवा पेंशन का लाभ दिलाने सहित अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को मामले की जांच कर आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया.

जनता दरबार में उपायुक्त वरुण रंजन के साथ डीडीएमए से संजय कुमार झा, रूपेश कुमार मिश्रा, अनुमंडल कार्यालय से सुमित मंडल, भू-अर्जन से लक्ष्मीकांत साव, जन शिकायत कोषांग से नंदकिशोर कुशवाहा, डीडीसी कार्यालय से सुशांत कुमार, कल्याण शाखा से शैलेश कुमार मौजूद थे.

# आदिवासियों द्वारा प्रस्तावित आंदोलन को किया स्थगित

संवाददाता। मैथन

पीएचईडी विभाग और जिला प्रशासन से जल्द एनओसी प्राप्त कर मैथन के पोड़ाडीह, टूनाघुटु एवं बरमूड़ी गांव में पाइप लाइन से पानी मुहैया करा दिया जायेगा. ईसीएल मुगमा एरिया जीएम आनंद के इस आश्वासन पर 19 फरवरी को जीएम कार्यालय के समक्ष आदिवासियों का प्रस्तावित 'जल दो या हमारी जान लो' आंदोलन स्थगित कर दिया गया है. यह जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधांशु शेखर झा ने दी.

कहा कि जीएम ने शुक्रवार को वार्ता को ले अपने कार्यालय में बुलाया था. वार्ता में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रति मोहन शर्मा, दिलीप राय और चिरंजीव दास शामिल थे. आंदोलन की सूचना मिलते ही ईसीएल मुगमा एरिया प्रबंधन ने सीएसआर फंड से बराकर नदी से पाइप लाइन द्वारा पानी मुहैया कराने के लिये 68 लाख रूपये की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी. जिससे ग्रामीणों में खुशी देखी गयी. लेकिन दुर्भाग्य है कि अब तक पीएचईडी विभाग एवं जिला प्रशासन से एनओसी भी नहीं लिया गया है. वार्ता में ग्रामीणों की ओर से लखी राम टुडु, विजय हेम्ब्रम, नारायण मरांडी, लखींदर हांसदा, संजय मरांडी, अमर टुडु, सुखदेव टुडु, गुलु टुडु, नागेश मरांडी, अजय बास्की, बिरजू मरांडी, विशाल टुडु, सुफल हांसदा आदि थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


पेज 10

www.lagatar.in | शनिवार, 10 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 293 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# ईडी ने चिह्नित किए कई ऐसे भूखंड जिन पर हुआ बलपूर्वक कब्जा

## बैक डेट से डीड बना कर होता था जमीन की नेचर बदलने का धंधा

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

ईडी की अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप ने बड़गाईं अंचल में रहते हुए कई भूखंडों के ऑफलाइन दस्तावेज (सरकारी कागज) में छेड़छाड़ की है. इतना ही नहीं ईडी की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए और भूमि का नेचर बदलने के लिए भानु प्रताप ने पुराने डीड (रजिस्ट्री के दस्तावेज) बनवाए. भानु प्रताप के मोबाइल फोन में उस भूखंड के रिकॉर्ड भी मिले हैं, जिसपर कब्जा करने का आरोप पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगा है. वहीं ईडी का यह भी दावा है कि जमीन के ऑनलाइन और ऑफलाइन पेपर में हेरफेर कर भानु ने कई लोगों को लाभ पहुंचाया है. वहीं ऐसे कई भूखंड एजेंसी ने चिन्हित किए हैं, जिन्हें बलपूर्वक कब्जा किया गया है और कुछ खास लोगों के नाम पर उसके दस्तावेज तैयार किए गए हैं. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है. पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं.


फाइल फोटो.

### विनोद सिंह से ईडी ने की पूछताछ



उधर, सत्ता शीर्ष के करीबी विनोद सिंह शुक्रवार को ईडी ऑफिस पहुंचे. जिसके बाद ईडी के अधिकारियों ने विनोद सिंह से लंबी पूछताछ की. पावर ब्रोकर विनोद सिंह का वाट्सएप्प चैट इन दिनों चर्चा में हैं. 7 फरवरी को आईएएस शशि रंजन समेत तीन अफसरों की पोस्टिंग के लिए भेजे गये मैसेज का चैट वायरल हुआ था. इस बीच एक सूत्र ने दावा किया है कि विनोद सिंह कई दूसरे ब्यूरोक्रेट्स की पोस्टिंग को लेकर भी सक्रिय रहा था. इनमें कई आईएएस व आईपीएस शामिल हैं. ईडी ने कोर्ट में जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें दावा किया है कि विनोद सिंह अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में शामिल था. जांच इस बात की हो रही है कि उसके चैट में जिन अफसरों के नाम हैं, उनकी पोस्टिंग हुई या नहीं. सूत्रों ने बताया है कि जांच के दौरान ईडी को विनोद सिंह के मोबाईल में कई ऑडियो-वीडियो मिले हैं. जिसकी पड़ताल की जा रही है. यह जांचा जा रहा है कि ऑडियो वीडियो का संबंध किन-किन अफसरों या दूसरे लोगों से है. माना जा रहा है कि इसी के आधार पर ईडी की आगे की कार्रवाई शुरू होगी.

### भानु प्रताप से 4 दिन और पूछताछ करेगी ईडी

बता दें कि बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप से ईडी अगले चार दिनों तक पूछताछ जारी रखेगी. कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है. चार दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद शुक्रवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया. शुक्रवार को उसकी पेशी के दौरान ईडी ने एक बार फिर भानु से पूछताछ के लिए रिमांड को 7 दिनों की विस्तार दिए जाने का आग्रह कोर्ट से किया. जिसका भानु के अधिवक्ता ने विरोध किया. ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को भानू प्रताप प्रसाद से चार दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दे दी है. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है. पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं.

### पूर्व सीएम के पूर्व प्रेस सलाहकार पिंटू से भी पूछताछ

इस बीच, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू भी शुक्रवार को ईडी ऑफिस पहुंचे. देर शाम तक पिंटू से पूछताछ की जा रही थी. अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने ईडी को पत्र लिखा था, पत्र में उन्होंने लिखा था, कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब है, इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें 22 जनवरी के बाद का समय दिया जाए. इससे पहले ईडी ने बीती छह जनवरी को अभिषेक प्रसाद को समन भेज कर 16 जनवरी को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था. हालांकि वो ईडी ऑफिस नहीं जा पाए थे. उनसे 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में पूछताछ की जानी थी. गौरतलब है कि ईडी ने बीते तीन जनवरी को कुल 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी.

---

**हादसों का दिन : जमशेदपुर में अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत**

# सबकी मौत ऊंचाई से गिर कर ही हुई

संवाददाता। जमशेदपुर

- सभी मजदूर चौथे तल्ले में सेफ्टी बेल्ट लगा कर काम कर रहे थे
- इसी बीच सेफ्टी बेल्ट खुलने से गणेश पड़ोसी की छत पर जा गिरा
- लेकर आनन-फानन में भागे अस्पताल, लेकिन हो गयी मौत

स्टील सिटी जमशेदपुर के लिए शुक्रवार का दिन हादसों वाला रहा. अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी. ये सभी मौतें ऊंचाई से गिरने की वजह से हुई. पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है.

**चौथे तल्ले से गिर कर मजदूर की मौत :** परसुडीह थाना अंतर्गत सोपोडेरा निवासी कमल साहू के घर पर काम कर रहा मजदूर गणेश चौथे तल्ले से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद सहकर्मियों ने उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए तत्काल टीएमएच पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. गणेश मूल रूप से धालभूमगढ़ का रहने वाला था. वह पेंटिंग का काम करता था. सहकर्मी रमेश कर्मकार ने बताया कि वह गणेश और उमेश के साथ कमल साहू के घर पर पेंटिंग का काम कर रहे थे. सभी चौथे तल्ले में सेफ्टी बेल्ट लगा कर काम कर रहे थे. इसी बीच सेफ्टी बेल्ट खुलने से गणेश पड़ोसी की छत पर जा गिरा. आनन-फानन में उसे लेकर टीएमएच पहुंचे पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया.



गणेश

मृतक गणेश का फाइल फोटो- दुर्घटना को भला कौन टाल सकता है

### होटल के चौथे तल्ले से छलांग लगाकर कर्मी ने की आत्महत्या

जुगसलाई थाना अंतर्गत स्टेशन रोड के पास उस समय हड़कंप मच गया जब स्टेशन रोड स्थित होटल स्काई लार्क के चौथे तल्ले से एक कर्मचारी ने छलांग लगा दी. नीचे गिरते ही कर्मचारी कार्तिक कुमार की मृत्यु हो गई. जानकारी मिलते ही जुगसलाई पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई. जादूगोड़ा निवासी कार्तिक पात्रों स्टेशन रोड स्थित होटल स्काई लार्क में कार्य करता था. शुक्रवार को सभी कर्मचारी जब अपने अपने काम मे व्यस्त थे तभी मौका पाकर कार्तिक होटल के चौथे तल्ले पर गया और वहां से छलांग लगा दी. जानकारी देते हुए होटल के मैनेजर नरेंद्र नाथ दास ने बताया कि सुबह से ही मृतक कार्तिक पात्रों बहुत ज्यादा बेचैन लग रहा था. इस संबंध में परिवार वालों को उनके द्वारा सूचना भी दी गई उसके बाद सभी अपने-अपने काम में लग गए तभी अचानक गिरने की आवाज आई जब जाकर देखा तो कार्तिक पत्रों ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली.

### जेएआरआईटी मोड़ के पास जेमटी में काम कर रहा युवक गिरा, मौत

सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत आरआईटी मोड़ स्थित जेएमटी कंपनी में काम करने के दौरान 26 वर्षीय अख्तर अंसारी 30 फीट की ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया. घटना के बाद साथ काम कर रहे मजदूरों ने उसे तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया. वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अख्तर कपाली के गौस नगर का रहने वाला था. सूचना पाकर परिजन भी टीएमएच पहुंचे. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. अख्तर के परिचित मो चांद ने बताया कि वे लोग एक साथ जेएमटी कंपनी में फीटर का काम कर रहे थे. रमजान नामक युवक ने ठेका ले रखा है. अख्तर लगभग 30 फीट की ऊंचाई पर काम कर रहा था. इसी दौरान उसने एक एस्बेस्टस में पैर रखा. पैर रखते ही वह नीचे जमीन पर गिरकर घायल हो गया. उसे टीएमएच लेकर पहुंचे पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.



---

## आईआईटी-आईएसएम में सम्मेलन शुरू देश और विदेश से जुटे कई कैंडिडेट्स

**सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज थीम पर आधारित**



संवाददाता। धनबाद

नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईटी-आइएसएम धनबाद में शुक्रवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया है. जिसमें देश-विदेश के 91 कैंडिडेट्स भाग लेने पहुंचे. आईआईटी-आइएसएम के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जीआईएएन (गुजरात ग्रासरूट्स इनोवेशन ऑग्मेंटेशन नेटवर्क) अहमदाबाद की सीईओ डॉ. अनामिका डे और संस्थान के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एन्ड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विभाष चंद्र समेत दर्जनों लोग सेमिनार में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए. सम्मेलन का थीम सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज पर आधारित है. वैसे इस सम्मेलन में अन्य कई थीम है, जिसमें मुख्य रूप से इनोवेशन मैनेजमेंट स्ट्रेटजी, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, ग्लोबल इकोनामिक ट्रेंड्स, सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योर एन्ड इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी सप्लाई चैन एन्ड ऑपरेशन मैनेजमेंट, सस्टेनेबल मार्केटिंग है.

इसके साथ ही इसमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स इन फाइनेंशियल मैनेजमेंट थीम भी शामिल है. इंटरनेशनल कांफ्रेंस में किनोट स्पीकर्स के रूप में कई प्रोफेसर ने भाग लिए. जिनमें मुख्य रूप से आईएम कोजीकोट के प्रोफेसर रूपेश कुमार पति, आईएम कोजीकोट के ही प्रोफेसर एसएसएस कुमार, आयरलैंड स्थित ट्रिनिटी बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर बैद्यनाथ विश्वास, डॉ सतीश सिन्हा एसोसिएट्स वाइस प्रेसिडेंट सस्टेनेबिलिटी ग्रुप अदानी एंटरप्राइज नेचुरल रिसोर्स अहमदाबाद, प्रोफेसर दयाल सरकार स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए शामिल हुए.

---

### कांग्रेस नेता से प्रिंस खान ने मांगे 10 लाख

**धनबाद।** कांग्रेस नेता मनोज सिंह से प्रिंस खान ने 10 लाख की रंगदारी मांगी है. वाट्सअप पर मैसेज कर उनसे 10 लाख देने की बात कही है, नहीं देने पर खोपड़ी खोलने की धमकी दी है. कई दिनों पूर्व भेजे मैसेज को लेकर मनोज ने कहा कि वे कांग्रेस के सिपाही हैं, जो धमकी से नहीं डरने वाले हैं. जनता की आवाज उठाने वाले हैं और उन्हें कोई धमका नहीं सकता. उन्होंने प्रिंस खान के मैसेज का जवाब भी दिया है. कहा कि सरकार हम लोगों की है और हमें ही धमकी मिल रही तो फिर आम लोगों का क्या होगा. अब अपराधियों पर अंकुश लगाने का काम पुलिस को करना होगा.

## उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में लग रही घटिया सामग्री

**तोपचांची की तांतरी पंचायत में बन रहा अस्पताल, कोई देखने वाला नहीं**

**ठेकेदार जल्द पूरा करेगा काम**

संवाददाता। तोपचांची

सरकारी नियमों को ताख पर रख कर किस तरह कार्य को किया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण तोपचांची प्रखंड में विकास योजनाओं में देखने को मिलेगा. तोपचांची प्रखंड के तांतरी पंचायत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र के जर्जर भवन का पुनः निर्माण किया जा रहा. ताकि ग्रामीणों को अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था मिल पाए. लेकिन विडंबना की बात यह है ठेकेदार द्वारा सरकारी नियमों को ताख पर रख कर उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है. उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण लगभग 55 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है. उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में पुराने ईंट तथा घटिया किस्म के सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है. पुराने ईंट और घटिया सीमेंट के इस्तेमाल से अब यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर अस्पताल का बुनियाद ही घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा हो तो अस्पताल का दो मंजिला भवन का हालात कैसे होगी. इधर घटना के संबंध में विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी ने बताया कि अगर अस्पताल के निर्माण में लापरवाही बढ़ती जा रही हो तो उन पर कानून संबंध करवाई किया जाना चाहिए. गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा.

आपको बताते चलें उप स्वास्थ्य केन्द्र के चारों और हजारों की आबादी है और इन हजारों के आबादियों को सही स्वास्थ्य व्यवस्था मिल पाए इसे लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण के शुरुआती दिन से ही अस्पताल के बुनियाद में लापरवाही नमक दीमक लगना शुरू हो गया है ऐसे में अंदाजा यह भी लगाया जाता है की अगर लापरवाही पर अभी रोक नहीं लगी तो अस्पताल का निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा और सरकारी राशि का पूरी तरीके से दुरूपयोग हो जाएगा. इस संबंध में ग्रामीण ने अपना नाम और पहचान छुपाने के शर्त पर बताया कि अस्पताल के निर्माण में घोर लापरवाही बढ़ती जा रही है जो अत्यंत चिंता का विषय है.

### पुलिस बस की चपेट में आकर छात्रा की मौत

**देवघर।** जिले में शुक्रवार को पुलिस विभाग की बस की चपेट में आकर दोपहिया वाहन पर सवार नौवीं कक्षा की एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि इस पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस के मुताबिक, यह हादसा सुबह करीब आठ बजे टाउन थाना क्षेत्र में डीएवी स्कूल के पास हुआ. देवघर के उपायुक्त (डीसी) विशाल सागर ने कहा कि जब एक व्यक्ति अपने दोपहिया वाहन पर तीन विद्यार्थियों को स्कूल ले जा रहा था तभी यह दुर्घटना हुई. उपायुक्त ने कहा, दोपहिया वाहन को पीछे से एक बस ने टक्कर मार दी. बस जेएपी की बतायी गयी है.

## गुमला: हाइवा की चपेट में आने से युवक-युवती की मौत

- मृतक राखी अभाविप की थी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

संवाददाता। गुमला

गुमला रांची हाइवे में सिलाफारी पतिया मोड़ के समीप सड़क निर्माण का काम कर रहा आरकेडी कंपनी के हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार बिरकेरा निवासी रोहित गोप और रेडवा निवासी राखी कुमारी की मौत हो गई. राखी कुमारी बीएन जालान कालेज सिसई में एनसीसी अंडर आफिसर थी और विद्यार्थी परिषद में प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य थीं. जानकारी के अनुसार बिरकेरा निवासी युवक रोहित गोप के साथ अपाची बाइक से सिसई जा रहे थे. हुंडराटोली के सीमप हाइवा ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. इस दुर्घटना में राखी कुमारी के सिर में गंभीर चोट लगी, जबकि रोहित का एक पैर कुचल गया था. एंबुलेंस से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया. रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में राखी की मौत हो गई, जबकि रिम्स में इलाज के दौरान युवक रोहित गोप की मौत हो गई.

---

**बचाव जरूरी** | सरकारी उपेक्षा से पुराने पेड़ हो रहे धीरे-धीरे बर्बाद, स्थानीय लोग चिंतित

# बहरागोड़ा में प्रतिवर्ष घट रहा है काजू का उत्पादन

संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा वन क्षेत्र में काजू के उत्पादन में राज्य में अव्वल स्थान रखता है. इस वन क्षेत्र में लगभग 1200 हेक्टेयर वन भूमि पर काजू के वृक्ष लगे हुए हैं. प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए के काजू का उत्पादन होता है. इन दिनों काजू के वृक्ष फूलों से लदने लगे हैं. मार्च और अप्रैल तक काजू के पेड़ फलों से लग जाएंगे और काजू बीज का संग्रह शुरू होगा. काजू बीज का संग्रह वन सुरक्षा समितियों द्वारा किया जाता है. ज्ञात हो कि काजू जंगलों की सुरक्षा नहीं हो रही है. काजू के पुराने पेड़ धीरे-धीरे बर्बाद हो रहे हैं. कभी असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा देने से काजू जंगलों को भारी नुकसान होता है. काजू के उत्पादन के लिए मशहूर चाकुलिया व बरसोल वन क्षेत्र में फूलों और फलों के मौसम में काजू जंगलों को बचाना वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है. क्योंकि गर्मी की दस्तक से ही काजू जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है.


फाइल फोटो.

### आग से होता है भारी नुकसान

फूलों तथा फलों से लदे काजू के पेड़ झुलस जाते हैं. अभी गर्मी ने दस्तक नहीं दी है. मगर काजू जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है. संसाधनों के अभाव में तथा जंगलों में फायर लाइन का निर्माण नहीं होने के कारण वन विभाग जंगल में लगी आग को काबू पाने में असफल हो जाता है. आग से फूलों से लदे काजू के वृक्ष झुलस जाते हैं. विदित हो कि काजू के जंगल में पत्तों और झाड़ियों की भरमार है. गर्मी में पत्ते और झाड़ियां सूख जाती हैं. ऐसे में अगर जंगल में आग लगती है तो यह आग बहुत ही तेजी से फैलती है और पूरे जंगल को अपनी आगोश में ले लेती है. इस आग से जंगल के छोटे-मोटे वन्य प्राणी तो मर ही जाते हैं फूलों तथा फलों से लदे काजू के वृक्ष भी जल जाते हैं और झुलस जाते हैं.

### सरकार के पास कोई योजना नहीं

बता दें कि जिन काजू जंगलों में आग लगती है, उन जंगलों के काजू वृक्षों से काजू का उत्पादन नहीं होता है. चूंकि वृक्ष बहुत बड़े नहीं होते हैं. इसलिए जंगल की आग इन्हें सहज ही अपनी चपेट में ले लेती है. काजू वृक्षों के रखरखाव पर वन विभाग और सरकार की कोई योजना भी नहीं है. वनों की सुरक्षा का जिम्मा वन सुरक्षा समितियों को दिया गया है. वन क्षेत्र में हर साल आग से काजू वनों को भारी नुकसान होता है. अब गर्मी दस्तक देने वाली है और ऐसे में काजू वनों समेत अन्य वनों की सुरक्षा वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है.



प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कांग्रेस नेता सुरजीत नागवाला को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया

# मजदूरों के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ता रहूंगा: सुरजीत

संवाददाता। हजारीबाग




हजारीबाग कांग्रेस झारखंड शाखा के द्वारा हजारीबाग के तेजतर्रार कांग्रेस नेता सह समाजसेवी सुरजीत नागवाला को प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है.

इस अवसर पर सुरजीत नागवाला ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय राकेश्वर पांडे और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीव रेड्डी ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ मुझे इस पद पर मनोनीत किया है उसमें पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का काम करूंगा और मजदूरों की हित की लड़ाई में सड़क से लेकर सदन तक लड़ता रहूंगा. हजारीबाग पूरा क्षेत्र में भी कोयला कंपनी मजदूर रैयत और विस्थापितों के साथ अन्याय कर रही है उनका दोहन और शोषण करने में लिप्त है, जिस पर एक बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी और मजदूरी के हितों में न्याय दिलाने का काम किया जाएगा.

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे ने कहा कि पूरे हजारीबाग जिला और कोयलांचल क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियां मजदूरों का दोहन कर रही है शोषण कर रही है, जिसके खिलाफ एक बड़ी लड़ाई का आगाज आज से किया जा रहा है. राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव महेंद्र मिश्रा संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, वरिष्ठ नेता जय शंकर पाठक विजय यादव, भीम कुमार, जिला अध्यक्ष मिथलेश दुबे, अशोक देव, रघु जायसवाल, दीपक गुप्ता, यमुना यादव, बीसी मिश्रा, केडी सिंह, ललितेश्वर चौधरी, रवि शर्मा, निशार खान, गुड्डू सिंह, अवधेश सिंह, परमेश्वर कुमार, रविन्द्र पांडे, अर्जुन राम, सुरेश साव, बबलू कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, ज्ञानी मेहता, दिगंबर मेहता, शारदा रंजन दुबे, मनोज मोदी, राज किशोर सिंह, गोवर्धन गंजू, सरजू यादव राजू यादव, उदय साव, बेबी देवी, असगरी अंजुम, विनोद कुशवाहा, साजिद अली खान, मंसूर आलम, सन्तोष गुप्ता सहित तमाम नेता और कोयलांचल क्षेत्र में खुशी का माहौल है.

**बोले अध्यक्ष**

- पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का काम करूंगा
- कोयला कंपनी विस्थापितों के साथ अन्याय कर रही है

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### पीरियड एक सामान्य प्रक्रिया है : डॉ निधि बजाज

**रामगढ़ ।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में छात्राओं के लिए शुक्रवार को मेंस्ट्रुअल हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसका उद्घाटन मुख्य वक्ता प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ निधि बजाज, करुणा राजगढ़िया व अन्य अतिथियों ने किया. विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने इस मुद्दे की गंभीरता से अवगत कराते हुए कहा कि अपनी बेटियों के स्वस्थ जीवन के लिए सबसे पहले माता-पिता दोनों को झिझक छोड़नी होगी. पीरियड्स पर बच्चियों से खुलकर बात करने की जरूरत है. मुख्य वक्ता डॉ निधि बजाज ने कहा कि पीरियड एक सामान्य प्रक्रिया है, इसे प्रॉब्लम न समझें. पहले के जमाने में संसाधनों के अभाव में महिलाओं को काफी कठिनाई होती थी. लेकिन अब वक्त बदल रहा है. लोग भ्रांतियों से भी मुक्त हो रहे हैं.

### पुलिस ने 32 ग्राम ब्राउन शुगर किया बरामद

**हजारीबाग।** पेलावल थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में पांच पेडलर को गिरफ्तार कर लिया. सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पेलावल थाना क्षेत्र के रोमी गांव से की गई. आरोपियों के पास से 32 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया, जो एक एक ग्राम का पुड़िया में बना था. इसके अलावा कोरेक्स की कई शीशी बरामद की गई. जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उसमें आमिर राजा, मो मोहसिन, कमरे आलम, तनवीर खान और कुर्बान खान के नाम शामिल हैं. इसमें पेलावल थाना प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका थी. शहर के कोर्रा थाना पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल से मिली सूचना के आलोक में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया था. तीनों पर बरकठ्ठा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे. पकड़े गए लोगों से जब पूछताछ की गई तो उसमें दो लोग साइबर अपराधी निकले, जबकि पकड़ा गया एक व्यक्ति सरकारी स्कूल का शिक्षक निकला. जो उनलोगों के साथ गाड़ी सर्विसिंग कराने के लिए आया था. इस दौरान तीनों को हिरासत में ले लिया गया.

### विवेकानंद में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**टाटीझरिया ।** विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर के दसवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया. विदाई समारोह का कार्यक्रम विद्यालय के ही नवम वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया. इस मौके पर प्रधानाध्यापक बबलू प्रजापति ने अपने संबोधन में बच्चों को कहा कि आपने विद्यालय में जो सीखा है, उसका उपयोग अपने दैनिक जीवन में गंभीरतापूर्वक करें. आपने शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों को समझा-परखा उसका अभ्यास करते रहें. आप सब अब आगे की पढ़ाई के लिए विद्यालय से विदा हो रहें हैं. आप भविष्य में भी इस विद्यालय की भूमिका को सदैव याद रखिएगा. इस मौके पर विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया. विद्यालय में कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रकाश कुमार यादव, देवनारायण कुमार सिंह, मिथिलेश प्रसाद, राजू माली, मुकेश कुमार वर्मा, रवि शंकर सोनी, सविता, सरिता, शिखा, कंचन कुमारी माही समेत अन्य की भूमिका रही.

### बद्री महतो व भगिया देवी की मनी 25वीं पुण्यतिथि

**इचाक ।** ईचाक प्रखंड के दरिया गांव के स्वतंत्रता सेनानी सोना महतो के पुत्र बद्री महतो व उनकी धर्मपत्नी भगिया देवी की 25वीं पुण्यतिथि दरिया स्थित पैतृक आवास में संपन्न हुई. इस अवसर पर बरकठ्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने दोनों के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया. गौतम कुमार ने कहा कि बद्री महतो के चार पुत्र बैजनाथ प्रसाद मेहता, बीरबल प्रसाद मेहता, लखन मेहता व मनोज कुमार हैं. जो कि अपने माध्यम से हमेशा समाज मे अपनी सेवा दे रहे हैं. लखन मेहता शरीर से अक्षम होने के बाद भी आईटीआई कॉलेज के माध्यम से हज़ारों बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहें हैं जो कि क्षेत्र के लिए गर्व की बात है. आज वे मेडिकल क्षेत्र में भी कदम रखे हैं. जिससे हज़ारो बच्चे डॉ बनकर निकलेंगे. आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के दौरान, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता मौजूद थे.

### विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास

**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम परबता में विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया. अमित ने विधायक मद से स्वीकृत विष्णु मंदिर से छठ घाट तक लगभग साठ लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. साथ ही बरकट्ठा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में उन्नयन के लिए विविध कार्य का शिलान्यास किया. कार्यक्रम स्थल विधायक का ग्रामीणों एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. इस दौरान विधायक अमित ने पूजा-अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया. ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व विद्यालय की चाहरदीवारी गिर गयी थी. जिसकी सूचना विधायक को दिया गया था. जिसके उपरांत विधायक ने विद्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया. शिलान्यास के दौरान अमित ने कहा कि विद्यालय से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास करूंगा. ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय में कोई परेशानी ना हो और बच्चे अच्छे वातावरण में मन-लगाकर पढ़ाई कर सकें.

## ब्रीफ खबरें

### ग्रामसभा में ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिला प्रशासन ने बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को ग्रामसभा का आयोजन किया. प्रशासन ने यह आयोजन डाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के लिए, जिसे कोयला मंत्रालय द्वारा गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए खदान आवंटित किया गया है. इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी मे सेंटर फॉर एडवांसिंग एंड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज (क्रेडल) के सलाहकार भी मौजूद थे. हालांकि इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना विरोध जताया. महिलाओं समेत ग्रामीण हाथों में बैनर पोस्टर लेकर मौजूद थे और नारे भी लगाए. विरोध के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से लिखित रूप में अपनी मांगों और विरोध को दर्ज करने का अनुरोध किया.

### डीडीसी की अध्यक्षता में हुई गंगा समिति की बैठक

**रामगढ़ ।** रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक हुई. बैठक के दौरान डीडीसी ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली. मौके पर जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत फरवरी माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई. डीडीसी ने समिति के सदस्यों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय कर विद्यालय स्तर पर जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्देश दिया.

### रेलवे ट्रैक पास मिला दिहाड़ी मजदूर का शव

**रामगढ़ ।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र देवरिया गांव में रेलवे लाइन के निकट शुक्रवार की सुबह शव पाया गया. मृतक की पहचान देवरिया निवासी आनंद महली पिता भुवनेश्वर महली के रूप में हुई है. घटना की सूचना पर पहुंची भदानीनगर पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. मिली जानकारी के अनुसार मृतक आनंद पेशे से दिहाड़ी मजदूर था. घर में अपनी पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र के साथ रहता था. जबकि उसकी बहन के घर पिता रहते हैं और छोटा भाई रांची में रहता है. वह नशे का आदी भी था. घर में पत्नी से अक्सर उसकी अनबन होती थी और झगड़ा भी होता था. इधर, गुरुवार को घरेलू विवाद के बाद मृतक आनंद के ससुराल वाले कुच्चू (रांची) से देवरिया आए थे.

डीएसई ने डेटा से सूची निकालकर नोटिस भेजने का दिया आदेश

# जिले के मृत शिक्षकों को भी जारी कर दिया गया नोटिस

संवाददाता । हजारीबाग

जिले में पोशाक सहित अन्य मामलों में अनियमितता को लेकर जांच के घेरे में चल रहे जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता को अब कब्र और श्मशान घाट से आकर मृत शिक्षक विद्यालय में अनुपस्थित रहने का कारण बताएंगे. जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेश को माने तो केवल मुर्दे हीं नहीं बल्कि सेवानिवृत शिक्षक और लंबे समय पूर्व शिक्षा विभाग छोड़कर जा चुके ऊंचे ओहदे पर कार्यरत पदाधिकारियों को भी तीन दिनों के अंदर जवाब देना है. मृत, सेवानिवृत और अन्य कारणों से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों को जिला शिक्षा अधीक्षक ने दो फरवरी को अनुपस्थित पाया है. इसी को आधार बनाकर विद्यालय से अनुपस्थित रहने को लेकर पत्र जारी किया गया है. शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय द्वारा ऐसे करीब आठ सौ शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जो शिक्षा विभाग के ई विद्या वाहिनी पोर्टल दो फरवरी को ऑनलाईन अनुपस्थित दिखाई दे रहे थे. दरअसल जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता पर पोशाक हीं नहीं अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्ति, प्रबंध समिति सहित अन्य कई गंभीर आरोप हैं, जिसे उपायुक्त से लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य विभागों द्वारा जांच चल रहा है. ऐसे में जांच और आरोप से बौखलाए जिला शिक्षा अधीक्षक ने दो फरवरी को आंनलाईन डेटा से सूची निकालकर नोटिस भेजने का आदेश दिया. इसमें आठ सौ की संख्या में शिक्षक अनुपस्थित दिखाई दे रहे हैं. इसके पीछे के कारणों की पड़ताल भी नहीं की. ज्ञात हो कि जिले में एफएलन प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है. नियमानुसार चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्य में प्रति प्रखंड 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण देना है, परंतु 80 की संख्या को प्रशिक्षित किया जा रहा है. ऐसे में अकेले 16 प्रखंडों के 640 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं. प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों को भी विभाग ने नोटिस भेज दिया है.

जिला शिक्षा अधीक्षक किस तरह शिक्षकों को परेशान करने में लगे हैं इसका सबसे बड़ा उदाहरण जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित उर्दू विद्यालय के शिक्षक हैं. दो फरवरी का दिन शुक्रवार का था और इस दिन उर्दू शिक्षकों का साप्ताहिक अवकाश रहता है. जबकि अन्य विद्यालयों में रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है. ऐसे में जिला शिक्षा अधीक्षक ने उर्दू विद्यालयों के शिक्षकों को भी वेतन काटने का आदेश दिया है. जिले में उर्दू शिक्षकों की संख्या करीब 70 का है. ऐसे में उर्दू शिक्षक संगठनों में भी हाय तौबा मचा है और जिला शिक्षा अधीक्षक के ज्ञान पर लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं. जिला शिक्षा अधीक्षक के मनमानी के विरोध में मोर्चा खोल कर विभिन्न शिक्षक संगठनों के साथ-साथ सहायक अध्यापक पारा शिक्षक संघ भी बैठा है. जिसकी बानगी देखने को मिली 19 दिसंबर को 2023 को जब विद्यालय के प्रधान से अवकाश स्वीकृत कराकर रांची विधानसभा घेराव करने पहुंचे 744 से अधिक पारा शिक्षक और विभिन्न कारणों से अवकाश पर रहने वाले मध्य व प्राथमिक विद्यालय के 100 से अधिक शिक्षकों का वेतन काटने का आदेश जिला शिक्षा अधीक्षक ने जारी किया. यह आदेश जिला शिक्षा अधीक्षक ने उपायुक्त नैंसी सहाय के आदेश को ताक पर रख कर किया, जिसमें उपायुक्त ने स्वयं हस्तक्षेप कर सदर विधायक और जिला शिक्षा अधीक्षक का घेराव करने वाले सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष वेतन नहीं काटने का आदेश दिया था.

**विचित्र आदेश**

- सभी को तीन दिनों के अंदर नोटिस का जवाब देना है
- आठ सौ शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है
- जिला शिक्षा अधीक्षक पर कई गंभीर आरोप लगे हैं

**उत्क्रमित विद्यालय महूदी के भी शिक्षक का है नाम**

इसमें एक सतीश कुमार यादव, बरही, बेसिक स्कूल पंच माधव, बरही, दूसरा शंकर राणा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकको, बरही, तीसरा मो. खालिद हुसैन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महूदी,बड़कागांव, चौथा निर्मल गोप, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नापो खूर्द, बड़कागांव और पांचवां नागेश्वर तिवारी, उमवि, भदैय खाप, केरेडारी के हैं. इसी तरह डाड़ी, विष्णुगढ़ से भी एक मृत शिक्षक को नोटिस भेजा गया है. वहीं गदोखर, कटकमसांडी इसी तरह डाड़ी, चौपारण, सदर, बरही, विष्णुगढ़, बड़कागांव के दो दर्जन से अधिक शिक्षकों को भी नोटिस भेजा गया है. आश्चर्य की बात है कि जिला शिक्षा अधीक्षक विभाग द्वारा लंबे समय पूर्व विभाग छोड़ चुके शिक्षकों भी नोटिस भेज दिया गया है. इनमें एक तो जिला शिक्षा अधीक्षक के ही बैच के जामताड़ा डीएसई दीपक राम है, जो हजारीबाग में शिक्षक थे. इसी तरह प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुप में कार्यरत ललित कुमार तिवारी, मनोज चौरसिया सहित अन्य को भी नोटिस भेजा गया है.

### अर्पित ने सर्वाधिक टी-शर्ट पहनकर बनाया रिकॉर्ड



**चौपारण।** हजारीबाग के बीएसएस 2 के विद्यार्थी के अर्पित कुमार राणा का इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ. 16 साल 6 महीने 11 दिन के अर्पित ने एक मिनट में 22 टी-शर्ट पहनकर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. अर्पित, पिता संजय कुमार राणा, नगवां, कांग्रेस विधायक राजेंद्र कुमार राणा के पोते हैं. चौपारण के ने पूरे विश्व में सबसे कम उम्र में यह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है. उनके स्कूल के प्रधानाध्यापक ने बताया कि अर्पित पूरे विद्यालय का सबसे अच्छा विद्यार्थी है. अर्पित पूरे जिले में एकमात्र लड़का है, जो पिछले साल एनसीसी नेशनल कैंप चैंपियन रह चुका है.

### स्वीप के तहत हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम चुनाव के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरुकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है. इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ सहित अन्य विद्यालयों में मतदाता जागरुकता से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया. वहीं बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मतदान के महत्व की व्याख्या करते हुए निबंध लिखा. गौरतलब है कि स्वीप के तहत जिले में जो भी पेंटिंग, स्लोगन, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी.

# केरेडारी कोयला खनन प्रोजेक्ट में अपराधियों ने मचाया उत्पात

संवाददाता। केरेडारी



एनटीपीसी के केरेडारी कोयला खनन परियोजना में बीती रात लगभग दस बजे तीन नकाबपोश अपराधियों ने धावा बोलकर जमकर उत्पात मचाया. माइंस के एमडीओ बीजीआर कम्पनी के वर्कर्स को भी पीटा व स्कानिया डंपरों के शीशा भी तोड़े गए. हालांकि इस मामले में केरेडारी थाना में कोई आवेदन नहीं दिए गए हैं और ना ही पुलिस ने कोई मामला दर्ज किया है.

बताया जा रहा है कि तीन नकाबपोश अपराधी गुरुवार रात्रि लगभग दस बजे ओबी डंप एरिया में डंडा लेकर घुसे और सभी स्कानिया डंपरों के चालकों का नाम पूछने लगे. फिर आधार चेक करने लगे. जिनका पता केरेडारी से बाहर का था गाड़ी से उतार कर पीटा गया और भगा दिया गया. दो तीन डंपरों के शीशे भी पत्थर चलाकर तोड़े गए. वहीं जिनका पता केरेडारी प्रखंड था, उन्हें कुछ नहीं कहा गया. यहां अज्ञात लोगों द्वारा लगभग आधे घंटे तक उत्पात मचाया गया. जिससे प्रखंड के बाहर से आये डंपर चालकों व वर्कर्स में दहशत छा गया. इधर इस घटने के सम्बंध में पुलिस का कहना है कोई बाहरी अपराधी नहीं स्थानीय कुछ लोग बदमाशी की है. उसकी जांच की जा रही है. ज्ञात हो कि गुरुवार सुबह स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बीजीआर कम्पनी को ज्ञापन सौंपकर सभी वर्कर्स की सूची मांगी है. यही कारण है कि पुलिस को शक की सुई स्थानीय ग्रामीणों के तरफ जा रहा है. वहीं केरेडारी कोयला खनन परियोजना में 16 जनवरी को भी नकाबपोश अपराधियों ने गोलीकांड को अंजाम दिया था.

**धावा बोला**

- लगभग रात दस बजे तीन नकाबपोश बदमाश घुसे
- बदमाशों ने डंपर का शीशा तोड़ा व वर्कर्स को पीटा

### 156 आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला बर्तन का सेट

**हजारीबाग ।** ओएनजीसी बोकारो के सौजन्य से सीएसआर मद से ईचाक प्रखंड के सभी 156 आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन किट का वितरण किया गया. उपायुक्त सभागार में डीसी नैंसी सहाय के द्वारा ईचाक प्रखंड के 156 केन्द्रों के लिए ओएनजीसी बीएम परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से सीएसआर मद से बर्तन किट का वितरण किया गया. इस मौके पर सभागार से कुल 05 आंगनबाड़ी केन्द्रों, जिसमें सुशीला देवी, परासी बड़ा अखाडा, प्रमिला देवी, परासी कुटुमसुकरी, दरिया -2, बबिता देवी, बरियठ महतो, वीणा कुमारी, बरियठ तार टोला में सभी आंगनबाड़ी सेविका को मौके पर बर्तन देकर वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया. मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस परियोजना के तहत 156 केंद्रो से 3660 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा. इस परियोजना का संचालन हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग द्वारा किया गया. इस मौके पर ओएनजीसी के पदाधिकारी दयानंद कन्डूलिया ओएनजीसी प्रबंधक मौजूद थे.

# सर्द रात में सुर सरगम का पारा रहा गर्म, देर रात तक डटे रहे श्रोतागण

संवाददाता। चौपारण




प्रखंड के करमा पंचायत में नवनिर्मित मनोकामना शिवमन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा का नौ दिवसीय महारुद्र यज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण भंडारा के साथ शान्तिपूर्ण भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया. इससे पूर्व आठ फरवरी को कई नामचीन कलाकारों द्वारा भजन और शिव तांडव की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं.

जिसमें लगभग दस हजार से अधिक श्रोतागण लोक गायिका देवी, स्टार गुंजन सिंह, अदिति राज सहित अन्य नामचीन कलाकारों के सुर सरगम के कारण सर्द रात में भी देर रात तक डटे रहे. कानपुर और दिल्ली से आए कलाकारों ने शिव तांडव, मां काली का रौद्र रूप, नौ दुर्गा का रूप, राम सीता हनुमान जी का जीवंत झांकी प्रस्तुत की. जिसे देख सभी लोग हतप्रभ रह गए. दर्शकों ने कहा कि ऐसा आयोजन प्रखंड में पहली बार देखने को मिल रहा है. कार्यक्रम में झारखंड भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा के विधायक किसुन दास, बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला, झारखंड पुलिस सर्जेंट मेजर रमेश मण्डल, मेजर देवरथ, थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर, जिप सदस्य रवि अकेला सहित कई लोग मौजूद थे. मुख्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जिन्हें पूजा समिति के अध्यक्ष रेवाली पासवान सहित अन्य ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम की अपार सफलता पर मंदिर के संस्थापक सह भाजपा युवा मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी सह शिव प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुजारी अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने सभी ग्रामीणों व श्रोतागण को तहे दिल से आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि 9 दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा को शांति समपन्न करवाने में पूजा समिति के साथ साथ गांव के सभी ग्रामवासियों काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा.

**एनटीपीसी**

बरवाडीह में सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत सकारात्मक बदलाव लेने के लिए अनेक गतिविधियां चल रही हैं

# बरवाडीह में सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

संवाददाता। बड़कागांव



एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में विभिन्न सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत आसपास के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक बदलाव लेने के लिए अनेक गतिविधियां चल रही हैं. इन प्रयासों में परियोजना प्रभावित गांव में आधारभूत संरचना का विकास हो या बच्चों को कौशल विकास की प्रशिक्षण, हर क्षेत्र में एनटीपीसी ने लोगों की जिंदगी में सार्थक बदलाव लाने के लिए कई काम किए हैं.

अपने इसी प्रयास को आगे बढ़ते हुए पकड़ी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए सिलाई और टेलरिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया है. इस पहल से ग्रामीण महिलाएं प्रशिक्षण प्रकार अपने जीवनयापन और घर परिवार को बेहतर ढंग से चलने में सशक्त बना पाएंगी. साथ ही यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन पंकज ध्यानी, जीएम (एलए/आर एंड आर) द्वारा किया गया. समारोह की शोभा एसके सेनापति, डीजीएम (सीएसआर/आर एंड आर), और कमलाराम रजक, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) ने बढ़ाई. अपने संबोधन के दौरान, जीएम (एलए एंड आर एंड आर) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा प्रस्तुत अवसर को स्वीकार कर नए कौशल सीख कर अपने जीवन को बेहतर बनाने की बात कही. तीन महीने की अवधि और दो पालियों में लगभग 55 ग्रामीण महिलाओं को शामिल करने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करने और आय के वैकल्पिक स्रोत को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है. बबीता देवी ने महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया. उनकी प्रशंसा लाभार्थियों की भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है जो इसे अवसर की किरण के रूप में देखते हैं.

**मिलेगी ट्रेनिंग**

- महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है
- कार्यक्रम का उद्घाटन जीएम पंकज ध्यानी ने किया

# चोरी की बाइक साथ 4 गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

सदर थाना पुलिस ने चोरी के आठ बाइक के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने उनके पास से आठ बाइक और चार मोबाइल भी बरामद किया. यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह और सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने दी. दोनों अधिकारी शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि सदर थाना कांड संख्या 48/24 में चोरी गए दो बाइक को मंडईकला की ओर तीन व्यक्ति को लेकर जाने वाले हैं. उक्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस सदर थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया. उक्त छापामार दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गए दोनों बाइक साथ तीन व्यक्तियों को रंगे हाथ पकड़ लिया. इनलोगों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर विभिन्न जगहों पर छापामारी कर चोरी के अन्य छह बाइक भी बरामद किया. बाइक चोरी मामले में पुलिस ने पकड़े गए आरोपी कृष्ण कुमार, आयुष कुमार, नितिश कुमार सभी का थाना पेलावल ओपी कटकमसांडी और चंदन कुमार ग्राम बसरिया थाना दारू है, को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. एसपी ने बताया कि पुलिस ने जिन स्थानों से चोरी की बाइक बरामद की है, उसमें दोनूरा से दो, कंचनपुर से दो, हनुमान नगर से दो, सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक और एक झील के पास से बरामद किया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### अहमदाबाद से गोमिया लौट रहा मजदूर ट्रेन से लापता

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी निवासी रामू दास 7 फरवरी को अहमदाबाद स्टेशन से कोलकाता वीकली एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर लौट रहा था, लेकिन बीच रास्ते से ही वह लापता हो गया है. इस संबंध में रामू दास के चचेरे भाई कौलेश्वर रविदास ने बताया कि करीब एक साल पहले वह अहमदाबाद काम करने के लिए गया था. अस्वस्थता महसूस करने के कारण वह अपने घर लौटने की बात कही. तब उसके मित्रों ने टिकट कटवाकर ट्रेन में बैठा दिया. ट्रेन में सवार होने के बाद मोबाइल पर अपनी पत्नी से बात भी किया. कहा कि वह लौट रहा है. शुक्रवार को वह बोकारो थर्मल स्टेशन पर उतरता उसके पहले से ही उसका मोबाइल बंद बताने लगा.

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल, रेफर

**गिरीडीह।** बिरनी प्रखण्ड के रांची-दुमका मुख्य मार्ग बिराजपुर में गुरुवार शाम को एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसकी पहचान अरारी पंचायत अंतर्गत मरकोडीह निवासी 24 वर्षीय मिथुन साव पिता प्रयाग साव के रूप में हुई है.आनन-फानन में स्थनीय लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले गए जिसका उपचार प्रभारी चिकित्सा डॉ कुलदीप तिर्की ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुते रेफर कर दिया.

### विदेशी शराब की दुकान में सेंधमारी

**गोड्डा।** नगर थाना अंतर्गत गोड्डा पथरा मार्ग पर तियोडीह में चल रहे सरकारी विदेशी शराब की दुकान में सेंधमारी कर नगदी समेत लाखों रुपए के शराब की चोरी कर ली गई. मामला बीते रात्रि गुरुवार की है. बताया जाता है कि आम दिनों की भांति दुकान बंद कर सभी कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए जबकि नाइट गार्ड ड्यूटी पर तैनात था. शुक्रवार की सुबह जब दुकान खुली तब पता चला कि पीछे के तरफ से दीवार में खिड़की के नीचे सेंधमारी कर दीवाल काटकर अज्ञात चोरों ने दुकान में प्रवेश कर माल साफ कर दिया था.

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा को लेकर निकली प्रभात फेरी

**साहिबगंज।** जिला प्रशासन, साहिबगंज अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय साहेबगंज द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 26वें दिन शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क जागरूकता प्रभात फेरी निकली गयी. उद्घाटन जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप एवं एमवीआई विजय गौतम ने किया.विष्णु देव कच्छप,मोटर यान निरीक्षक विजय गौतम, नीरज कुमार साह, अनुज परासर, अभिषेक कुमार, जीरवाबाडी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल वा पुलिस बल एवं एनएसएस के छात्र छात्राओं एवं अन्य सभी विद्यार्थी गण का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा.

### 37 आउटसोर्स कर्मियों को 3 माह से नहीं मिला मानदेय

**पेटरवार(बोकारो)।** भूखे पेट भजन न होई गोपाला. ऐसा ही कुछ हाल बयां कर रहा है पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा पर कार्य करने जुटे कर्मियों के चेहरे. महीनों से कर्ज ले-ले कर परिवार की गाड़ी खींचते-खींचते तंग आ गए हैं ये कर्मी. बावजूद इन कर्मियों पर तरस नहीं आ रहा है विभाग को. मालूम हो कि बोकारो जिले के पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आउट सोर्सिंग कंपनी रैडर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के तहत स्वास्थ्य कर्मी रूप में पदस्थापित 37 स्वास्थ्य कर्मियों को पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिला है.

### जब तक हेमंत सोरेन की रिहाई नहीं हो जाती, आदिवासी समाज में कोई सामूहिक उत्सव नहीं होगा

# हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में कल सामूहिक उपवास

**संवाददाता। गिरिडीह (बेंगाबाद)**



बैठक उपस्थित आदिवासी समाज के लोग.

आदिवासी समाज की बेंगाबाद प्रखंड स्तरीय बैठक शुक्रवार को तराजोरी पंचायत के धुमाडीह मैदान में हुई. बैठक में आदिवासी समाज को सम्मान राशि देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया गया. योजना के तहत जमा किए जाने वाले जरूरी दस्तावेज व अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई. सदस्यों ने हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की कड़ी निंदा की. आदिवासी समाज के नेताओं ने कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेजवाने का काम किया है. निर्णय लिया गया कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को पूरे प्रखंड में आदिवासी समाज के लोग उपवास पर रहेंगे. उनके घरों में चूल्हा नहीं जलेगा. हेमंत सोरेन की रिहाई तक प्रत्येक रविवार को नगाड़ा बजाया जाएगा और पूरे विधि विधान के साथ मांझी थान में पूजा-अर्चना की जाएगी. जब तक हेमंत की रिहाई नहीं हो जाती आदिवासी समाज में कोई सामूहिक उत्सव नहीं होगा.वहीं किसी भी तरह के आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया गया.बैठक में मंजु मरांडी, शिबू मुर्मू, थॉमस मरांडी, चंदन मुर्मू, सोनालाल हांसदा, सोमरा बास्के, मोतीलाल मुर्मू, बिंदुलाल मरांडी, बाबूलाल हांसदा, सोनाराम सोरेन, रामकिशोर टुडू, सूरज लाल हेम्ब्रम सहित प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैकड़ों आदिवासी मौजूद रहे.

**खास बातें**

- आदिवासी समाज में कोई सामूहिक उत्सव नहीं होगा
- रिहाई तक प्रत्येक रविवार को नगाड़ा बजाया जाएगा

### बीर बंधुओं को मिला वन अधिकार कानून का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

# वनाधिकार समिति और ग्राम सभा के बारे में मिली जानकारी

- वन अधिकार कानून का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिला समाहरणालय सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय वीर बंधु प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ. मौके पर उपस्थित मास्टर ट्रेनर सह जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने वीर बंधुओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि कैसे दावा पत्र भरने में सहयोग करेंगे. उसमें क्या क्या दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है और उसके बाद दावा पत्र वनाधिकार समिति के पास जमा करेंगे. जब सारी प्रक्रिया पुरी हो जाएगी, उसके बाद ग्राम सभा के पास दावा पत्र जमा करेंगे. ग्राम सभा सारी प्रक्रिया जांचने के बाद ग्राम सभा बैठक कर रेजुलेशन पारित करते हुए अग्रतार कार्रवाई के लिए अनुमंडल समिति के पास दस्तावेज भेज देगी.उक्त सारी बातों का विस्तृत जानकारी लोगों को दिया गया. उन्होंने वनाधिकार समिति और ग्राम सभा के कार्य और जिम्मेवारी के विषय में विस्तार पूर्वक बताया. इस कानून में ग्राम सभा एक अधिकारी के तौर पर कार्य करेगी यह भी जानकारी दिया गया. प्रशिक्षण में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने वन अधिकार कानून 2006 के कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी और एक्ट के विषय में विस्तार पूर्वक बताया.



बोकारो में प्रशिक्षण में उपस्थित बीर बंधु.

**ग्राम सभा द्वारा पारित दवा पत्र ही मान्य**

उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में जो भी दवा पत्र पारित किए जाएंगे वह ग्राम सभा से सीधा अनुमंडल कार्यालय भेजा जाएगा. यदि अंचल में जमा किया जाता है तो अंचल का कार्यालय सिर्फ दवा पत्र को अनुमंडल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी. उसमें किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ का उन्हें कोई अधिकार इस कानून में नहीं दिया गया है. उन्होंने वीर बंधुओ से कहा गया कि किसी भी तरह का गलत दावा प्रस्तुत होने पर उसे निरस्त किया जाएगा. इसलिए दावा पत्र सही व्यक्ति को मिले या जो भी दावा कर रहे हैं, वह समुदाय वास्तव में दावा का हकदार हो.

**अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान से जोड़ना**

इधर, मौके पर उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी मेनका ने बताया कि सरकार का उद्देश्य लोगों को अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान से जोड़ना है. इसके माध्यम से वैसे लोग जो 13 दिसंबर 2005 से पूर्व वन पर आश्रित हैं या वन क्षेत्र में रह रहे हैं, उन्हें जोड़ा जाएगा. दावा पत्र दो प्रकार के होंगे, एक निजी दवा पत्र और दूसरा सामुदायिक दावा पत्र, यह नियम वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत आता है. मौके पर सभी प्रखंडों से बीर बंधु, संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मी उपस्थित थे.

### फर्जी जमाबंदियों को रद्द करने की मांग

**डुमरी(गिरिडीह)।** डुमरी झारखंड पीपुल्स पार्टी बोकारो जिलाध्यक्ष सह प्रभारी गिरिडीह लोकसभा अशोक अग्रवाल आजाद ने आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल,डीसी गिरिडीह, अपर समाहर्ता गिरिडीह और अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी को ईमेल से प्रेषित कर डुमरी अंचल से निर्गत फर्जी जमाबंदियों को रद्द करने एवं भ्रष्ट पदाधिकारियों के विरूद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की मांग किया है . ऐसा नहीं होने पर आंदोलन किए जाने की बात पत्र में लिखा है . पत्र में लिखा है कि जिला भू-अर्जन गिरीडीह के एसडीएम डुमरी को लिखे 5वें पत्र पत्रांक 71 तिथि 18.1.2024 से स्पष्ट है कि जिला भू अर्जन कार्यालय ने 668 दिनांक 17.5.2022 से अब तक 5 पत्र लिख चुका है लेकिन लक्ष्मण मोदी की संदिग्ध अपठनीय चौहद्दीबिहीन, और विक्रेता गवाहा का फर्जी हस्ताक्षर पर डुमरी अंचल से निर्गत 2-2 फर्जी जमाबंदी और फर्जी एलपीसी निर्गत की गई है जिसकी जांच अब तक पूरी नहीं की गई .

### विधवा के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर पुलिस ने छेड़खानी व चोरी मामले के आरोपित को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. पुलिस ने छेड़खानी व चोरी करने के मामले में उत्तर पलासगाछी पंचायत के गुही विश्वास टोला के रबीउल शेख़ को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ उसी गांव के एक विधवा महिला ने छेड़खानी व चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पीड़ित महिला के ब्यान पर राधानगर पुलिस ने कांड संख्या 20/24 के दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए बीते गुरुवार के देर रात रविउल शेख के घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। छापेमारी दल में एएसआई विनय सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे.

## विधायक ने मंजुरा में 3 किमी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**संवाददाता। बोकारो**



मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बोकारो के द्वारा मंजुरा के सिपाहीटांड़ स्थित बिनोद बिहारी महतो स्मारक कॉलेज से रांगामाटी तक तीन किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य अमरदीप महाराज समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने किया. उक्त सड़क पिछले एक दशक से जर्जर हालत में था, जिसके कारण इस रास्ते में चलनेवाले राहगीरों समेत वाहन चालक परेशान रहते थे. कई बार इस जर्जर रास्ते में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो चुके हैं. इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र के हर गांव व टोले में सड़क, पेयजल, पुल पुलिया से लेकर कई तरह के विकास कार्य तेजी से चल रहा है. मौके पर विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य अमरदीप महाराज के अलावे बानेश्वर महतो, शिशुपाल महतो, महेंद्र महतो, विजय झा, श्यामल झा, संजय महतो, विनोद महतो, भूदेव महतो, भीम महतो, छुटु महतो, राजकिशोर नायक, सोमर महतो, अखिलेश्वर महतो, मेहीलाल महतो, सुधीर महतो समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

# भाजपा अंगवाली मंडल ने की गांव चलो अभियान की शुरुआत

**संवाददाता। बेरमो**




भाजपा अंगवाली मंडल की ओर से शुक्रवार को चांपी पंचायत से गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई. भाजपा नेता एवं अंगवाली मंडल प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह एवं मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा की अगुवाई में कार्यक्रम की शुरुआत की गई . इस अवसर पर मंडल प्रभारी प्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार 400 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनेगी. प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने हर वर्ग को किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभान्वित किया है. प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, नारी अस्मिता की रक्षा के लिए हर घर शौचालय योजना, कोरोना काल में केंद्र द्वारा स्वास्थ्य एवं खाद्य संबंधी तमाम आपूर्ति, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना जैसी तमाम योजनाएं जन-जन तक पहुंचना है. मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर घर गाँव गाँव जाएँगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को बताएंगे . इस अवसर पर ज़िप सदस्य माला देवी , शक्ति केंद्र चांपी के प्रभारी सूरज नायक, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर , शक्ति केंद्र के संयोजक शंकर यादव , सह संयोजक सोहन गंजू , अरूण महतो, नारायण प्रजापति, मंटू कुमार शर्मा , वकील प्रजापति , वकील गंजू सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.

**उपलब्धि**

### झारखंड राज्य गतका ओपन ट्रायल में 32 खिलाड़ियों का चयन

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल के बच्चों ने किया उम्दा प्रदर्शन

**संवाददाता। बोकारो**



बीते दिनों झारखंड राज्य गतका ओपन ट्रायल में 32 खिलाड़ियों का चयन झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा एसजीएफआई राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के लिए किया गया था, जिसमें एमजीएम स्कूल बोकारो के 13 खिलाड़ियों ने भी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया था. इधर एसजीएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा दुर्ग, छत्तीसगढ़ में 4 से लेकर 7 फरवरी तक किया गया, जिसमें झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एमजीएम के 13 में से 6 खिलाड़ियों ने 7 मेडल अपने नाम किया. जिसमें एक सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है. झारखंड गतका टीम के कोच रहे राजीव कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड की टीम ने प्रतियोगिता के दौरान 14 मेडल हासिल किया, जिसमें टीम इवेंट्स में 12 मेडल और इंडिविजुअल इवेंट्स में 2 मेडल शामिल है. गतका टीम के कोच रहे राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में बोकारो एमजीएम हायर सेकेंडरी के 6 खिलाड़ी भी शामिल है. साक्षी श्रीवास्तव, जेबा नाज, एंजेल रानी, तृप्ति झा ने अंडर-19 बालिका वर्ग फरी सोती टीम इवेंट में खेलते हुए ब्रोंज मेडल के साथ-साथ ओवरऑल अंडर 19 बालिका वर्ग में तृतीय स्थान का खिताब भी जीता. वही हर्षित कुमार अंडर-19 बालक वर्ग में सिंगल छोटी टीम इवेंट में ब्रोंज मेडल हासिल किया. वेदांत भारद्वाज ने अंडर 17 बालक वर्ग सिंगल सोटी टीम इवेंट में ब्रोंज मेडल हासिल किया. एमजीएम स्कूल बोकारो के प्राचार्य रेजी सी वर्गिस एवं स्कूल के उप प्राचार्य रेखा बनर्जी के साथ-साथ प्रिंसिपल एनसी वर्गीस, गतका एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के सचिव विद्या कुमारी, कोऑर्डिनेटर पप्पू कुमार एवं अध्यक्ष केशव कुमार हारोडिया ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी.

### सैम्फोर्ड इंटरनेशनल अकादमी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद शुरू

**जरीडीह (बोकारो)**



एजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग और सैम्फोर्ड इंटरनेशनल अकादमी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ शुक्रवार को संस्था के निदेशक जाकी अर्फिन, एजी कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्या सोनल शुक्ला और सैम्फोर्ड इंटरनेशनल अकैडमी के उप-प्राचार्या नीलम तिवारी ने संयुक्त रूप से किया.प्राचार्या सोनल शुक्ला ने कहा अच्छे भविष्य और बेहतर करियर के लिए पढ़ाई का जितना महत्व है, उतना ही महत्व बेहतर जीवन के लिए खेलों का भी है. आजकल हमारे देश में भी खेलों का महत्व पहले की अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ गया है. वार्षिक खेलकूद के पहले दिन सैम्फोर्ड इंटरनेशनल अकादमी तथा नर्सिंग के विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, दौड़ एवं फुटबॉल खेल खेला गया.

## न्यूज अपडेट

### मुखिया संघ ने नव पदस्थापित सीओ का किया स्वागत



**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद अंचल के नए सीओ के रूप में पदस्थापित प्रियंका प्रियदर्शनी का स्वागत शुक्रवार को बेंगाबाद मुखिया संघ के द्वारा संघ के अध्यक्ष मो शमीम के नेतृत्व में किया गया. संघ के सदस्यों ने नव पदस्थापित सीओ को पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी. मौके पर संघ के सदस्यों ने सीओ प्रियंका प्रियदर्शनी से बात कर आम अवाम के खारिज दाखिल, ऑनलाइन रशीद निर्गत कराने, जाती आय आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने आदि कार्यों को सुगमता पूर्वक करने का आग्रह किया. मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### साहिबगंज में कचरा निष्पादन प्लांट अप्रैल में होगा शुरू



**साहिबगंज।** साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक हुई. बताया गया कि कचरा निस्तारण प्लांट अप्रैल तक शुरू कर दिया जाएगा. गंगा घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं. डीसी ने साप्ताहिक गंगा आरती सुचारम रूप से संचालित करने व योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, जिला गंगा समिति के सदस्य चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा, श्रीनिवास सिंह, रंजीत कुमार सिंह, अशोक चौधरी, डीपीएम मणिकांत कुमार आदि उपस्थित थे.

### पालगंज मिडिल स्कूल से निकाली गई जागरूकता रैली



**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज मिडिल स्कूल में शुक्रवार को फलेरिया बीमारी की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई.जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणों ने भाग लिया . मिडिल स्कूल पालगंज से जागरूकता रैली निकाली गई जो पूरे गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का काम किया. जिससे उत्पन्न होने वाला फलेरिया का बैक्टेरिया मर जाएगा।मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सनातन मंडल,ग्रीष्म कुमार भक्त,शिक्षा संजीव बर्णवाल, भैरव दास, महेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे .

### सार्वजनिक माघी काली पूजन समारोह आयोजित



**डुमरी(गिरिडीह)।** डुमरी सार्वजनिक माघी कालीपूजन समारोह आयोजित मंदिर डुमरी में शुक्रवार को पूजन समारोह आयोजित की गई . डुमरी प्रखंड के साथ आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता काली की पूजा अर्चना कर अपने व अपने परिवार की सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की.जिन भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हुई उन्होंने बकरे की बलि दिया.वहीं गुरूवार की अर्द्धरात्रि को मिसरी पूजा कर उसके प्रसाद को क्षेत्र के श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया.रात्रि में जहां 52 बकरे की बलि दी गयी . वहीं शुक्रवार को 155 बकरों की बलि दी गई.जिसको दोपहर के बाद बलि चढ़े बकरे के मुण्डी को प्रसाद के रूप में नीलाम किया गया .

### चिन्मय विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बोकारो।** बोकारो की चिन्मय विद्यालय की कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं के लिए एजुकेशन टूर के तहत बोकारो के सेक्टर 12 स्थित सुधा डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया गया. इस दौरान सुधा डेयरी के संजय कुमार सिंह मार्केटिंग इंचार्ज, मृणालिनी तिवारी मार्केटिंग ऑफिसर एवं संजीत ने विद्यार्थियों को प्लांट के दुग्ध उत्पादन के प्रोसेसिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के दौरान प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान में परिवर्तित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है. बच्चे प्रत्यक्ष रूप से प्रोसेसिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग की जानकारी सीखे हैं.

### खैरासिंगा महायज्ञ में शामिल हुई विधायक नीरा यादव



**धनवार(गिरिडीह)।** धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुंडरी पंचायत स्थित खैरासिंगा गांव में अनंत विभूषण शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह 11 दिवसीय महायज्ञ के दौरान कोडरमा की विधायक नीरा यादव और गांडेय के पूर्व विधायक प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया. लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना. . यहां 11 दिन तक हवन पूजन के साथ संध्या में देर रात्रि तक आजमगढ़ से आए कथावाचक बाल गोविंद शास्त्री और अनुपम रामायणी द्वारा 30 जनवरी से 8 फरवरी तक कथा वाचन किया गया. 9 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया. प्राण प्रतिष्ठा में पहुंची कोडरमा विधायक नीरा यादव ने पूजा अर्चना किया.

### एमडीए की सफलता को लेकर जागरूकता रैली निकली



**बोकारो।** बोकारो जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक चलनेवाले एमडीए कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को शहरी मलेरिया योजना, बोकारो एवं बोकारो स्टील सिटी क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत सहियाओं के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई. जागरूकता रैली की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार एवं जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ रेणू भारती द्वारा संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जागरूकता रैली सिविल सर्जन कार्यालय गेट से प्रारम्भ होकर गरगा पुल चास से होते हुए बोकारो हवाई अड्डा तक गई एवं फिर बोकारो हवाई अड्डा से बोकारो परिसदन भवन होते हुए वापस कैम्प 2 सिविल सर्जन कार्यालय में रैली की समाप्ति की गई.

### सहिया और एएनएम को किया गया सम्मानित



**गावां (गिरिडीह)।** गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन कर परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने पर बीटीटी, सहिया, सहिया साथी और एएनएम को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में कुल 13 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. साथ ही नई पहल के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को किट वितरण करने का निर्देश दिया गया. मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रमोहन कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन, बंध्याकरण, पुरूष नसबंदी में बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया है.

### डीसी के नाम फेसबुक पर चल रहा है फर्जी अकाउंट



**गोड्डा।** गोड्डा जिला के उपायुक्त जिशान कमर के नाम से फेसबुक पर फर्जी अकाउंट चल रहा है. इस बात की सूचना जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने पत्र जारी कर मीडिया कर्मियों के अलावा आम नागरिकों से अपील किया है कि वह ऐसे किसी झांसे में ना आए और इस प्रकार अगर किसी भी तरह की कोई अपील की जाती है तो उस पर ध्यान न देते हुए सीधे प्रशासन को सूचित करें. डीपीआरओ के अनुसार उपायुक्त, गोड्डा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर विभिन्न प्रकार के पोस्ट किए जा रहे हैं. इस बारे में उपायुक्त, गोड्डा द्वारा सभी को सतर्क करते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त मामला साइबर फ्रॉड से संबंधित है.

## ब्लैक बनाम व्हाइट पेपर

किसी भी लोकतंत्र में ठीक चुनाव के पहले यदि विमर्श विपक्ष के ब्लैक पेपर और सरकार के व्हाइट पेपर पर केंद्रित हो जाए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता. आमतौर पर हमारे देश में चुनाव को भावनात्मक मुद्दों पर ही केंद्रित करने का प्रयास किया जाता है तथा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के तमाम प्रयास किए जाते हैं. आम चुनाव के ठीक पहले पिछले बीस सालों के आर्थिक सवालों पर विमर्श हो जाए तो इससे जाहिर होगा कि देश की दिशा किस ओर है. तमाम दावों के बावजूद जमीनी हालत को ले कर अनेक सवाल उठते रहते हैं. जरूरी तो यह भी है कि जब से भारत की अर्थव्यवस्था उदारीकरण के लिए खोली गयी, तब से ले कर आज के संदर्भ को विमर्श के केंद्र में रखा जाए. वैसे भी प्रधानमंत्री संसद हो या जन सभा पिछली सरकारों पर आरोप मढ़ते रहते हैं. आजादी के बाद भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का सहारा लिया और ध्रुवों में बंटी दुनिया में गुट निरपेक्ष रहते हुए आर्थिक उन्नति के लिए पंचवर्षीय योजनाओं का सहारा लिया. भारत के औद्योगीकरण के दरवाजे खुले और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने भारत की उन्नति की राह में अहम भूमिका निभायी. 1990 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बुरा दौर साबित हुआ. एक तरह से देश पहली बार भुगतान संतुलन की समस्या का हल करने में कारगर साबित नहीं हुआ. 1991 में भारत की इकोनॉमी खोल दी गयी और डॉ. मनमोहन सिंह और नरसिंह राव की जोड़ी ने देश को नई दिशा दी. तबसे भारत की पूरी इकोनॉमी तमाम उतार चढ़ाव के बावजूद उसी राह पर आगे बढ़ रही है. डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल में एक समय ऐसा भी आया, जब भारत तेज गति से डबल डिजिट विकास दर की ओर बढ़ा. 2008 की आर्थिक मंदी के दौर में भारत लड़खड़ाया नहीं. मनरेगा के कारण भारत में लगभग 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए. अब जब कि केंद्र सरकार ने इन्हीं दस सालों पर एक श्वेत पत्र जारी किया है, जिसमें दावा किया गया है कि यूपीए के कार्यकाल की आर्थिक नीतियां औसत ही मानी जा सकती हैं. दस सालों में 15 घोटाले भी हुए. दूसरी ओर ब्लेक पेपर में मोदी सरकार के कार्यकाल को अन्याय का काल बताते हुए बेरोजगारी,किसानों के साथ हुए अन्याय, महिला उत्पीड़न में बढ़ोतरी जैसे सवालों को फोकस किया गया है. बेहतर हो यदि अगला चुनाव इन्हीं पत्रों के आधार पर दोनों पक्ष लड़ें. इससे वोटरों को भी तय करने का मौका मिलेगा कि किन पत्रों के दावे वास्तविकता के करीब हैं. लेकिन भारत में आम चुनाव आर्थिक सवालों पर केंद्रित नहीं किए जाते. इस समय भारत की विकास दर को सबसे तेज बताया जा रहा है, लेकिन जिस तरह की गैर-बराबरी बढ़ रही है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. परसेप्सन की लड़ाई में कौन-सा पत्र किस पर हावी होगा, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा यदि ऐसे सवाल ही मुख्य बना दिए जाएं.

> मनरेगा के कारण भारत में लगभग 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए. अब जब कि केंद्र सरकार ने इन्हीं दस सालों पर एक श्वेत पत्र जारी किया है, जिसमें दावा किया गया है कि यूपीए के कार्यकाल की आर्थिक नीतियां औसत ही मानी जा सकती हैं.

### सुभाषित

**मूर्खस्य पञ्च चिन्हानि गर्वो दुर्वचनं तथा।**
**क्रोधश्च दृढवादश्च परवाक्येष्वनादरः॥**

मूर्खों के पांच लक्षण हैं, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो जाती है.वे गर्व में चूर रहते हैं, हमेशा अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, बात-बात में क्रोध करते हैं, हठी होते हैं और दूसरों की बातों का अनादर करते हैं.

# राजनीति की बात, घात-प्रतिघात


**हेमंत की गिरफ्तारी के बाद से एनडीए खूब गाल बजा रहा था. जिस 'खेला' की आशंका से महागठबंधन के 37 विधायकों को दो फरवरी की शाम हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया था, वैसा कुछ भी नहीं हुआ. जितनी आसानी से चंपाई का मुख्यमंत्रित्व कन्फर्म हो गया, कैबिनेट बनाने में उनको उतनी ही जद्दोजहद करनी पड़ रही है. इसी कारण 8 फरवरी को कैबिनेट की तय शपथ 16 फरवरी तक टाल देनी पड़ी.**



दो फरवरी को झारखंड की राजनीति में दो महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं. छह बार के विधायक झामुमो के चंपाई सोरेन ने राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के बतौर अपने दो सहयोगी मंत्रियों कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता संग शपथ ली. दूसरी ओर 31 जनवरी की रात ईडी द्वारा गिरफ्तार किये गये तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट ने पूछताछ के लिए पांच दिनों के रिमांड पर भेज दिया. सात फरवरी को उसी कोर्ट ने उनको ईडी के जिस आधार पर अगले पांच दिनों के लिए पुनः रिमांड पर भेजा दिया, उससे पता चलता है कि उन पर और केस लदेंगे.

इसके पहले चंपाई सरकार के फ्लोर टेस्ट के लिए पांच और छह फरवरी को विधानसभा का सत्र बुलाया गया. पहले दिन राज्यपाल के परंपरागत अभिभाषण के बाद महागठबंधन को फटाफट सवा घंटे में प्रतिपक्ष के 29 के मुकाबले 47 मतों से विश्वासमत प्राप्त हो गया. संख्याबल का सीधा-सादा गणित था. जनवरी 2020 में हेमंत सरकार को समर्थन देनेवाले निर्दलीय सरयू राय तटस्थ रहे. एनसीपी के कमलेश सिंह इस बार एनडीए के पाले में चले गये. सात महीने पहले 2 जुलाई 2023 को महाराष्ट्र में एनसीपी के दो फाड़ होने के बाद वे सत्ता पक्ष से बिदक कर प्रतिपक्ष में जा बैठे थे. एनडीए की संगति पकड़े निर्दलीय अमित कुमार यादव गैरहाजिर रहे. झामुमो के रामदास सोरेन दिल्ली में और भाजपा के इंद्रजीत महतो हैदराबाद में अपना इलाज कराने के कारण अनुपस्थित रहे. अंतिम पाली खेल रहे मनोनीत विधायक ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन सत्ता पक्ष के साथ ही रहे. एक सीट गांडेय रिक्त है.

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे


हेमंत की गिरफ्तारी के बाद से एनडीए खूब गाल बजा रहा था. जिस 'खेला' की आशंका से महागठबंधन के 37 विधायकों को दो फरवरी की शाम हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया था, वैसा कुछ भी नहीं हुआ. जितनी आसानी से चंपाई का मुख्यमंत्रित्व कन्फर्म हो गया, कैबिनेट बनाने में उनको उतनी ही जद्दोजहद करनी पड़ रही है. इसी कारण 8 फरवरी को कैबिनेट की तय शपथ 16 फरवरी तक टाल देनी पड़ी. इस राज्य की यही रवायत रही है, हालांकि मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला, जबकि वहां तो 'अनुशासन' वाली पार्टी सत्ता में आई थी.

अदालती आदेश से हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट में भाग लेने सदन पहुंचे. उन्होंने सदन में चौंकानेवाली बातें कही. बोले, ईडी ने सदन में बोलने से मना किया था, लेकिन मैंने जब कहा कि आप इस बावत स्पीकर को लिखंत दें तो वे मौन साध गये. वे 25 मिनट तक ईडी और भाजपा पर गरजते-बरसते रहे. आदिवासी कार्ड चलने में भी पीछे न रहे. चुनौती पेश की, बरियातु-रांची की जिस साढ़े आठ एकड़ जमीन के मामले में मुझको गिरफ्तार किया गया, उससे संबंधित एक भी कागज दिखा दिया जाय तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा. मुझे राजभवन में गिरफ्तार कर इतिहास रच दिया गया. इसमें राजभवन भी शामिल था. इसके 24 घंटे बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मीडिया के समक्ष किसी संतोष मुंडा का एक ऑडियो वीडियो पेश कर दावा किया कि उस भुंइहरी प्लॉट पर हेमंत का कब्जा था, जिसे बड़ी हड़बड़ी में मूल रैयत को वापस किया गया. संतोष ने पत्थर की चारदीवारी वाले उस प्लॉट का खुद को चौकीदार बताया.

चंपाई के विश्वासमत प्राप्त करने और बड़ी ईमानदारी से कुबूलनामे 'मुझे हेमंत सरकार पार्ट-टू कहलाने में आपत्ति नहीं' के कुछ देर बाद पांच फरवरी को ही पुरानी विधानसभा के निकट शहीद मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एचईसी कर्मियों और हेमंत के समर्थन और भाजपा के विरोध में हुंकार भरी. यह वही शहीद मैदान है, जिसमें राहुल की मां सोनिया गांधी ने 2004 के इलेक्शन में एचईसी को पुनर्जीवित करने का भरोसा दिलाया था. चुनाव बाद उसको पुनरुद्धार पैकेज मिला भी था. आज का दिन है कि एशिया की यह सबसे बड़ी मदर इंडस्ट्री काम के लिए तरस रही है और कामगार महीनों से वेतन न मिलने के कारण धरना-प्रदर्शन पर आमादा हैं. राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पार्ट-2 के तहत मणिपुर के थैबल से 14 जनवरी को प्रारंभ 15 राज्यों, 110 जिलों, सौ लोकसभा सीटों को कवर करनेवाली 6,700 किलोमीटर की न्याय यात्रा के क्रम में उस दिन झारखंड में थे. उन्होंने एलान किया कि एचईसी को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे. देखिए आगे क्या होता है? जाहिर है कि उनकी यह यात्रा केवल भारत दर्शन नहीं, अपितु चुनावी यात्रा भी है. हेमंत के आरोपों को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आठ फरवरी को पत्रकारों के समक्ष सिरे से खारिज कर दिया. लोकसभा चुनाव कभी भी दस्तक दे सकता है. बहुत संभव है, दस फरवरी को संसद के बजट सत्र की समाप्ति के बाद वह क्षण आ धमके. पांच फरवरी को ही लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के अकेले दम 370 सीटें और एनडीए के 400 सीटें जीतने की उम्मीद जताई. कश्मीर से धारा 370 हटाकर पीएम ने 370 सीटें जीतने की उम्मीद बांध ली है. पांच फरवरी को ही सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ में 30 जनवरी को हुए मेयर चुनाव में निर्वाचन पदाधिकारी भाजपा काउंसलर अनिल मसीह की मनमानी पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह लोकतंत्र के साथ मजाक है. यह लोकतंत्र की हत्या है. 35 वोटरों में 'इंडिया' के 20 वोट होने के बावजूद मसीह ने उसके आठ वोट रद कर भाजपा प्रत्याशी के 16 वोट सुनिश्चित करा दिया था. बड़े मामलों में क्या होता होगा? अपनी राजनीति घात-प्रतिघात के बीच ऐसे ही लस्टम-पस्टम चलती रहेगी और हम अपने राजनेताओं से बिना कोई सवाल पूछे विश्व का महानतम गणतंत्र कहलाने पर गर्व करते रहेंगे. करना भी चाहिए.

## • बोधि-वृक्ष

सूत्र



### अपना अपना महत्त्व

एक समुराई(जापानी सेना नायक) जिसे उसके शौर्य, निष्ठा और साहस के लिए जाना जाता था, एक संन्यासी से सलाह लेने पहुंचा. जब संन्यासी ने ध्यान पूर्ण कर लिया तब समुराई ने उससे पूछा, " मैं इतना हीन क्यों महसूस करता हूं ? मैंने कितनी ही लड़ाइयां जीती हैं, कितने ही असहाय लोगों की मदद की है. पर जब मैं और लोगों को देखता हूं तो लगता है कि मैं उनके सामने कुछ नहीं हूं, मेरे जीवन का कोई महत्त्व ही नहीं है."

"रुको, जब मैं पहले से एकत्रित हुए लोगों के प्रश्नों का उत्तर दे लूंगा, तब तुमसे बात करूंगा.", संन्यासी ने जवाब दिया. समुराई इंतज़ार करता रहा, शाम ढलने लगी और धीरे -धीरे सभी लोग वापस चले गए. " क्या अब आपके पास मेरे लिए समय है?", समुराई ने संन्यासी से पूछा. संन्यासी ने इशारे से उसे अपने पीछे आने को कहा. चांद की रोशनी में सबकुछ बड़ा शांत और सौम्य था, सारा वातावरण बड़ा ही मोहक प्रतीत हो रहा था. "तुम चाँद को देख रहे हो, वह कितना खूबसूरत है ! वह सारी रात इसी तरह चमकता रहेगा, हमें शीतलता पहुंचाएगा, लेकिन कल सुबह फिर सूरज निकल जायेगा और सूरज की रोशनी तो कहीं अधिक तेज होती है, उसी की वजह से हम दिन में खूबसूरत पेड़ों, पहाड़ों और पूरी प्रकृति को साफ़-साफ़ देख पाते हैं. मैं तो कहूंगा कि चांद की कोई ज़रूरत ही नहीं है....उसका अस्तित्व ही बेकार है !!"

"अरे! यह आप क्या कह रहे हैं, ऐसा बिलकुल नहीं है "- समुराई बोला, " चांद और सूरज बिलकुल अलग -अलग हैं. दोनों की अपनी-अपनी उपयोगिता है, आप इस तरह दोनों की तुलना नहीं कर सकते ", समुराई बोला. ₹तो इसका मतलब तुम्हें अपनी समस्या का हल पता है. हर इंसान दूसरे से अलग होता है, हर किसी की अपनी-अपनी खूबियां होती हैं और वह अपने-अपने तरीके से इस दुनिया को लाभ पहुंचाता है. बस यही प्रमुख है, बाकी सब गौण है₹, संन्यासी ने अपनी बात पूरी की. मित्रों ! हमें भी स्वयं के अवदान को कम अंकित कर दूसरों से तुलना नहीं करनी चाहिए. प्रायः हम अपने गुणों को कम और दूसरों के गुणों को अधिक आंकते हैं. यदि औरों में भी विशेष गुणवत्ता है तो हमारे अन्दर भी कई गुण मौजूद हैं. यदि उन गुणों को महत्व देते हुए उसका उपयोग किया जाये तो कभी आत्महीनता और अवसाद का सामना नहीं करना पड़ेगा. इसलिए आत्म सम्मान को कभी निर्बल नहीं होने देना चाहिए.

## सर्वधर्म सद्भाव की विरासत के मायने

• सद्भाव

विश्वनाथ सचदेव

राम धुन गायी हो या भले ही न गायी हो किसी ने, पर सुनी तो अवश्य होगी. 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम', यह शब्द कभी न कभी दिल से या मस्तिष्क से टकराये तो होंगे ही. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन था यह. बताया जा रहा है कि यह भजन मूलतः पंडित लक्ष्मणाचार्य ने लिखा था और उसमें 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम' वाली पंक्ति नहीं थी. हो सकता है गांधी जी ने यह शब्द जोड़े हों. लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इससे न तो मूल भजन की महत्ता कम होती है और न ही मूल भजन के प्रति किसी अवमानना का कोई भाव सामने आता है. कुछ सकारात्मक जुड़ ही रहा है इस पंक्ति से. देखा जाये तो यह 'एकम् सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' का ही एक रूप है. ईश्वर एक है उसे किसी भी नाम से पुकार लो, ध्वनि पहुंचेगी उसी एक जगह जहां वह है. रोज सुबह अपनी प्रार्थना-सभा में ईश्वर अल्लाह तेरे नाम का संदेश देकर गांधी धर्म के नाम पर फैलती या फैलायी जा रही कटुता को समाप्त करने का संदेश ही दे रहे थे. पता नहीं मूल भजन में यह शब्द बापू ने जोड़े थे या किसी और ने पर जिसने भी जोड़े थे उसके प्रति हमें आभार व्यक्त करना चाहिए- इससे भजन को नया आयाम मिला है और जब हम कहते हैं, 'सबको सन्मति दे भगवान' तो इसका सिर्फ एक ही अर्थ निकलता है कि हम संपूर्ण मनुष्य जाति के कल्याण की कामना कर रहे हैं. इसे कोई और अर्थ देने का अथवा कोई और मंतव्य निकालने का मतलब 'एकम् सत्' की मूल भावना को ही नकारना होगा. ऐसा ही एक मंतव्य हमारे संविधान में दिये गये शब्द 'सेक्युलर' या 'पंथ-निरपेक्ष' का निकालने की कोशिश की जा रही है. कहा यह भी जा रहा है कि ये शब्द मूल संविधान में नहीं था, इसे संविधान में संशोधन करने के बाद जोड़ा गया. सही है यह बात. हमारे संविधान के निर्माताओं ने सेक्युलर या धर्म-निरपेक्ष शब्द जोड़ने से इंकार किया था. संविधान सभा में के.टी. शाह ने एक संशोधन प्रस्ताव रखते हुए 'भारत धर्म-निरपेक्ष, संघीय समाजवादी राज्यों का संघ होगा' शब्द जोड़ने का आग्रह किया था. तब बाबा साहेब अंबेडकर ने यह कहकर प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था कि धर्मनिरपेक्षता संविधान की संरचना में ही निहित है. जवाहरलाल नेहरू ने अंबेडकर की बात से सहमति जतायी थी. संविधान सभा में तब यह भी कहा गया था कि आने वाली पीढ़ियां यदि चाहेंगी तो आवश्यकता के अनुसार शब्द जोड़ सकती हैं. वर्ष 1976 में, आपातकाल के दौरान, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यही किया था. संविधान के 42वें संशोधन के अनुसार तब संविधान के आमुख में 'पंथनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द जोड़े गये थे. आपातकाल घोषित करने के लिए इंदिरा गांधी को किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता, पर बयालीसवें संशोधन की उपयोगिता को नहीं नकारा जाना चाहिए. सेक्युलरिज्म का यह अर्थ कदापि नहीं है कि सरकार धर्म-विरोधी है. संविधान में इसे जोड़ने का उद्देश्य सिर्फ इस बात को रेखांकित करना है कि देश की सरकार किसी धर्म विशेष को प्रश्रय नहीं देगी. उसकी दृष्टि में सब नागरिक समान हैं, भले ही नागरिक किसी भी धर्म को मानने वाला क्यों न हो. सरकार का कोई धर्म नहीं होगा. सरकार की दृष्टि में सब धर्म समान होंगे का अर्थ सिर्फ यही है कि धर्म-निरपेक्ष भारत में सरकार किसी भी धर्म विशेष के प्रति कोई विशेष आग्रह नहीं रखेगी. सब धर्म समान हैं, सब धर्मों का लक्ष्य एक है. यह लक्ष्य है मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाना. यदि हम इस बात को समझ लेते हैं, स्वीकार कर लेते हैं तो किसी भी भारतीय के प्रति हमारे मन में कोई द्वेष-भाव नहीं पनपेगा. हमारा साझा आंगन होगा, हमारा साझा चूल्हा होगा. यही धर्म-निरपेक्षता है. धर्म-निरपेक्षता का अर्थ धर्म का विरोध नहीं है, सर्व धर्म समभाव है. लोगों को उनकी जाति और धर्म के बावजूद प्यार करना ही धर्म-निरपेक्षता की भावना को समझना है. हमारे लिए यह समझ नयी नहीं है. सच तो यह है कि हमारी समावेशी संस्कृति भी हमें यही संदेश देती है. हाल ही में भारतरत्न से सम्मानित लालकृष्ण आडवाणी ने वर्ष 1998 में संविधान की समीक्षा के संदर्भ में लिखे अपने एक लेख में कहा था, 'सेक्युलरिज्म भारत की संस्कृति में है'. आडवाणी जी तब देश के गृहमंत्री थे. कुछ ऐसी ही बात 2015 में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी कही थी. अपने एक भाषण में उन्होंने कहा था 'भारत सिर्फ इसलिए सेक्युलर नहीं है, क्योंकि यह हमारे संविधान में है. भारत सेक्युलर है क्योंकि सेक्युलरिज्म हमारे डीएनए में है.

> सरकार की दृष्टि में सब धर्म समान होंगे का अर्थ सिर्फ यही है कि धर्म-निरपेक्ष भारत में सरकार किसी भी धर्म विशेष के प्रति कोई विशेष आग्रह नहीं रखेगी. सब धर्म समान हैं, सब धर्मों का लक्ष्य एक है. यह लक्ष्य है मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाना. यदि हम इस बात को समझ लेते हैं, स्वीकार कर लेते हैं तो किसी भी भारतीय के प्रति हमारे मन में कोई द्वेष-भाव नहीं पनपेगा.

## चंडीगढ़ में लोकतंत्र की हत्या तो झांकी है !

• सामयिकी

डॉ. पी. दीपक

हाल ही में चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जिस प्रकार से पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के 8 वोटों को साफ जान पड़ती दुर्भावना तथा षड़यंत्रपूर्वक रद्द करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया, उससे सियासी तूफान तो पहले से ही उठा हुआ था, सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि 'यह लोकतंत्र के साथ मज़ाक है. लोकतंत्र की हत्या है.' दरअसल यह मामला आप के मेयर पद के उम्मीदवार रहे कुलदीप कुमार द्वारा उच्चतम न्यायालय ले जाया गया है. भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्दीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई के दौरान वकील अभिषेक मनु संघवी द्वारा पेश किया गया वह वीडियो देखा जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह 8 बार अपना पेन इधर-उधर घुमाते दिखाई दे रहे हैं. इतने ही वोट अवैध बतलाकर निरस्त कर दिये गये जबकि चंडीगढ़ नगर निगम में कांग्रेस-आप के पास 20 एवं भाजपा के पास 16 वोट हैं. इतने वोट रद्द कराकर भाजपा उम्मीदवार को विजयी घोषित कराना सारी कहानी को साफ-साफ बयां करता है. इस वीडियो को देखकर नाराज़ न्यायाधीशों ने अनेक प्रकार की सख्त टिप्पणियां की हैं और कई तरह के निर्देश भी दिये हैं. पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट को न्याय करने में असफल करार देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का पूरा रिकार्ड सुरक्षित रूप से हाईकोर्ट के पास जमा कराया जाये. सुको ने नगर निगम की सभी अगली कार्रवाइयों पर रोक भी लगा दी है. शीर्ष कोर्ट ने सरकारी वकील को कहा है कि वे 'पीठासीन अधिकारी को बतलाएं कि उन्हें न्यायालय देख रहा है.' अगली सुनवाई में उन्हें स्वयं सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिये गये हैं, जो कि 12 फरवरी को निर्धारित की गयी है. देखना तो यह है कि सर्वोच्च अदालत ने जितनी सख्त टिप्पणी की है, सज़ा भी उतनी ही सख्त होने जा रही है या फिर किसी न किसी आधार पर अपराध की गम्भीरता को कमतर मानते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी की सज़ा को भी नरम सी, हल्की-फुल्की, चेतावनी जैसा कुछ जारी कर दिया जायेगा अथवा फिर माफी ही दे दी जायेगी? सवाल तो यह है कि कोर्ट-कचहरी की एक मुकम्मल व्यवस्था के रहते हुए एक अधिकारी नियमों की ऐसी धज्जियां उड़ाने की हिम्मत कर कैसे सकता है? जाहिर है, जो जिम्मेदार पद पर बैठा है, वह कानूनी प्रावधानों को जानता ही होगा. आखिरकार नियमों से तो वह कतई अनभिज्ञ नहीं होगा. असल में वह चारों ओर देख रहा है कि सभी तरह के नियमों व कानूनों को तोड़ने वाली राजनीतिक शक्तियां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, स्वायत्त संस्थाओं एवं संवैधानिक संस्थानों पर इस कदर हावी हैं कि इन सभी का काम केवल सत्ता एवं सत्तारूढ़ भाजपा की हां में हां मिलाना रह गया है. अब तो ऐसा कोई भी मंच नहीं रह गया है जहां लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाने वाले तत्व धमाल न मचा रहे हों. संसद में न केवल महिला पहलवानों के उत्पीड़न के आरोपी शान से बैठते हैं, बल्कि सत्ताधारी दल के एक सदस्य अल्पसंख्यक विपक्षी सदस्य को संप्रदाय से जुड़ी भद्दी व असंसदीय गालियां देते हैं. उसी सदन में वे लोग भी मंत्री बनकर बैठे हुए हैं, जिनका बेटा सरेआम अपने वाहन से आंदोलन कर रहे किसानों को कुचल देता है. एक राज्य में कद्दावर नेता के पुत्र अधिकारी को बीच सड़क पर बैट से भरपूर मारते हैं और कोई कार्रवाई तक नहीं होती. दंगों व सामूहिक बलात्कार के आरोपियों की सज़ा अच्छे चाल-चलन के आधार पर माफ कर दी जाती है तो वहीं बलात्कार-हत्या का आरोपी एक कथित संत हर दो-चार माह में पैरोल पर निकल आता है और अपने आश्रम में कुछ समय बिताकर जेल लौट जाता है. पिछले कुछ दिनों से लोकतंत्र की हत्या और उसके साथ मखौल कुछ ज्यादा ही बढ़ चला है, इतना कि सारा देश ही उसका आनंद उठा रहा है. न्यायपालिका को तेजी से कार्यपालिका स्थानापन्न कर रही है और सज़ा दिलाने के लिये आरोपियों को न्यायाधीश के सम्मुख खड़ा करने के बजाये खुद ही बुलडोज़र चला रही है. सुको को इस बात पर भी गुस्सा नहीं आता कि उसकी जगह विध्वंसक मशीनों ने ले रखी है. आरोपी के साथ पूरे परिवार को बेघर करने के पीछे कौन सा कानून व तर्क काम करता है और कार्यपालिका कब से न्यायपालिका की जिम्मेदारियां निभाने लग गया है.

> पिछले कुछ दिनों से लोकतंत्र की हत्या और उसके साथ मखौल कुछ ज्यादा ही बढ़ चला है, इतना कि सारा देश ही उसका आनंद उठा रहा है. न्यायपालिका को तेजी से कार्यपालिका स्थानापन्न कर रही है और सज़ा दिलाने के लिये आरोपियों को न्यायाधीश के सम्मुख खड़ा करने के बजाये खुद ही बुलडोज़र चला रही है.

### मीडिया में अन्यत्र

## ट्रंप की राजनीति अमेरिका को प्रभावित करेगी

**कोलंबिया** सर्किट जिले के अमेरिकी अपीलीय अदालत ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ देश के संवैधानिक लोकतंत्र को कमजोर करने से संबंधित आरोपों के संदर्भ में यह फैसला दिया है कि श्री ट्रम्प को उन अपराधों के लिए अभियोजन से छूट प्राप्त नहीं है, जो उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किए होंगे. अदालत के संघीय अपीलीय पैनल के इस फैसले का आशय यह है कि श्री ट्रम्प पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की साजिश से संबंधित मामले में मुकदमा चलाया जा सकता है. इस मुकदमे में उन्हें अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचने और एक आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने सहित चार आरोपों का सामना करना है. हालांकि अदालत द्वारा अभियोजन से छूट के मसले पर दलीलें सुनने और ताजा व्यवस्था देने की प्रक्रिया में एक महीने का वक्त गुजर चुका है, लिहाजा इस साल के चुनाव की निर्धारित तारीख 5 नवंबर से पहले साजिश के इस मुकदमे को सूचीबद्ध करने और उसे चलाने के मामले में एक भारी दबाव की स्थिति पैदा हो गई है. विशेष वकील जैक स्मिथ के नेतृत्व में अभियोजन दल को यह चिंता सता रही है कि अगर श्री ट्रम्प अभियोजन से छूट से संबंधित फैसले के खिलाफ अपील करते हैं और साजिश के मामले में अन्य अड़ंगा डालने वाली रणनीति का इस्तेमाल करते हैं, तो यह मुकदमा चुनाव की तारीख से आगे खिंच सकता है. ऐसी स्थिति में, एक वास्तविक जोखिम यह हो सकता है कि अगर श्री ट्रम्प फिर से राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत जाते हैं तो वह मौजूदा राष्ट्रपति के रूप में अपनी हैसियत का इस्तेमाल या तो अपने खिलाफ मामले को खारिज करने या संभावित रूप से खुद को क्षमादान देने के लिए कर सकते हैं.अब जबकि सर्किट अदालत ने श्री ट्रम्प को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपने फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 12 फरवरी तक का समय दिया है, यह साफ नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश राजनीतिक रूप से इतने गर्मागर्म मामले को सुनेंगे या नहीं. अगर वे ऐसा करते भी हैं, तो फैसला देने में कई हफ्ते या महीने लग सकते हैं. पहले ही, सुप्रीम कोर्ट इस बात पर सुनवाई करने जा रहा है कि क्या संविधान के 14वें संशोधन के तहत, श्री ट्रम्प का नाम राज्य के मतपत्रों से हटाया जा सकता है - जैसा कि कोलोराडो जैसे राज्यों ने "विद्रोह वाली धारा" के तहत करने की मांग की है. लब्बोलुआब यह है: श्री ट्रम्प इस असंतुलित चुनावी मौसम में कानूनी मामलों से जूझते रहेंगे और संभावित रूप से चुनाव के बाद भी ऐसा करना जारी रखेंगे. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## नगमा/नज्म/गजल

**एक** प्यार का नगमा है, मौजों की रवानी है. ये जिंदगी और कुछ भी नहीं, तेरी मेरी कहानी है. यह गीत मैं जब भी सुनता हूं तो मेरी जिज्ञासा बढ़ जाती है कि यह नगमा क्या है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार नगमा अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है गीत, गाना, मुधर स्वर, सुरीली आवाज. रेख्ता उर्दू हिंदी शब्दकोश में इसे नग्मा के रूप में मान्यता दी गयी है. विशेष अर्थ बताया गया है- गाया जानेवाला किसी प्रकार का मनोहर और सुरीला गीत या राग-रागिनी, राग, तराना. जानकारों का कहना है कि हिंदी में जिसे लोकगीत कहा जाता है वही उर्दू में नगमा है. नगमा शब्द का प्रयोग फिल्म जगत में प्यार के गीतों के लिए अक्सर किया जाता है. नज्म अरबी भाषा मूल का शब्द है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार है संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में इसका मतलब है पद्य, कविता और संज्ञा पुल्लिंग के रूप में है प्रबंध, इंतजाम. गजल फारसी मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है उर्दू, हिंदी या फारसी में मुख्यतः प्रेम विषयक काव्य, जिसमें प्रायः पांच से ग्यारह शेर होते हैं और सभी शेर एक ही रदीफ और काफिया में होते हैं. अर्थात दूसरी कड़ी में अनुप्रास होता है. प्रेमिका से वार्तालाप तो गजल है ही, पद्य या मुक्तक काव्य का वह रूप भी गजल है, जिसमें प्रतीकात्मकता और गीतात्मकता के साथ अनुभूति की तीव्रता की प्रधानता होती है. विशेषज्ञों का कहना है कि गजल और नज्म दोनों ही उर्दू शायरी के महत्वपूर्ण अंग हैं. दोनों में कुछ अंतर भी हैं. एक ग़ज़ल में जहाँ शेर अलग-अलग विषयों पर विचारों को व्यक्त करते हुए हो सकते हैं, वहीं नज़्म किसी एक ही विचार को लेकर लिखी जाती है. उसी विषय को आगे बढ़ाते हुए उसी भाव को व्यक्त करते आगे की पंक्तियां उसमें रहती हैं. यह हिंदी कविता जैसी होती है जिसमें उर्दू शब्द की प्रधानता होती है.

## बड़ा भयंकर जीव है इस जग में दामाद

• तीर-तुक्का

प्रमोद यादव

भारतीय समाज में सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति होता है- दामाद...यहां के चालीस प्रतिशत दामादों का 'रेसिडेंशियल एड्रेस' ससुराल होता है..ऐसे दामादों को "घरजमाई" कहते है..एक ने तो दामाद को ऐसे भी परिभाषित किया - यह वह चीज है जो न खाते बने न उगलते..मध्यमवर्गीय परिवारों में दामाद को भगवान् या वीवीआईपी जैसा दर्जा दिया जाता है..ऐसे दामादों की गिनती नहीं के बराबर है..भगवान् श्रीराम ऐसे ही दामाद थे राजा जनक के.. श्रीराम जैसे तो इक्के-दुक्के ही होते हैं.. अधिकाँश तो बर्बादी के आंकड़े होते है..प्रेम चोपड़ा और गुलशन ग्रोवर की तरह....बेटी की हथेली से मेहंदी उतरी नहीं होती और ये मुखौटा उतार लेते हैं..औकात पर आ जाते हैं..मान-सम्मान में कहीं कोई थोड़ी भी चूक हुई कि ससुराली जलील और अपमानित...ससुर सब कुछ न्योछावर कर याचक बन जाता है, पर दामाद कभी उसका शुक्रगुजार नहीं होता. उसकी नजर में तो ससुराल वाले दोयम दर्जे के होते हैं..काका हाथरसी ने भी दामादों की दुनिया पर एक कविता लिखी थी और कहा था-बड़ा भयंकर जीव है, इस जग में दामाद. सास-ससुर को चूसकर, कर देता बरबाद. भगवान् शिव बड़े गुस्सैल दामाद थे, राजा प्रजापति दक्ष के..दुनिया के सबसे प्रथम दामाद होने का उन्हें गौरव प्राप्त है..राजा दक्ष शिवजी को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं चूकते थे..यज्ञ हो या हवन ..जानबूझकर उन्हें आमंत्रित नहीं करते..हमेशा उसे निरादर भाव से देखते...कारण केवल यह था कि एक बार मुनियों का एक समूह यज्ञ करवा रहा था.यज्ञ में सभी देवताओं को बुलाया गया था. जब राजा दक्ष आये तो सभी खड़े हो गए लेकिन शिवजी नहीं हुए.वे बड़े स्वाभिमानी थे.. दक्ष क्रोधित हुए..और यहीं से दामादजी भी हुए गुस्सैल.... राजा दक्ष को दामाद से ऐसी अपेक्षा नहीं करनी चाहिए थी.. आखिर में हश्र ये हुआ कि एक दिन गुस्से में उनका तीसरा नेत्र खुल गया और उनके आदेश पर वीरभद्र ने दक्ष का सिर काट दिया. शिवजी के बाद भी कई स्वाभिमानी दामाद अवतरित होते रहे..जैसे कालान्तर में भारत में नेहरूजी के दामाद फिरोज गांधी..उन्होंने ससुर का सिर तो नहीं काटा पर संसद में उनकी काफी चिकोटी काटे....शिवजी की तरह इनकी भी ससुर से कभी नहीं बनी...इसके विपरीत जिन ससुर दामादों की सबसे ज्यादा बनी..वे श्रीराम और राजा जनक थे..आज के युग में भी हर ससुर-दामाद राजा जनक और श्रीराम के जैसे ही बनना चाहते हैं लेकिन अधिकांश बन जाते हैं दक्ष और शिव जैसे.... दुनिया में दो ही प्रकार के दामाद होते हैं- पहला-अच्छा दामाद और दूसरा- बुरा दामाद..इनमें भी दो वर्ग होते हैं- एक-पैसे वाला दामाद और दूसरा- कंगला दामाद..वैसे दूसरे प्रकार वाले की ख्वाहिश किसी सास-ससुर को नहीं होती..





## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आय के लिए दिन अच्छा है. पारिवारिक मेलजोल के लिए अच्छा दिन है. कार्यक्षेत्र में व्यर्थ की चिंताएं न करें. काम अपनी गति से चल रहा है और समय से समाप्त हो जाएगा. जीवनसाथी आपसे खुश होगा. धन का संचय आवश्यक है.

**वृषभ** समय बहुत ही उत्तम है. आपकी आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नए रास्ते भी मिलेंगे. भाई-बहनों और बड़ों के साथ संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे. कुछ सरकारी कार्य अटक सकते हैं. कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं.

**मिथुन** करियर लाइन बदलने के लिए उचित समय है. किसी नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है. यदि नया व्यापार आरम्भ करने का सोच रहे हैं तो लाभ होगा. दांपत्य जीवन में कुछ खुशी के पल आएंगे. शारीरिक परेशानी घेर सकती हैं.

**कर्क** कोई परेशानी बनी हुई है. काम में पूरा फोकस बनाए रखें. व्यवसाय के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा. इसका पूरा फायदा उठाएं. खर्चों में बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा.

**सिंह** जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा. नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है. किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है. किसी बात पर झगड़ा हो सकता है. फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे.

**कन्या** कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति बेहतर रहेगी. सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा. समय पर चीजों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा. जल्दबाजी में निर्णय न लें. आपका कोई करीबी आपको परेशान कर सकता है.

**तुला** पुराने रुके हुए काम बनेंगे. सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है. परिवार में अच्छा माहौल रहेगा. प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा. किसी भी निर्णय में किसी बड़े की सलाह लें.

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र में नौकरी मिलने के आसार हैं. अपने वेतन और अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कोई समझौता न करें. नौकरी में तरक्की के योग हैं. अविवाहितों के लिए दिन अच्छा है. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. पेट से संबंधित कुछ कठिनाई हो सकती है.

**धनु** इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहेगा. दिन स्टूडेंट्स के लिए अच्छा रहेगा. आपके आर्थिक पक्ष में स्थिरता रहेगी. यदि करियर लाइन बदलना चाहते हैं तो यह उचित समय है. काम से संबंधित कुछ नया सीखने का प्रयास करें.

**मकर** नए और बड़े निवेश से बचें. वैवाहिक जीवन में कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है. प्रेम संबंधों के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है. स्वविवेक से काम लें और क्रोध में आकर संबंधों को खराब ना करें. शिवलिंग पर अभिषेक करें.

**कुंभ** लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा. अविवाहितों को आज विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं. अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे. कारोबार में आकर्षक डील मिल सकती है. प्रियजनों से मुलाकात होगी. अन्न दान करें.

**मीन** व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे. आपके कार्य प्रभाव से उन्नति और तरक्की के योग हैं. धन लाभ के अवसर मिलेंगे. कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे. जल्दबाजी में कोई कार्य न करें. बेरोजगार लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है.

## अभियंता पेंशनर्स संघ की बैठक संपन्न

**रांची।** विद्युत डिप्लोमा अभियंता पेंशनर्स संघ की पांचवीं वार्षिक आमसभा सह अधिवेशन का आयोजन शुक्रवार को कोकर के पास होटल स्वयंवर वाटिका में हुआ. इसकी अध्यक्षता जयनंदन शर्मा ने की. सभा में सबसे पहले बीते वर्ष दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी. फिर संघ के सदस्यों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया. साथ ही सत्र 2024-26 के लिए नयी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया. इसमें जयनंदन शर्मा अध्यक्ष, केडीएन सिंह व ललितेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार महामंत्री, रमेश प्रसाद सचिव, सीताराम कोषाध्यक्ष चुने गए. इसके साथ ही पांच कार्यकारिणी सदस्य चितरंजन कुमार, श्रीनिवास सिंह, मदन मोहन प्रसाद, शिव कुमार सिंह व पंचानंद तिवारी भी चुने गए.

## उमवि के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र का निधन

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद साहू 52 वर्ष की मौत गुरुवार की रात्रि अस्पताल से घर आने के क्रम में हो गई. वे मंगलवार को विद्यालय में अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे. जिसके बाद परिजनों द्वारा आनन फानन में गढ़वा एवं गढ़वा से वाराणसी स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल ले जाया गया था. जहां से डॉक्टरों के तीन दिनों तक कड़ी मेहनत करने के बाद स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें घर लाया जा रहा था. घर लाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया. सुरेंद्र प्रसाद साहू 18 सितंबर 2008 को शिक्षक के रुप में मझिआंव प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय करकट्टा में योगदान दिये थे. 28 मार्च 2016 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां में योगदान देने के बाद से प्रधानाध्यापक के रुप में सेवारत थे. मौत की खबर सुनकर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का ताता लगा रहा.

## शैलू चंद्रवंशी गरीबों का नेता है: विजय

**मेदिनीनगर ।** चंद्रवंशी समाज के नेता सह पूर्व जिला पार्षद शैलेंद्र कुमार शैलू चंद्रवंशी को इंजीनियर हत्याकांड हत्याकांड में रिहा किया गया. इस अवसर पर चंद्रवंशी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चंद्रवंशी एवं चंद्रवंशी समाज के सभी लोगों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी. विजय चंद्रवंशी ने कहा कि शैलू चंद्रवंशी गरीबों का नेता है . संघर्ष के साथी हैं इन्हें साजिश के तहत फसाया गया था. लेकिन हम लोग को न्यायालय पर भरोसा था और आज सच्चाई की जीत हुई . इस अवसर पर रंजन कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार पप्पू विकास कुमार विकी दिलीप कुमार दिलू, गणेश जी आदि मौजूद रहे.

# किसकी लगेगी लॉटरी : किसके सिर पर सजेगा ताज, कांग्रेस विधायक सक्रिय

रवि भारती। रांची

चंपाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार 16 फरवरी को होना है. इसमें सबसे ज्यादा कांग्रेस विधायक सक्रिय हैं. किसकी लगेगी लॉटरी, किसके सिर पर मंत्री पद का सजेगा ताज... इसे लेकर सत्ता के गलियारों में खूब चर्चा हो रही है. विधायक भी अपनी तरीके से फिल्डिंग सेट करने में लगे हैं कि कही बॉल बाउंड्री के बाहर न चला जाए. चंपाई कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से चार मंत्रियों को शामिल किया जाना है. इसमें आलमगीर आलम पहले ही शपथ ले चुके हैं. अब सिर्फ तीन बर्थ ही बचा हुआ है. जानकारी के अनुसार रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख को रिमूव करने की चर्चा है. कांग्रेस विधायकों के बीच पसोपेश की स्थिति बन गई है. जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने विक्षुब्ध विधायकों को भरोसा दिलाया था कि इस बार नये चेहरों को जगह मिलेगी. वहीं पूर्व मंत्रियों के खेमे के अनुसार प्रभारी ने उन्हें भी भरोसा दिलाया था कि चेहरे नहीं बदले जाएंगे. इस तरह दोनों ओर फिलहाल शांत करने कोशिश की गई है. प्रदेश प्रभारी को यह भी अंदेशा है कि ऐसा करने पर दूसरे विधायक नाराज हो सकते हैं.




### खास बातें
- बादल पत्रलेख की मंत्री पद से हो सकती है छुट्टी
- बादल की जगह दीपिका की हो सकती है इंट्री
- बजट सत्र के दौरान रामेश्वर को हटाना मुश्किल

### देवघर में नाराज दिखे थे राहुल गांधी



पार्टी सूत्रों के अनुसार बादल पत्रलेख की छुट्टी हो सकती है. इसकी वजह यह बताई जा रही है कि राहुल गांधी के देवघर में पूजा के दौरान पीएम मोदी के पक्ष में नारे लगे थे. बादल पत्रलेख के लिए यह नारेबाजी नकारात्मक राय क्रिएट कर चुकी है. उनके खिलाफ पहले ही पार्टी के कई विधायक बोलते रहे हैं. जानकारी के अनुसार बादल जगह महगामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह को जगह मिल सकती है.

### बन्ना, अंबा और अकेला के बीच है कड़ी टक्कर



वहीं पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता और अंबा प्रसाद के बीच मंत्री पद के लिए कड़ी टक्कर है. इसकी वजह यह है कि बन्ना गुप्ता के ओबीसी कैटेगरी को बैलेंस करने के लिए अंबा प्रसाद को पार्टी एक विकल्प दिखती हैं. बन्ना गुप्ता अपनी फिल्डिंग सेट करने में लगे हुए हैं. वहीं अंबा प्रसाद ने एड़ी चोटी लगा दी है. राहुल गांधी से मिलने के लिए खूंटी में उनकी न्याय यात्रा में भी शामिल हुई थीं. बन्ना की जगह लेने के लिए उमाशंकर अकेला भी जोर लगा रहे हैं.

### बजट सत्र के दौरान रामेश्वर को हटाना मुश्किल



डॉ रामेश्वर उरांव को बजट सत्र को देखते हुए उन्हें हटाना मुश्किल दिख रहा है. चर्चा यह है कि डॉ रामेश्वर उरांव अर्थशास्त्र के अच्छे जानकार हैं. जो भी हो मंत्री बनने की होड़ में शामिल होने की दौड़ सबसे अधिक कांग्रेस में लगी है. जानकारी के अनुसार कांग्रेस की ओर से मंत्री बनने वाले तीन लोगों में से कम से कम दो नए चेहरे हो सकते हैं. अब देखना होगा कि 16 फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार में किनकी किनकी लॉटरी खुलती है, किसके सिर पर ताज सजेगा.

## ओबीसी अधिकार रैली को सफल बनाने की अपील

**बालूमाथ(लातेहार)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता, अधिकार मंच एवं राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में 11 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में ओबीसी अधिकार सम्मेलन व रैली का आयोजन किया जायेगा. इस रैली को सफल बनाने के लिए प्रखंडों मे सघन जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में एकता रथ बालुमाथ पहुंचा और लोगो से इस पलामू प्रमंडलीय सम्मेलन में भाग लेने की अपील की. यहां एक नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया. संयोजक जुगल पाल ने कहा कि झारखंड में पिछड़े वर्ग की आबादी 50 फ़ीसदी से भी अधिक है. इसमें हिंदू और मुसलमान समाज से जुड़े 85 जातियां आती है. लेकिन यहां के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है. यह वर्ग सभी क्षेत्रों में अपने अधिकारों से वंचित है. मौके पर लातेहार जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

### प्रदेश के एक व्यक्ति को बचाने के लिए बनाया गया राज्यपाल, हम असंवैधानिक नहीं

# पेपर लीक मामले की जांच एसआईटी से कराएंगे: सुप्रियो

विशेष संवाददाता ।रांची

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश के एक व्यक्ति को जांच से बचाने के लिए राज्यपाल बनाया गया है. हमलोग असंवैधानिक काम करनेवाले लोग नहीं हैं. सरकार का काम है राजभवन की सुरक्षा करना. सीबीआई से बेहतर हमारी एसआईटी है. हम उसी से पेपर लीक मामले की जांच करायेंगे. सीबीआई की विश्वनियता पर सवाल उठने लगे हैं. सुप्रियो ने कहा कि हिंदी में एक कहावत है "दाढ़ी में तिनका", यह अभी सच की तरह लग रहा है. मीडिया से पता चला कि राज्यपाल ने कुछ मीडिया को बुलाया था. एक मीडिया हाउस से स्पष्टीकरण भी मांगा है. कई सारी बातें कहीं हैं.

एक न्यूज एजेंसी से राज्यपाल ने कहा है कि हेमंत सोरेन को ईडी हिरासत में ले चुकी थी, उसके बाद हेमंत सोरेन इस्तीफा देने राजभवन आये थे. उक्त बातें राज्यपाल के बयान पर जवाब देते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कही. शुक्रवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सुप्रियो ने बताया कि ईडी ने हिरासत में लेने की जानकारी दी, तब सभी लोग राजभवन पहुंचे. राजभवन से दो बसों को अंदर जाने की इजाजत मिली. थोड़ी ही देर में राजभवन के अंदर जाने के बाद इजाजत नहीं मिलने की बात कहते हुए सबों को बाहर निकाल दिया गया. सुप्रियो ने बताया कि राज्यपाल से वर्तमान सीएम ने सरकार बनाने का दावा किया था, तब उनके दावे को अस्वीकार करते हुए, राज्यपाल अपने कक्ष की ओर चले गए थे, जिसके बाद बह 15 मिनट के बाद दोबारा आए और दावे को स्वीकार किया. दूसरे दिन राज्यपाल के प्रधान सचिव से फोन पर बात की गई. तब भी सही जानकारी नहीं दी गई. इसके बाद फिर से राजभवन से समय की मांग की गई. तब गठबंधन के पांच नेताओं को मिलने की अनुमति मिली.

रात 10 बजे चंपाई सोरेन को सीएम बनने की बात कही गई. सुप्रियो ने कहा कि जब रात 8:30 बजे हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दिया फिर अगले दिन रात तक का इंतजार क्यों किया गया. एक दिन से अधिक समय तक राज्य का कार्यपालक कौन था. मंत्रिमंडल विस्तार के समय फ्लोर टेस्ट की बात कहीं गई. 81 सदस्यीय विधानसभा में 49 विधायकों के समर्थन के बाद भी उन्हें राय लेनी पड़ी. उन्होंने मीडिया को बताया कि बिहार की परिस्थिति अलग है.



### क्या कहा
- सुप्रियो ने कहा सीबीआई से बेहतर हमारी एसआईटी
- सीबीआई की विश्वनियता पर उठने लगे हैं सवाल

### 40 घंटे फरार थे हेमंत, तब किसके भरोसे था राज्य : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार किया है. प्रतुल ने कहा कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने पैदा की थी. देश के इतिहास में पहली बार शर्मशार करने वाली घटना घटित हुई, जब एक चुना हुआ मुख्यमंत्री कानून के डर से 40 घंटे तक फरार रहा. इस दौरान वह अपने राज्य के किसी भी अधिकारी से भी संपर्क में नहीं था. यानी साढ़े तीन करोड़ जनता को उनके भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया था. प्रतुल ने कहा कि झारखंड में तो सिर्फ भागम भाग का खेल चल रहा है. पहले 'भाग हेमंत भाग' हुआ. उसके बाद 'भाग विधायक भाग' हुआ. राजभवन ने चंपई सोरेन के सरकार बनाने के दावे पेश करने के बाद असामान्य परिस्थितियों के बीच विचार-विमर्श और कानून के मुताबिक निर्णय लिया. अब इसपर भी झामुमो को आपत्ति है.

**यह रिश्ता क्या कहलाता है :** प्रतुल ने झामुमो और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बीएमडब्ल्यू की रिकवरी पर अभी तक दोनों दल रहस्यमय तरीके से खामोश हैं. प्रतुल ने जानना चाहा कि धीरज साहू और हेमंत सोरेन के बीच का रिश्ता आखिर क्या कहलाता है. प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या इतनी घनिष्ठता थी कि धीरज साहू अपनी गाड़ी हेमंत के गैरेज में रख रहे थे और हेमंत सोरेन अपना पैसा धीरज साहू के घर रख रहे थे. प्रतुल ने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि जो 350 करोड़ रुपए की रिकवरी धीरज साहू के घर में हुई थी, उसमें हेमंत सोरेन का कितना हिस्सा था.

### यूजीसी की गाइड लाइन

## उच्च शिक्षण संस्थान को 15 साल के लिए बनाना होगा प्लान

संवाददाता ।रांची

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने हायर एजुकेशन में गुणवत्ता के लिए गाइड लाइन जारी की है, जिसका नाम य ूज ीआ ई ड ीप ीए च ई आ ई (गाइडलाइंस फॉर इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट प्लांस फॉर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस) है.

गाइड लाइन के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थानों को वोकेशनल एजुकेशन ट्रेनिंग व स्किल को शुरू करने को कहा है. अब उच्च शिक्षण संस्थानों को एक ऐसा प्लान भी बनाना होगा, जिसमें पढ़ाई पूरा करने के बाद आने वाले 15 सालों तक उन्हें फायदा पहुंचे. ऐसे कोर्स को भी जोड़ना है, जिसे छात्रों को पढ़ने के बाद लाभ पहुंचे. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस प्रकार के काम किए जा रहे हैं. वहीं यूजीसी का निर्देशन है कि इस प्रकार के प्लान बनाते समय संस्थान, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं शामिल रहे. प्लान की क्या रूपरेखा होगी, इसके लिए सभी शामिल होकर बनाएंगे तो अच्छा प्लान विकसित होगा. उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है. इस प्लान में छात्रों की भी भूमिका अहम होगी.

### यूजीसी ने दी है ये गाइड लाइन
- लक्ष्य और उद्देश्य को चुनें
- संसाधन की जरूरत के लिए प्लान बनाएं
- नए-नए प्रयोग करें
- रणनीति बनाए और काम करें
- जरूरत के अनुसार बदलाव करें
- जांच करें और रिपोर्ट बनाएं

## नौकरशाह लोगों पर नियम कानून ना थोपें

संवाददाता। चाईबासा

गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन झारखंड पुनरूत्थान अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को छह सूत्री मांग पत्र प्रेषित कर जिला के आला अधिकारियों की प्रशासनिक कार्यसंस्कृति की ओर ध्यान आकृष्ट किया है. छह सूत्री मांग पत्र में अभियान संयोजक ने उल्लेख किया है झारखंड पांचवी अनुसूची राज्य है. प. सिंहभूम अनुसूचित जिला है. जिला में विकास परियोजना हो या विधि व्यवस्था सामान्य क्षेत्र के नियम कानून जिला वासियों पर जिला में पदस्थापित नौकरशाह के द्वारा नहीं थोपा जाना चाहिए. इसके लिए झारखंड पुनरूत्थान अभियान की ओर से एक वर्षों से जिला के आला अधिकारियों को चरणबद्ध आंदोलन करने के बाद बार-बार लिखित मांग पत्र के द्वारा ध्यान आकृष्ट किया गया. लेकिन वे पोस्टकॉर्ब से इतर इस जिला के निरक्षर निर्दोष आदिवासी मूलवासियों को कहने लगते है कि सरकार की जमीन है.

## केयू में जेनेरिक पेपर की परीक्षा के लिए मुख्यमंत्री व राज्यपाल को ज्ञापन

संवाददाता। जमशेदपुर

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) झारखंड राज्य कमेटी की ओर से कोल्हान विश्वविद्यालय में जेनेरिक पेपर की परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई है. इसे लेकर संगठन की ओर से मुख्यमंत्री व कुलाधिपति सह राज्यपाल को ई-मेल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है. संगठन के राज्य सचिव सोहन महतो ने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय में वर्ष 2017 से सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है, उसके बाद से दो सब्सिडियरी पेपर की जगह केवल एक पेपर पढ़ाया गया और परीक्षा भी ली गई. लेकिन अब एक पेपर की परीक्षा के कारण कई ऐसी प्रतियोगिता परीक्षाएं हैं जिसमें छात्र-छात्राएं शामिल नहीं हो पा रहे हैं. जैसे इस बार झारखंड में लैब टेक्नीशियन की परीक्षा हुई, जिसमें छात्र शमिल नहीं हो पाए. इस कारण छात्र काफी परेशान हो रहे हैं. राज्य के अन्य विश्वविद्यालय में जेनेरिक पेपर की परीक्षा आयोजित की जा चुकी है, लेकिन कोल्हान विश्वविद्यालय में छात्रों के द्वारा मांग किए जाने पर भी परीक्षा आयोजित नहीं की गई है. अतः छात्रों के भविष्य को देखते हुए झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह सत्र 2017 से दूसरे जेनेरिक पेपर की विशेष परीक्षा आयोजित की जाए. अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होगा. इस दौरान कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.




## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है : विधायक

**मधुबन।** खरखरी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में शुक्रवार की शाम भाजपा की कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो उपस्थित थे. कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया. अपने संबोधन में विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है. इस बार भी जहां केंद्र में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रहे है, वहीं झारखंड में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी. झारखंड में डबल इंजन की सरकार को योगी मॉडल से चलाया जाएगा. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी जैसी कहावत चरितार्थ होता दिख रहा है. लूट खसोट की राजनीति करने वाले आज पूरी तरह से ईडी के चंगुल में फंस चुका है.

## किशोरी ने बाल विवाह का किया विरोध परिजन ने अपनाने से किया इनकार

संवाददाता। धनबाद

एक किशोरी को बाल विवाह का विरोध करना भारी पड़ गया है. विरोध की वजह से उसके परिजन बेटी को अपनाने से इनकार कर रहे हैं. मामला झरिया के कोइरीबांध का है. किशोरी ने अपनी शादी का विरोध किया और इसकी शिकायत चाइल्डलाइन रांची से की थी. शिकायत पर बुधवार को बाल विवाह रुकवाया गया और लड़की को रेस्क्यू किया गया. धनबाद सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने बताया कि झरिया के कोइरीबांध की किशोरी का विवाह बुधवार को चंद्रपुरा के पहाड़ी मंदिर में होना था. इसकी सूचना चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को मिली. स्थानीय पुलिस व चाइल्ड लाइन की टीम को कोइरीबांध भेजा गया. जिस समय टीम पहुंची, उस समय शादी की तैयारी चल रही थी. शादी के लिए किशोरी समेत परिवार के सदस्य चंद्रपुरा रवाना होने वाले थे. उम्र सत्यापन के बाद 16 वर्षीया किशोरी दुल्हन को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया. उसे सरायढेला स्थित बालिका गृह भेज दिया गया है. परिजन अब उसे अपनाने से इनकार कर रहे हैं.

- बाल विवाह को विरोध पड़ा भारी
- परिजन ने किशोरी को अपनाने से किया इनकार
- सीडब्ल्यूसी मां की कराएंगे काउंसिलिंग

### मां की होगी काउंसिलिंग

सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को किशारी के पिता को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होना था, लेकिन वह नहीं पहुंचा. मां बालिका गृह से किशोरी को घर ले जाने के लिए तैयार नहीं है. सीडब्ल्यूसी के सदस्य किशोरी के घर जाएंगे और मां की कांउसिलिंग की जाएगी. किशोरी नौवीं कक्षा की छात्रा है. पूछताछ में उसने बताया कि वह शादी नहीं करना चाहती थी और आगे पढ़ाई करना चाहती है, इसलिए उसने किसी अन्य माध्यम से रांची चाइल्डलाइन में शिकायत की थी. जिस लड़के से शादी होने वाली थी वह व्यस्क है और बोकारो में निजी कंपनी में नौकरी करता है.

### बड़ा विवाद | धार्मिक देवशाल पत्थर को हटाकर घर बनाने के कारण ग्रामीण अक्रोशित

# नीमडीह में पुलिस-प्रशासन की सक्रियता से दंगा टला

संवाददाता । चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झिमड़ी गांव के साप्ताहिक हाटतोला में जाहिरा के जमीन पर हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था देवशाल पत्थर को कथित रूप से हटाकर टीना शेड बनाए जाने के बाद ग्रामीण में आक्रोश है. बुधवार की रात एक समुदाय के लोग कथित रूप से देवशाल पत्थर को हटाकर टीना शेड निर्माण कर दिया था.

गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली, तो सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक को फोन पर इसकी जानकारी देकर आस्था पर ठेस न पहुंचाने का आग्रह किया. गुरुवार सुबह नीमडीह थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंच कर अक्रोशित ग्रामीणों को समझाया और कहा कि शुक्रवार को सरकारी अमीन से मापी करायी जाएगी. शुक्रवार को नीमडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी मो तंजिल खान, तिरुलडीह थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार पुलिस बल के साथ सरकारी अमीन से जाहिरा के जमीन की मापी करायी. मापी में उक्त जमीन जाहिरा का चिन्हित हुआ. अंचल अधिकारी ने अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को तत्काल टीना शेड हटाने का निर्देश दिया. वहीं तत्काल पुलिस बल की मौजूदगी में टीना शेड हटाया गया. नीमडीह प्रशासन एवं पुलिस के सक्रियता से ग्रामीणों के बीच बड़ा बवाल होने से टल गया.



**होती है सड़क पूजा :** इस संबंध में झिमड़ी सोलोआना दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने बताया कि झिमड़ी के जाहिरा की जमीन पर लगभग तीन सौ साल पुरानी हिंदुओं की आस्था देवशाल पत्थर को एक समुदाय के व्यक्ति ने हटाकर उस स्थान पर टीना शेड का मकान बनाया लिया. उन्होंने कहा कि देवशाल पत्थर काफी प्राचीन है. उन्होंने कहा कि तीन सौ साल पहले से यहां चड़क पूजा के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की पूजा के पूर्व पाटा को धार (शाल) दिया जाता है. उन्होंने प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की सक्रियता से एक बड़ा हंगामा टल गया. इस संबंध में ग्रामीणों ने झिमड़ी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य को जानकारी दिया. जनप्रतिनिधि इस विवाद का फैसला नहीं कर पाए.

## कृषि योजनाओं का लाभ लें किसान, स्वावलंबी बनें: पूनम

**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने किसानों से सरकार के द्वारा चलायी जा रही कृषि योजनों का लाभ लेने की अपील की. उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों के लिए कई योजनायें चलायी जा रही है, किसान उनका लाभ ले और स्वाबलंबी बनें. जिप अध्यक्ष जिला स्टेडियम में संयुक्त कृषि कार्यालय लातेहार के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं. उन्होंने आधुनिक तरीके से कृषि कर अधिक पैदावार करने की अपील की. इससे पहले जिप अध्यक्ष पूनम देवी, रामा रविदास, विनोद उरांव, संतोषी शेखर, सरोज देवी, प्रियंका देवी, चंचला देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया.

### जेएसएससी के खिलाफ आंदोलन करेगी आजसू

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआई जांच : आजसू

संवाददाता ।रांची

आजसू के संगठन सचिव एस अली ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में बड़ी मात्रा में धांधली हुई है. सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर गठित एसआईटी से आजसू पार्टी संतुष्ट नहीं है. छात्रों के हक और अधिकार के खातिर आजसू जेएसएससी के खिलाफ अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन करेगी.

इन मांगों में सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने, इस परीक्षा में हुए धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने और गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्यवाही करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है. प्रेस वार्ता के दौरान हरीश कुमार, गौतम सिंह, ओम वर्मा, जब्बार अंसारी, सचिन भगत,चेतन प्रकाश, अजित सिंह, रोशन, आशुतोष मौर्य, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष सिन्हा, दीपक दुबे मौजूद थे.

**विवाद :** पिता अनिरुद्ध सिंह जडेजा ने कहा- बेटा-बहू से किसी तरह के संबंध नहीं

# रवींद्र जडेजा को क्रिकेटर बना कर हो रहा पछतावा

**ऐजेंसी । नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के पिता अनिरुद्ध ने एक अखबार को दिए इंटरव्यू में बड़ा खुलासा किया. उन्होंने बताया कि अब उनका रवींद्र जडेजा और उसकी पत्नी रीवाबा से किसी तरह का कोई संबंध नहीं है. उन्होंने बताया कि रवींद्र की शादी के दो-तीन महीने बाद से ही घर में विवाद होने लगा था. पता नहीं उसकी पत्नी ने उस पर क्या जादू कर दिया है. वह मेरा बेटा है इसलिया दिल जलकर राख हो जाता है. हालात इस तरह खराब हो चुके हैं कि न हम उन्हें बुलाते हैं न वे हमें बुलाते हैं. रवींद्र जडेजा के पिता ने कहा कि फिलहाल मैं जामनगर में अकेला रहता हूं, सवींज्र अलग रहता है. उन्होंने कहा कि उसे क्रिकेटर बाकर पचतावा हो रहा, उसे क्रिकेट न बनाता तो अच्छा होता और हम इस हाल में नहीं होते. अनिरुद्ध ने बताया कि रवींद्र की शादी के तीन महीने बाद से ही घर में कलह होने लगी.

शादी के तीन महीने बाद ही रीवाबा कहने लगीं कि सब कुछ मेरा होना चाहिए, मेरे नाम पर होना चाहिए. उन्होंने परिवार को परेशान करना शुरू कर दिया. वे परिवार नहीं चाहतीं, अकेले आजादी से रहना चाहती थीं. उन्होंने कहा कि चलो मान लिया कि मैं बुरा हूं, रवींद्र की बहन नयनाबा भी खराब है, लेकिन परिवार में 50 लोग हैं, क्या सब बुरे हैं. ये बस उनकी नफरत है.अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि अलग-अलग रहने के कारण मैंने पांच साल से अपनी पोती का चेहरा नहीं देखा है. उन्होंने बताया कि रीवाबा के माता-पिता, खासतौर से रवींद्र की सास ही सब कुछ संभालती हैं. उनका दखल बहुत अधिक है.



**बेतुके इंटरव्यू में कही गई बाते निरर्थक व झूठी : रवींद्र जडेजा**

*रविंद्र जडेजा ने पिता के द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप पर सोशल मीडिया (एक्स) पर पोस्ट पर सफाई दी . जडेजा ने अपने पिता के द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को निराधार बताया . उन्होंने कहा उनकी छवि बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है साथ ही उन्होंने इस इंटरव्यू को इग्नोर करने की अपील की है. जडेजा ने एक्स पर लिखा कि बेतुके इंटरव्यू में कही गई सभी बातें निरर्थक और झूठी हैं. यह एक तरफ से कही गई बात है, जिसे मैं अस्वीकार करता हूं. मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास वास्तव में निंदनीय और अशोभनीय है. मुझे भी बहुत कुछ कहना है, जो तब तक ठीक है जब तक मैं इसे सार्वजनिक रूप से न कहूं.*

### पत्नी की पेंशन से खर्च चला रहे हैं अनिरुद्ध

अनिरुद्ध सिंह बताया, वह अपनी पत्नी की 20 हजार रुपये की पेंशन से घर खर्च चलाते हैं. उन्होंने बताय कि मैं टू बीएचके फ्लैट में अकेला रहता हूं. दिन में दो बार मेड से खाना बनवाता हूं और अच्छे से रहता हूं, जिंदगी अपने तरीके से जीता हूं. फ्लैट में अब भी रवींद्र के लिए अलग कमरा है. पहले वो इसी कमरे में रहता था. इसमें रवींद्र की



शील्ड और जर्सी सजाकर रखी हैं. इससे उसकी सारी यादें आंखों के सामने रहती हैं. अब भी रवि मैच खेलता है, तो नजर उसी पर रहती है.

### बहन नयनाबा ने मां की तरह पाला

रवींद्र जडेजा के बचपन को याद करते हुए अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि हमने रवींद्र को क्रिकेटर बनाने के लिए बहुत मेहनत की. मैंने चौकीदारी का काम किया. घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी. मुझसे ज्यादा नयनाबा ने मेहनत की. नयनाबा रवींद्र की बहन है, लेकिन उसने उसे मां की तरह पाला है. अब नयनाबा के साथ भी उसका कोई लेना-देना नहीं है.

### रीवाबा के परिवार को पैसों से मतलब

रवींद्र की पत्नी रीवाबा के परिवार पर आरोप लगाते हुए अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि रीवाबा अपने माता-पिता की इकलौती बेटी हैं. उन लोगों को रवींद्र की जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ पैसों से मतलब है. हमें इसकी जरूरत भी नहीं है. मेरे पास खेत और पेंशन है. होटल (जड्डूस) भी हमारा है, जिसका मैनेजमेंट नयनाबा करती है.

किया था दावा, दूसरे बच्चे का इंतजार कर रहे हैं विराट व अनुष्का

# गलत जानकारी साझा कर बड़ी गलती कर दी : एबी



**भाषा । जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी. कोहली ने निजी कारणों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने यहां कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है. डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने 'यूट्यूब चैनल' पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं. दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने यहां 'एसए20 लीग' के इतर चुनिंदा मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैंने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था.

मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी. मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी. 'एसए20' के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिये. कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है. मैं बस उनके लिये सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं. इस ब्रेक का कारण चाहे जो भी हो, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह मजबूत और बेहतर तरीके से वापसी करेंगे. क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और उनका यह भी मानना है कि भारत खिताब के सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा. टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था. टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं.

**1** डिविलियर्स ने कहा- परिवार सबसे पहले आता है, विराट को परिवार के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का पूर हक

**2** डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने 'यूट्यूब चैनल' पर दावा किया था कि कोहली बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं

### विश्व कप में सूर्याकुमार की बल्लेबाजी देखना चाहते हैं डिविलियर्स

डिविलियर्स ने 'भाषा' के सवाल पर कहा कि टी20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्याकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं. मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान का मानना है कि भारत 13 साल से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का कलंक मिटा सकता है. उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा. इतने साल से आईपीएल हो रहा है और उसने भारतीय क्रिकेट की जड़ें काफी मजबूत कर दी है. भारत सबसे मजबूत टीमों में से एक होगी लेकिन हर बार सबसे मजबूत टीम जीत नहीं पाती. उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि उन्हें अपने मौके भुनाने होंगे और थोड़ा किस्मत का साथ भी जरूरी है. दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है. उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही. गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं.

# ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए कुश्ती ट्रायल 10 व 11 मार्च को

**भाषा । नयी दिल्ली**

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा. इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन 'अपरिहार्य परिस्थितियों' के कारण सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया. महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे. भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने एक बयान में कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी. समिति ने कहा कि इससे पहले ट्रायल को 27 से 29 फरवरी के बीच आयोजित करने की घोषणा की गयी थी लेकिन 2023 सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन में देरी के कारण ट्रायल्स को स्थगित किया जा रहा है. ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और नौ से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा.

# रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार रग्बी इंडिया

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है. लीग में भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभायें हिस्सा लेंगी. यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जायेगी जिसके शुरूआती चरण में छह टीम हिस्सा लेंगी. आईआरएफयू के अध्यक्ष ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है. रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है. उन्होंने कहा कि इससे हमारा विश्वास मजबूत हुआ कि अब हमारे लिए भारत में एक पेशेवर लीग शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ने का सही समय है. हमें भरोसा है कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी.

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराया

## वार्नर ने अपने 100वें टी-20 में किया शानदार प्रदर्शन, जड़ा अर्धशतक

**होबार्ट (आस्ट्रेलिया)**



**36** गेंद में वार्नर ने बनाए 70 रन

**11** रन से जीता ऑस्ट्रेलिया

सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने 100वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 36 गेंद में 70 रन जड़े जिसके बाद स्पिनर एडम जम्पा के (26 रन देकर) तीन विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रन से शिकस्त दी. वार्नर और टिम डेविड (17 गेंद में नाबाद 37 रन) की आक्रामक पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सात विकेट पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया. वेस्टइंडीज की टीम ने ब्रैंडन किंग (53) और जॉनसन चार्ल्स (42) की बदौलत तेज शुरूआत की लेकिन जम्पा के महत्वपूर्ण मौकों पर दिये गये झटकों से ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिद्वंद्वी टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन ही बनाने दिये. ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान को 3-0 से हराने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वार्नर ने कहा कि वह छोटे प्रारूप से संन्यास लेने से पहले आगामी टी-20 विश्व कप में खेलना चाहते हैं. ऑस्ट्रेलियाई टीम अगले तीन हफ्तों में छह टी-20 मैच खेलेगी. उसने वनडे श्रृंखला में वेस्टइंडीज को 3-0 से शिकस्त दी थी. तीन मैच की टी-20 श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को एडीलेड में खेला जायेगा.

# हांगकांग में मैच के दौरान मेस्सी थे अनुपस्थित, नाराजगी बढ़ी

**भाषा । हांगकांग**


हांगकांग में एक फुटबॉल मैच के दौरान लियोनल मेस्सी के मैदान पर नहीं उतरने के बाद सरकार और खेल प्रेमियों के गुस्से का सामना करने वाले आयोजक ने शुक्रवार को कहा कि वे विश्व कप विजेता फुटबॉलर की अनुपस्थिति के लिए टिकट की 50 प्रतिशत राशि लौटने की पेशकश करेंगे. इस हफ्ते के शुरू में स्थानीय टीम के खिलाफ हुए इस मैच में मेस्सी को भी मैदान पर खेलने उतरना था लेकिन वह 'ग्रोइन' चोट के कारण पूरे 90 मिनट तक बेंच पर बैठे रहे. लेकिन अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी बुधवार को इंटर मियामी के ताजा प्रदर्शनी मैच में तोक्यो में 30 मिनट तक मैदान पर उतरा था, जिससे पिछले दो दिन से चीन में सोशल मीडिया पर लोग मेस्सी के हांगकांग में मैच नहीं खेलने पर निराशा व्यक्त कर रहे हैं. शुक्रवार को स्थानीय आयोजक टैटलर एशिया ने 'इंस्टाग्राम' पोस्ट पर उन लोगों से माफी मांगी जो मैच से काफी निराश थे. उसने कहा कि मेस्सी के नहीं खेलने के बारे में जब पता चला तो उसने इंटर मियामी के प्रबंधन से अनुरोध किया था कि वह इस फुटबॉलर से दर्शकों को समझाने का आग्रह करे. अनुबंध के अनुसार मेस्सी को 45 मिनट तक खेलना था लेकिन अगर चोटिल हो तो ऐसा नहीं कर पायेगा.

# टीम से बाहर हो सकते हैं अय्यर

## अंतिम तीन टेस्ट से पहले 'ग्रोइन' व कमर में खिंचाव की शिकायत

- अय्यर ने पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी

**भाषा । नयी दिल्ली**



श्रेयस अय्यर ने कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत की है जिसके बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है. अय्यर को कमर में लगातार परेशानी हो रही है जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी. अय्यर (29 वर्ष) ने पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी. वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाये थे. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि उन्होंने खिंचाव और कमर में दर्द की शिकायत की है. भारत पहले ही चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं. स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाये थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना नहीं है. भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है. श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है. भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है.

**मिले टिप्स** आक्रामक गेंदबाजी से अंडर-19 विश्व कप में सुर्खियां बंटोरने वाले नमन तिवारी ने कहा-

# एनसीए में जसप्रीत बुमराह मे मिले टिप्स काफी कारगर साबित हुए

**भाषा । बेनोनी**

अपनी आक्रामक गेंदबाजी से अंडर-19 विश्व कप में सुर्खियां बंटोरने वाले बायें हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने कहा कि एनसीए में सीनियर गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से मिले टिप्स ने उन्हें एक बेहतर गेंदबाज बनाने में काफी मदद की है. लखनऊ के रहने वाले तिवारी ने टूर्नामेंट में आयरलैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई थी. इसके अलावा उनके शानदार यॉर्कर और रफ्तार भी चर्चा का विषय बने हुए हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल के लिये भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से इतर उन्होंने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा कि बुमराह तो हमारे लिये प्रेरणास्त्रोत हैं. उनकी गेंदबाजी के वीडियो मैं बहुत देखता हूं. एनसीए में मुझे कई बार मिले हैं और उनसे गेंदबाज की मानसिकता और कौशल के बारे में काफी बात की है. उन्होंने बहुत कुछ समझाया है जो काम आ रहा है. तिवारी ने कहा कि उन्होंने बताया कि सटीक यॉर्कर कैसे लगा सकते हैं जिस पर मैंने काफी काम किया. इसमें और आक्रामकता लाने के लिये मेहनत करनी है. उन्होंने आगे कहा कि मैं हर गेंदबाज से कुछ न कुछ सीखता हूं. जिसका जो अच्छा लगता है , उसके वीडियो देखकर समझने और सीखने की कोशिश करता हूं.



### विश्व की सबसे तेज गेंद फेंकना चाहते हैं नमन

नमन का लक्ष्य दुनिया की सबसे तेज गेंद फेंकना है और इसके लिये वह हर तेज गेंदबाज से कुछ ना कुछ सीखते हैं. उन्होंने कहा कि मैं एक दिन दुनिया की सबसे तेज गेंद फेंकना चाहता हूं. इरादे तो सीनियर टीम के साथ विश्व कप खेलने के भी हैं लेकिन फिलहाल प्रदर्शन पर फोकस करना है. मैं अपने खेल में लगातार निखार लाना चाहता हूं क्योंकि आगे चुनौतियां और भी बड़ी आयेंगी और उनका सामना करने के लिये अपना बेस तैयार करना होगा.

### बल्लेबाज बनना चाहते थे नमन

नमन तिवारी ने कहा कि वह असल में बल्लेबाज बनना चाहते थे लेकिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलने की वजह से उन्हें गेंदबाजी चुननी पड़ी. उन्होंने कहा कि बतौर बल्लेबाज ही मैने क्रिकेट खेलना शुरू किया था लेकिन मुझे बल्लेबाजी मिलती ही नहीं थी. इसलिये मैंने लखनऊ में अकादमी में गेंदबाजी शुरू की और बायें हाथ से काम करता हूं तो बायें हाथ का ही तेज गेंदबाज बना. तिवारी के पिता एलआईसी में अभिकर्ता हैं और आम मध्यमवर्गीय परिवार की तरह तीन बहनों के इस इकलौते भाई पर भी पढ़ाई पर फोकस करने का दबाव था लेकिन उसका दिल क्रिकेट में लगता था. उन्होंने कहा कि पापा हमेशा पढने के लिये कहते रहते थे. मैं सातवीं में था और मेरा मन क्रिकेट में लगता था. दो जगह फोकस नहीं कर पाता था तो मैने पापा से तीन साल का समय मांगा ताकि अच्छा क्रिकेटर बनकर दिखा सकूं. आज मेरी सफलता से मेरा परिवार बहुत खुश है.

# सेल यूनिट क्लब वॉलीबॉल टूर्नामेंट में टीम-2 बनी विजेता



**संवाददाता । रांची**

सेल यूनिट स्पोर्ट्स क्लब ने के द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामें में टीम-2 की टीम विजेता बनी. इस टूर्नामेंट में पांच टीमों ने टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया. टूर्नामेंट का फाइनल मैच टीम-2 (कप्तान- उज्ज्वल मंडल) और टीम-4 (कप्तान- मिलिंद वर्मा) के बीच खेला गया. जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम-2 विजयी रही. फाइनल मैच के कार्यक्रम में एसके वर्मा, ईडी-सीईटी और संदीप कुमार कर, ईडी-आरडीसीआईएस ने उपस्थिति दर्ज करा सबको प्रेरित किया. वॉलीबॉल विंग के सचिव मनीष माधव के कुशल प्रयास से यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी. मैचों के सुचारू संचालन का श्रेय रेफरी राजेश कुमार सिंह, कुंदन कुमार और अजय कुमार झा को दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### केके पाठक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**मधुबनी ।** जिला मुख्यालय स्थित शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी केके पाठक ने शुक्रवार को किया. मौके पर पाठक ने उपस्थित शिक्षकों व विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. पाठक ने गुरुवार को जिला के घोघरडीहा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करने के बाद रात्रि विश्राम मुख्यालय स्थित जलसा होटल में किया. इसके बाद उन्होंने शुक्रवार को शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया.

### दादी ने पोते को जहर देकर मार डाला

**नवादा ।** नवादा में एक लोमहर्षक घटना घटी, जहां शुक्रवार को तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई. वहीं, परिजनों ने चचेरी दादी पर बच्चे को जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है. मामला वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के धनकौर गांव की है. आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है. मृतक मासूम की पहचान विकास कुमार के तीन वर्षीय पुत्र अनमोल कुमार के रूप में की गई है. फिलहाल कारणों का पता नहीं चल सका है. वहीं, पुलिस चचेरी दादी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. मुख्यालय डीएसपी कल्याण आनंद ने बताया कि बच्चे को जहर देकर हत्या करने की सूचना मिली है.

### चंदन व शार्गिद समेत दिल्ली से गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस के इनपुट पर जिले का कुख्यात चंदन राम और उसके एक शार्गिद को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है. चंदन एक सीरियल किलर है. उस पर दर्जनों मामले दर्ज है, जिसमें 6 से ज्यादा हत्या के मामले है. हाल में ही मोतिहारी शहर में हत्या की एक घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार चल रहा था. जिसके बाद उसके दिल्ली में होने की सूचना पर स्पेशल सेल की टीम ने धर दबोचा है. बताया गया है कि वह दिल्ली से ही फोन कर लोगों से अवैध वसूली कर रहा था. बिहार पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था.

## उर्मिला इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का मामला

# दूसरे दिन भी पटना-दिल्ली में छापेमारी

**संवाददाता ।पटना**

आयकर विभाग की टीम ने करोड़ों के टैक्स चोरी के मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी उर्मिला इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के कई ठिकानों पर शुक्रवार दूसरे दिन छापेमारी की है. ये छापेमारी पटना के दस और दिल्ली के दो ठिकानों पर हुई है. ये छापेमारी पटना में उर्मिला इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार के खाजपुरा कॉलोनी में स्थित आवास और पाटलीपुत्रा इंडस्ट्रियल एरिया में की गयी है, जहां से टीम ने 35 लाख से अधिक कैश



फाइल फोटो

बरामद किया हैं, जिसकी जांच चल रही है. इसके साथ ही शुक्रवार को इस कंपनी के दो अन्य निदेशकों के घरों और इनसे जुड़े ठिकानों पर भी टीम जांच कर रही है.

बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज मिले हैं. इसमें सरकारी कर्मियों के अस्थायी बहाली से जुड़े दस्तावेज भी हैं. अविनाश कुमार के अलावा कंपनी के दो अन्य निदेशक में ज्योति कुमारी और सुधीर कुमार सिंह है. आठ साल पुरानी इस कंपनी और इसके निदेशकों से संबंधित कई अन्य कंपनियां भी हैं. सभी स्थानों के कार्यालयों में भी आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है.

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व से ही आयकर विभाग की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं. पटना के पाटलीपुत्र औद्योगिक क्षेत्र के पास स्थित कंपनी के कार्यालय और कंपनी के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार के खाजपुरा मोहल्ला स्थित आवास पर छापेमारी हुई है.

## रेलवे में लैंड फॉर जॉब का मामला, लालू परिवार को मिली राहत

# राबड़ी, मीसा, हेमा और हृदयानंद को अंतरिम जमानत

**संवाददाता ।दिल्ली/पटना**

लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को राहत मिली है. शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी को अंतरिम जमानत मिली है. शुक्रवार को राउज ऐवन्यू कोर्ट में पेश होने के लिए पहुंचे थे. स्पेशल जज विशाल गोगने की कोर्ट में पेशी हुई. इस मामले में ईडी ने 4751 पेज की चार्जशीट दाखिल की है. लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी की ये पहली चार्जशीट है. इस मामले में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कुल सात लोगों



### लालू परिवार से हो रही है लगातार पूछताछ

बता दें कि लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार से लगातार पूछताछ हो रही है. अभी कुछ दिनों पहले ही लालू प्रसाद और तेजस्वी से पटना में ईडी ने पूछताछ की थी. लालू को करीब 10 घंटे तो तेजस्वी को 8 घंटे के आसपास बैठाया गया था. कई सवाल पूछे गए थे. अब दिल्ली में राबड़ी, मीसा और हेमा को अंतरिम जमानत मिलने के बाद थोड़ी राहत जरूर मिली है.

को आरोपी बनाया है. सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि आरोपी अमित कात्याल ने वर्ष 2006-07 में एके इन्फोसिस्टम नामक कंपनी का गठन किया था. कंपनी आईटी से जुड़ी हुई थी. ईडी ने अदालत को बताया था कि कंपनी ने वास्तविक रूप से कोई व्यापार नहीं किया बल्कि कई भूखंड खरीदे. इनमें से एक भूखंड नौकरी के बदले जमीन घोटाले से हासिल किया गया. मामले में आरोपी अमित कात्याल वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े. आरोपी हृदयानंद चौधरी भी अदालत में पेश होने के लिए पहुंचे. मामले में सभी आरोपियों ने कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की है. राउज एवेन्यू कोर्ट से रेगुलर जमानत की मांग की है. कोर्ट ने ईडी से जमानत अर्जी पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

## पटना में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

# घर लौट रहे थे, अपराधियों ने घेर कर मारी चार गोली

**संवाददाता।पटना**

पटना के खगौल थाना क्षेत्र के नयन चक काली मंदिर के नजदीक गुरुवार की देर रात अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को गोलियों को भून डाला. आसपास के लोग इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद पूरे इलाका में सनसनी का माहौल कायम हो गया. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. मृतक की पहचान प्रॉपर्टी डीलर भानू पासवान के रूप में हुई है.

**अपनी कार से घर लौट रहे थे :** घटना की जानकारी देते हुए भानू पासवान के साला चितरंजन पासवान ने बताया कि भानू पासवान (40) गुरुवार की देर रात अपनी कार से घर लौट रहे थे. बताया जा रहा है कि घर के कुछ दूरी पर गाड़ी से उतरकर वह पैदल ही घर पहुंचने वाले थे. इसी क्रम में नयानचक काली मंदिर के नजदीक पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ चार गोलियां मार दी.



### पुलिस ने छानबीन शुरू की

स्थानीय लोगों ने घायल भानू पासवान को इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही खगौल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है. पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी को भी खंगालना शुरू कर दिया है. घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है.

## डॉक्टर को इलाज के लिए बुलाया और मार दी गोली

**नालंदा।** जिले के हिलसा थाना इलाके के अकबरपुर गांव में आरएमपी चिकित्सक को गुरुवार देर रात बदमाशों ने बुलाकर गोली मारकर घायल कर दिया है. घायल हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है. घायल डॉक्टर की पहचान अकबरपुर गांव निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है. जो गांव में क्लिनिक चलाता हैं. गोली लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची फिर मामले की जांच में जुट गई. बताया जाता है कि बदमाशों ने मरीज देखने का झांसा देकर डॉक्टर को बुलाया था. मौका मिलते ही गोली मारकर बदमाश फरार हो गए. गोली की आवाज सुनने के बाद गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी. मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर को तीन गोली लगी है. घायल डॉक्टर के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि ग्रामीण चिकित्सक क्लिनिक बंद कर घर आ गए थे, लेकिन एक अंजान नंबर से कॉल आया और बोला कि कुर्मिया विगहा मरीज देखने के लिए जाना है. फोन आने के बाद दीपक क्लिनिक खोल कर अपना बैग लेकर निकल गए, जहां बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से गोली मारकर जख्मी कर दिया. घटना के कारण का पता फिलहाल नहीं चल सका है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### डॉक्टर को पटना रेफर कर दिया गया

इस मामले को लेकर थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. डॉक्टर को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया था. थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पूछताछ में पता चला है कि बदमाशों ने इलाज कराने के लिए डॉक्टर को बुलाया था इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है.

## सीमांचल से चुनावी बिगुल फूंकेंगे ओवैसी

**पटना।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी तीन दिवसीय दौरे



पर बिहार के सीमांचल आ रहे हैं. 16 से 18 फरवरी तक बिहार में रहेंगे. 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे. इस दौरान 16 फरवरी को किशनगंज में जनसभा को भी संबोधित करेंगे. मुस्लिम बहुल सीमांचल की चारों सीट किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार पर ओवैसी की नजर है. 2020 बिहार विस चुनाव में सीमांचल में पांच सीटों पर ओवैसी की पार्टी की जीत हुई थी.

## परीक्षा दिए बिना बन गया शिक्षक, गिरफ्तार

**कटिहार।** बीपीएससी से दूसरे चरण में बहाल हुए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है. इसी क्रम में गुरुवार को एक फर्जी शिक्षक की गिरफ्तारी हुई है. कटिहार के शिक्षा विभाग के कार्यालय में सभी सफल अभ्यर्थियों के चेहरा का मिलान और अंगूठे का मिलान हो रहा था. इस दौरान एक शिक्षक के अंगूठे का मिलान नहीं हो सका तो उस पर शक हुआ. इसके बाद पूछताछ की गई तो उसने खुद ही सब बता दिया. फ्रॉड शिक्षक की पहचान मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में सुग्गापट्टी गांव के रहने वाले ओंकार नाथ भिंडवार के रूप में की गई है.

# फाइनेंस कंपनी के कर्मियों को बंधक बनाकर 8 लाख की लूट

**गया।** खिजरसराय के धूरा पर स्थित एक फाइनेंस कंपनी से बदमाशों ने दिनदहाड़े 8 लाख से अधिक रुपये लूट लिए. शुक्रवार को दिनदहाड़े लूट की इस वारदात के बाद हड़कंप मच गया है. घटना खिजरसराय थाना क्षेत्र की है. दो बाइक पर चार हथियारबंद बदमाशों ने पूरी घटना को अंजाम दिया है. बताया जाता है कि फाइनेंस कंपनी के खुलते ही बदमाश सुबह 10 बजकर 5 मिनट के आसपास घुसे. फाइनेंस कंपनी के गार्ड और कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर अपने कब्जे में ले लिया. फिर बाथरूम में सबको बंद कर दिया. करीब सात मिनट में बदमाशों ने सारा पैसा लूट लिया.

### हथियार लेकर घूसे थे अपराधी

बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने वाला बदमाशों ने पहले ही रेकी कर ली थी. शुक्रवार को जैसे ही फाइनेंस कंपनी का कार्यालय खुला तो हथियार लेकर सबने धावा बोल दिया. बैंक में तैनात गार्ड जब तक कुछ समझ पाता तब तक बदमाशों ने उसे बंधक बना लिया. इसके बाद अन्य कर्मियों को भी बंधक बना लिया गया.

## ऑटो पलटी, आधा दर्जन से ज्यादा घायल

# मौनी अमावस्या पर स्नान करने जा रहे दो की मौत

**संवाददाता ।बगहा**

बगहा जिले में शुक्रवार सुबह बगहा एवं वाल्मीकि नगर मुख्य सड़क पर हुए सड़क हादसे में ऑटो सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं घायल एक महिला व एक पुरूष की मौत हो गई. ये लोग मौनी अमावस्थ्या पर त्रिवेणी संगम पर स्नान करने जा रहे थे तभी यह घटना घटी. घटना से आक्रोशित लोगों ने रोड जाम कर जमकर हंगामा किया. बताया जाता है कि नयागांव-रामपुर



के पास तेज गति से आ रही बोलेरा ने यात्रियों से भरी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार दर्जन भर लोग घायल हो गए. मौके पर पुलिस ने सभी घायलों को जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया गया.

## कारोबार

### मैक्स हेल्थकेयर ने किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से जुड़े मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने नागपुर स्थित एलेक्सिस मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड का 412 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है. मैक्स हेल्थेकेयर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 200 बिस्तरों वाला यह अस्पताल नागपुर के उत्तरी इलाके मनकापुर में दो एकड़ भूमि पर स्थापित है. इस अस्पताल की बिस्तर क्षमता को जरूरी नियामकीय अनुमोदनों के बाद बढ़ाकर 340 बिस्तर तक किया जा सकता है.

### एचपीसीएल बाड़मेर रिफाइनरी शुरू कर देगी

**बेतुल (गोवा)।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) अगले साल जनवरी तक राजस्थान के बाड़मेर में देश की सबसे नई तेल रिफाइनरी शुरू कर देगी, जिससे उत्तर भारत में बढ़ती ईंधन मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी. एचपीसीएल के निदेशक (रिफाइनरी) एस. भारतन ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर पत्रकारों से कहा, 90 लाख टन प्रति वर्ष की रिफाइनरी 76 प्रतिशत यांत्रिक रूप से पूरी हो चुकी है. साल के अंत तक इसका काम पूरा हो जाएगा. रिफाइनरी से पहला उत्पाद दिसंबर या अगले साल जनवरी में आएगा.

### एंटरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस ने जुटाए 716 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** हेल्थकेयर उत्पाद वितरक एंटरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस ने एंकर निवेशकों से 716 करोड़ रुपये जुटाए हैं. बीएसई की वेबसाइट पर बृहस्पतिवार देर रात दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी ने 25 फंड को 1,258 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से कुल 56.95 लाख इक्विटी शेयर आवंटित किए. कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को खुला और 13 फरवरी को बंद होगा. आईपीओ के लिए 1,195-1,258 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है.

## डीएनपीए कॉन्क्लेव एआई की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा

# एआई जीवन को बदलेगा और ट्रांसफॉर्म करेगा

**भाषा।नयी दिल्ली**

नयी दिल्ली में आयोजित डीएनपीए कॉन्क्लेव और अवार्ड्स 2024 में दुनियाभर में एआई (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) की महत्ता पर प्रकाश डाला गया. इस अवसर पर आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई के फायदों को पहचानने के साथ-साथ इसकी चुनौतियों का भी सक्रिय रूप से समाधान कर रही है. मैं नहीं मानता कि हमें टेक्नोलॉजी से डरना चाहिए. एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा आविष्कार है. उन्होंने कहा हमारा ध्यान इस बदलाव का विरोध करने पर नहीं बल्कि इसका पूरी तरह से दोहन करने पर होना चाहिए. यह तय है कि एआई हमारे जीवन को गहराई से आकार देगा, बदलेगा और ट्रांसफॉर्म करेगा. जिसे हम सामान्य मानते हैं उसे फिर से परिभाषित करेगा. हमें एआई प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करने की जरूरत है, जिससे इन प्लेटफार्म्स की सेफ्टी और ट्रस्ट सुनिश्चित हो सके. चाहे आप अमेरिका या भारत की कंपनी हों, या एक छोटी या बड़ी एंटिटी हों, आप उपभोक्ताओं को जो भी प्रदान करते हैं वह सुरक्षित होना चाहिए.



### न्यूज कंजंप्शन के पूरी तरह से डिजिटल होने में एआई बड़ी भूमिका निभाएगा

वहीं नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत का मानना है कि दुनिया में अपलोड की सबसे ज्यादा संख्या के साथ, न्यूज कंजंप्शन भी पूरी तरह से डिजिटल होने की ओर अग्रसर है और एआई ऐसा करने में एक बड़ी भूमिका निभाएगा. उनका मानना है कि न्यूज कंजंप्शन के पूरी तरह से डिजिटल होने में एआई बड़ी भूमिका निभाएगा. कांत ने कॉन्क्लेव में कहा कि मैं रियल टाइम न्यूज एक्सेस कर सकता हूं. जब तक मुझे अगले दिन अखबार में खबर मिलती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है. यह पुराना हो चुका होता है. रात में, दुनिया के अन्य हिस्सों में कई अन्य चीजें घटित हो चुकी होती हैं.

### एआई -जनरेटिव एआई समाचार की दुनिया में बड़ा व्यवधान होगा

अमिताभ कांत का मानना है कि एआई और जनरेटिव एआई न्यूज कंटेंट को स्थानीय बोलियां बोलने वाली डायवर्स ऑडियंस तक पहुंचाने और एक ऑल-इन्क्लूसिव न्यूज एनवॉयर्नमेंट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. उन्होंने एआई-बेस्ड ट्रांसलेशन टूल भाषिनी एआई का उदाहरण दिया. ये टूल रियल-टाइम में विभिन्न भारतीय भाषाओं को ट्रांसलेट करता है. इसने लैंगवेज बैरियर को तोड़ा है. एआई और जनरेटिव एआई समाचार की दुनिया में अगला बड़ा व्यवधान होगा.

### कार्यक्रम को केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय के साथ चलाया जाएगा

बता दें कि एआई की उपयोगिता को देखते हुए माइक्रोसॉफ्ट सजग है. माइक्रोसॉफ्ट भारत के 20 लाख युवाओं को एआई के क्षेत्र में नौकरी के लिहाज से प्रशिक्षित करने के लिए एडवांटेज इंडिया कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की कुछ समय पहले की है. 2025 तक चलने वाले कार्यक्रम को केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय के साथ चलाया जाएगा. प्रशिक्षण में सरकारी विभाग, निजी कंपनियां व गैर-सरकारी संगठन शामिल होंगे.भारत और दक्षिण एशिया में माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष पुनीत चंडोक का कहना है कि एडवांटेज इंडिया पहल पूरे देश में एआई कौशल तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में अहम कदम है. इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों में 5,00,000 छात्रों और नौकरी चाहने वालों को एआई का बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा. टियर 2 और 3 के शहरों में उच्च शिक्षा संस्थानों में 5,000 प्रशिक्षकों के जरिये 1,00,000 छात्राओं के लिए एआई तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके अलावा दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों के स्कूलों में 4,00,000 छात्रों को एआई के जिम्मेदारी से उपयोग और एआई-सक्षम करियर के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि वे अगली पीढ़ी के एआई इनोवेटर्स बन पाएं. माइक्रोसॉफ्ट सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए भारत के राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ 2,50,000 सरकारी अधिकारियों को जेनरेटिव एआई का आवश्यक प्रशिक्षण देगा और उनके कामकाज में एआई के उपयोग को बढ़ाया जाएगा.

**उपलब्धि**

## बेहतरीन व इनोवेशन के साथ सेरेमिक टेबलवेयर परिवेश को मिलेगा नया आयाम

# क्ले क्राफ्ट इंडिया ने डिजिटल प्रिंटिंग लॉन्च की

**एजेंसी।जयपुर**

सेरेमिक टेबलवेयर प्रोडक्ट्स बनाने वाले प्रमुख निर्माता क्ले क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने डिजिटल प्रिंटिंग के लॉन्च के साथ भारत के पहले सेरेमिक टेबलवेयर निर्माता बनने की उपलब्धि हासिल कर ली है. यह टेक्नोलॉजी बेहतरीन कारीगरी एवं इनोवेशन के साथ सेरेमिक टेबलवेयर परिवेश को नया आयाम देगी. ब्राण्ड ने स्पेन के जाने-माने मशीन सप्लायर केराजेट से आधुनिक प्रिंटर खरीदा है, जिसे विश्वस्तरीय प्रिंटिंग समाधानों के लिए जाना जाता है. क्ले क्राफ्ट का मानना है कि यह डिजिटल प्रिंटिंग उपभोक्ताओं की बदलती पसंद के अनुसार टेबलवेयर के डिजाइन में नया बदलाव लेकर आएगी. टेबलवेयर पर सेरेमिक डिजिटल प्रिंटिंग कई कारणों से आधुनिक है. स्थायी प्रथाओं के लिए भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप डिजिटल प्रिंटिंग पानी और पेपर के इस्तेमाल को कम करेगी, इंक एवं मटीरियल के उपयोग को अनुकूलित कर पर्यावरण के प्रति सजग उत्पादन को बढ़ावा देगी. डिजाइन से लेकर प्रिंट की पूरी प्रक्रिया में मात्र 10 मिनट का समय लगता है, जिससे उत्पादन में बिना किसी देरी के रियल टाइम एडजस्टमेंट को सुनिश्चित किया जा सकता है. डिजिटल प्रिंटिंग के आगमन से न्यूनतम ऑर्डर्स की आवश्यकता कम हो जाएगी और एक पीस के लिए भी लागत प्रभावी उत्पादन को सुनिश्चित किया जा सकेगा.

### डायरेक्टर ने खुशी जतायी

डायरेक्टर भारत अग्रवाल ने बताया कि हमें खुशी है कि खूबसूरत हस्तनिर्मित टेबलवेयर पर सेरेमिक डिजिटल प्रिंटिंग के साथ हम भारत में आधुनिक लेकर आए हैं. हम इस नई तकनीक के साथ देश के सेरेमिक उद्योग में नए विश्वस्तरीय मानक स्थापित करने जा रहे हैं. टेबलवेयर के लिए देश के पहले सेरेमिक डिजिटल प्रिंटर का अधिग्रहण इनोवेशन एवं गुणवत्ता के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.



### मार्केट में नया बदलाव लेकर आएंगे

केराजेट के एरिया मैनेजर साउथ एशिया विक्टर आहीकार्ट मोम्पलेट ने क्ले क्राफ्ट के साथ साझेदारी पर बात करते हुए बताया कि इस बदलावकारी यात्रा के लिए क्ले क्राफ्ट के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है. इस साझेदारी के द्वारा हम भारत के टेबलवेयर मार्केट में नया बदलाव लेकर आएंगे. क्ले क्राफ्ट की रचनात्मकता, आधुनिक एवं पेशेवर दृष्टिकोण तकनीकी प्रगति के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

### पेटीएम के शेयर में लगातार दूसरे दिन गिरावट

**नयी दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई. बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 408.30 रुपये पर आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर में 8.20 प्रतिशत गिरकर 410 रुपये पर रहा. वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी. इससे पहले तीन सत्र की भारी गिरावट के बाद गत मंगलवार को शेयर में तेजी आई थी.

### अर्टिगा ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा किया पार

**नयी दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया के बहुउद्देश्यीय वाहन (एमपीवी) अर्टिगा ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है. मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने एक बयान में कहा, अर्टिगा ने उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस वाहन के तौर पर एमपीवी की अवधारणा को फिर से परिभाषित किया है. उन्होंने कहा कि यह मॉडल शहरी तथा ग्रामीण दोनों बाजारों में 37.5 प्रतिशत की प्रभावशाली बाजार हिस्सेदारी के साथ देशभर में लोकप्रिय रहा है. मोटर वाहन कंपनी घरेलू बाजार के अलावा 80 से अधिक देशों में इसका निर्यात भी करती है.



मुंबई में गुरुवार को लाइफस्टाइल एशिया मैगजीन की वैलेंटाइंस डे पार्टी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा. -फोटो : पीटीआई

### ओयो को आगामी तिमाहियों में वृद्धि की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** आतिथ्य एवं यात्रा-प्रौद्योगिकी मंच ओयो को वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ दोगुना होकर 30 करोड़ रुपये रहने के बाद इसमें लगातार वृद्धि की उम्मीद है. कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रितेश अग्रवाल ने शुक्रवार को कर्मचारियों के साथ बातचीत दौरान कंपनी के मुनाफे में दो गुना वृद्धि की जानकारी दी. ओयो का संचालन करने वाली ओरावेल स्टेज लिमिटेड का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16 करोड़ रुपये रहा था. अग्रवाल ने कर्मचारियों से कहा, आगामी तिमाहियों में हम शुद्ध लाभ में लगातार वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं.

### अवाडा एनर्जी को सौर परियोजनाओं का मिला ठेका

**नयी दिल्ली।** अवाडा एनर्जी को देश की सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों से 1,400 मेगावाट से अधिक की सौर परियोजनाओं का ठेका मिला है. बयान के अनुसार, कंपनी ने एसईसीआई, जीयूवीएनएल और एनटीपीसी द्वारा जारी निविदाओं में क्रमशः 421 मेगावाट, 280 मेगावाट और 700 मेगावाट की क्षमता वाली परियोजनाओं का ठेका हासिल किया. गुजरात और राजस्थान में विकास के लिए प्रस्तावित ये परियोजनाएं भारत में अपने नवीकरणीय ऊर्जा पहुंच का विस्तार करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती करती हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### लोस ने दो दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने शुक्रवार को सदन के दो दिवंगत पूर्व सदस्यों हरमोहन धवन और रुबाब सईदा को श्रद्धांजलि दी. सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने धवन और सईदा के निधन की जानकारी दी. इन दोनों पूर्व सदस्यों का हाल ही में निधन हुआ है. बिरला ने इन दोनों पूर्व सदस्यों के संसदीय जीवन का उल्लेख किया. इसके बाद सभा ने कुछ पल मौन रखकर दोनों दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी.

### एएसआई ने 357 प्राचीन कलाकृतियां प्राप्त की

**नयी दिल्ली।** भारत से ले जाए गए पुरावशेषों की वापसी को प्राथमिकता बताते हुए सरकार ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 1976 से अब तक विदेशों से 357 भारतीय प्राचीन वस्तुएं प्राप्त की हैं. केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने राज्यसभा को गुरुवार को यह भी बताया कि इन पुरावशेषों में से 344 धरोहरें 2014 के बाद एएसआई के सुपुर्द की गई हैं. संस्कृति मंत्री ने कहा कि सरकार पुरावशेषों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है.

### मैसूर में बनेगा 'यूनिटी मॉल', मिली मंजूरी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने 'एक जिला, एक उत्पाद' परियोजना के तहत केंद्र द्वारा दिए गए 193 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण की मदद से मैसूर में 'यूनिटी मॉल' बनाने को मंजूरी दे दी है. राज्य के कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बताया कि कर्नाटक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, मैसूर प्रदर्शनी प्राधिकरण की 6.5 एकड़ भूमि पर इस मॉल का निर्माण करेगा. पाटिल ने कहा कि यूनिटी मॉल एक प्रदर्शनी केंद्र होगा.

### अमेरिका ने हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं. 'सेंट्रल कमांड' ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी. सेंट्रल कमांड ने कहा कि वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे.

## 1.4 करोड़ लोगों ने गंगा में लगाई डुबकी



शुक्रवार को प्रयागराज में वार्षिक धार्मिक माघ मेला उत्सव के दौरान मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा नदी में डुबकी लगाने वाले भक्तों का एक हवाई दृश्य. -फोटो : पीटीआई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की 'संगम नगरी' प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक लगभग 1.40 करोड़ लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई. इस बीच, हेलीकाप्टर से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गई. माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक करीब 1.40 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया. इस बीच हेलीकाप्टर से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई. उन्होंने बताया कि गुरुवार मध्यरात्रि 12 बजे से ही जनसैलाब घाटों की तरफ उमड़ा हुआ है और गांव देहात व दूसरे जिलों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं. अधिकारी ने बताया कि भारी भीड़ को देखते हुए घाटों की लंबाई 6800 फुट से बढ़ाकर 8000 फुट कर दी गई है और कुल 12 घाट बनाए गए हैं एवं सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में वस्त्र बदलने की सुविधा स्थापित की गई है. पुलिस उप महानिरीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं और पूरे क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और कई एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) आधारित कैमरे क्रियाशील हैं. मेला क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है. इसके साथ ही आतंक रोधी दस्ता (एटीएस), द्रुत कार्य बल (आरएएफ), एसडीआरएफ , एनडीआरएफ की टीमें, महिला पुलिसकर्मी, घुड़सवार पुलिस, बम निरोधक दस्ते सभी क्रियाशील हैं. मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि इसके अलावा, सार्वजनिक शौचालयों की संख्या भी 1800 से बढ़ाकर छह हजार कर दी गई है और 12,000 संस्थागत शौचालयों के साथ मेला क्षेत्र में शौचालयों की कुल संख्या अब 18,000 हो गई है.

'अवैध' मदरसे और मस्जिद को ढहाए जाने पर भड़की हिंसा, लगाया गया कर्फ्यू

## हिंसा के 24 घंटे बाद भी सुलग रहा हल्द्वानी

**भाषा। हल्द्वानी**

उत्तराखंड के हल्द्वानी में गुरुवार शाम को दंगाइयों ने जमकर उत्पात मचाया. बनभूलपुरा इलाके में पुलिस थाने को घेरकर उस पर न केवल हमला किया गया बल्कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश की गई. पुलिस प्रशासन अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराने गया था और इसी दौरान भीड़ आक्रोशित हो गई और जमकर पथराव कर पेट्रोल बम से हमले किए गए. दर्जनों वाहन फूंक डाले गए. इस पूरी घटना में 5 लोगों की मौत हो गई है. बनभूलपुरा में हुई इस हिंसा के बाद वहां कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट सेवाएं भी सस्पेंड कर दी गई हैं. इस हिंसा के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है. नैनीताल की डीएम वंदना सिंह ने कहा कि गुरुवार को साजिश के तहत पुलिस टीम पर हमला किया गया और थाने को घेरकर अंदर मौजूद लोगों को बाहर नहीं आने दिया गया. उन पर पहले पथराव किया गया और फिर पेट्रोल बम से हमला किया गया. कई वाहनों को आग लगाकर फूंक दिया गया. हिंसा ने इसी बनभूलपुरा इलाके में एक साल पहले हुए बवाल की याद दिला दी.

**एक साल पहले भी हुआ था बवाल :** यह पहली बार नहीं है जब बनभूलपुरा इस तरह सुलगा हो, एक साल पहले जब कोर्ट के आदेश के बाद यहां अतिक्रमण हटाने की कोशिश की गई थी तो तब भी काफी बवाल हुआ था. रेलवे ने समाचार पत्रों के जरिए नोटिस जारी कर अतिक्रमण करने वालों को 1 हफ्ते के अंदर कब्जा हटाने को कहा था. रेलवे और जिला प्रशासन ने ऐसा न करने पर मकानों को तोड़ने की चेतावनी दी थी. इसके बाद लोगों का विरोध प्रदर्शन इस कदर तेज हुआ कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया. सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासने के फैसले पर अस्थायी रोक लगाकर लोगों को राहत दी थी.



**प्रशासन सख्त**

- प्रशासन अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराने गया था
- पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश की गई

**रेलवे की जमीन पर दावा**

रेलवे ने इसे अपनी जमीन बताते हुए 82.9 किमी से 80.17 किलोमीटर के बीच की जमीन खाली कराना चाहता है और इस पूरी जमीन पर अपना दावा करता है. नैनीताल हाईकोर्ट ने गौला नदी पर अवैध खनन के मामले में सुनवाई करते हुए अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया था. रेलवे दावा करता है कि सभी पक्षों की फिर दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने 20 दिसंबर 2022 को अतिक्रमणकारियों को हटाने का निर्देश दिया. रेलवे दावा करता है कि उसके पास पुराने नक्शे हैं. 1959 का नोटिफिकेशन है. 1971 का रेवेन्यू रिकॉर्ड है. 2017 की सर्वे रिपोर्ट है.

**लोगों की दलील**

वहीं विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि हाईकोर्ट में 29 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण का मसला था लेकिन अब रेलवे 78 एकड़ से अधिक की सारी जमीन पर अपना दावा कर रही है. प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि राज्य सरकार को नजूल की जमीन के हिसाब से उनकी रिहाइश को मंजूरी देनी चाहिए, न कि रेलवे की जमीन बताकर उनके सौ साल पुराने रिहाइश को उजाड़ देना चाहिए. जिस जमीन को रेलवे अपना बता रही है,वहां करीब 50 हजार लोगों की बस्ती है, जिसे हटाने का आदेश हाईकोर्ट की ओर आया था. बनभूलपुरा में 4 हजार से ज्यादा परिवार रहते हैं. इस क्षेत्र में 4 सरकारी स्कूल, 11 निजी स्कूल, एक बैंक, दो ओवरहेड पानी के टैंक हैं.

**रेलवे की जमीन पर बसी है पूरी बस्ती**

दरअसल हल्द्वानी में रेलवे की जिस जमीन पर विवाद है वो बनभूलपुरा से सटी है. हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के आसपास का यह इलाका करीब 2 किलोमीटर से भी ज्यादा के क्षेत्र को कवर करता है. इन इलाकों को गफ्फूर बस्ती, ढोलक बस्ती और इंदिरा नगर के नाम से जाना जाता है. यहां रहने वाले लोगों ने पहले रेलवे की इस जमीन पर कब्जा किया और फिर धीरे-धीरे पक्के मकान बनाए और हजारों की संख्या में यहां लोगों की रिहाइश हो गई.

**जमीन अवैध है तो सरकारी स्कूल कैसे बने?**

यहां रहने वालों का यही सवाल है कि अगर जमीन अवैध है तो सरकारी स्कूल कैसे बने. कैसे बैंक खुल गए? पानी की टंकी अवैध नोटिस के वक्त क्यों बनाई गई. इतना ही नहीं घर का बिजली का मीटर भी चालू है. आजादी के पहले इस हिस्से में बगीचे, लकड़ी के गोदाम और कारखाने थे. इनमें उत्तर प्रदेश के रामपुर, मुरादाबाद और बरेली के अल्पसंख्यक समाज के लोग काम करते थे. धीरे-धीरे वह यहां बसते गए और रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर कब्जा हो गया.

## अमेरिका में नेवादा के 'रिपब्लिकन कॉकस' चुनाव में ट्रंप की जीत

**भाषा। लास वेगास**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया के तहत हुए नेवादा के कॉकस चुनाव में जीत हासिल कर ली. ट्रंप नेवादा कॉकस में लड़ने वाले एकमात्र प्रमुख उम्मीदवार थे. संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने कॉकस में भाग नहीं लिया. उन्होंने कहा कि वह इसे ट्रंप के पक्ष में एक अनुचित प्रक्रिया मानती हैं. नेवादा कॉकस में जीत के साथ ही ट्रंप को राज्य के सभी 26 'डेलिगेट' (लोगों के समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया व्यक्ति) का समर्थन मिल गया. ट्रंप को पार्टी उम्मीदवार बनने के लिए 1,215 डेलिगेट के मतों की आवश्यकता है और वह मार्च में यह संख्या हासिल कर सकते हैं. अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले देश के दो बड़े दल डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी अपने-अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं और इसके लिए दावेदारों के बीच राज्यों में 'प्राइमरी' और 'कॉकस' चुनाव कराए जाते हैं. इन चुनावों के बाद सर्वाधिक डेलिगेट का समर्थन हासिल करने वाला दावेदार पार्टी उम्मीदवार बनता है.

दो करोड़ से अधिक युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है

## भारत में लगभग 97 करोड़ मतदाता हैं : निर्वाचन आयोग

**भाषा। नयी दिल्ली**



भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि इस साल के लोकसभा चुनाव में लगभग 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र होंगे. उसने यह भी कहा कि 18 से 29 वर्ष की आयु के दो करोड़ से अधिक युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है. आयोग के मुताबिक पिछले लोकसभा चुनाव 2019 से पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है. निर्वाचन आयोग ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा मतदाता वर्ग- 96.88 करोड़ भारत में आगामी आम चुनावों के लिए मतदान करने के लिए पंजीकृत है. निर्वाचन आयोग ने साथ ही कहा कि लैंगिक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है. एक अधिकारी ने बताया कि आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता के साथ-साथ मतदाता सूची की शुद्धता व शुचिता पर विशेष जोर दिया है.


मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में हर चरण में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण में शामिल विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी.

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की हुई घोषणा

## दिल जीत लिया : जयंत चौधरी

**भाषा। लखनऊ**

राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा करने पर खुशी जाहिर करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल जीत लिया... वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जननेता, किसानों के मसीहा, गांवों, अन्नदाता किसानों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को 'भारत रत्न' प्रदान करने की घोषणा अभिनंदनीय है.



चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा का मुद्दा उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी उठा, जहां सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने केंद्र सरकार के इस फैसले की सराहना की.

**मायावती ने की कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि जिन भी हस्तियों को भारतरत्न से सम्मानित किया गया उन्हें शुभकामनाएं लेकिन, इस मामले में खासकर दलित हस्तियों का तिरस्कार और उपेक्षा करना उचित नहीं. मायावती ने कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग दोहरायी.

जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

## आंध्र को विशेष दर्जा देने की मांग की

**भाषा। नयी दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यहां मुलाकात की और राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग की. जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जगन और मोदी की मुलाकात की जानकारी दी. रेड्डी 2019 के विधानसभा चुनाव में राज्य को विशेष दर्जा दिलाने की मांग के वादे के साथ सत्ता में आए थे और इस मुद्दे पर पहले भी प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से कई बार मुलाकात कर चुके हैं.



पार्टी सूत्रों ने बताया कि आंध्र प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा अपनी स्थिति मजबूत करने और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन करने की संभावना के बीच रेड्डी आखिरी कोशिश के तहत राष्ट्रीय राजधानी आए हैं. सूत्रों ने बताया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने संसद परिसर में प्रधानमंत्री से मुलाकात की और लंबित योजनाओं पर चर्चा की और राज्य को विशेष दर्जा देने सहित विभिन्न मांग रखी. विशेष श्रेणी का दर्जा आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के प्रावधानों में से एक है, जिसके जरिये जून 2014 में अलग तेलंगाना राज्य का गठन किया गया था.




**कॅरियर-काउंसिलिंग**

## रेडियो जॉकी की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना कॅरियर



**टॉप रिक्रूटर्स**

- रेडियो मिर्ची 98.3
- फीवर 104 एफएम
- रेडियो मिर्ची
- ऑल इंडिया रेडियो
- रेडियो एफएम 93.5
- टाइम्स एफएम
- टीईडी
- बिग एफएम 92.7

**रजनीश प्रसाद। रांची**

रेडियो जॉकी (आरजे) वह व्यक्ति होता है, जो रेडियो प्रसारण में ऑन एयर स्थिति को ऑपरेट करता है. एक रेडियो जॉकी, जो एक रेडियो शो होस्ट करता है, उसे रेडियो पर्सनैल्टी के रूप में भी जाना जाता है. रेडियो जॉकी के क्षेत्र में कॅरियर बनाना किसी छात्र को क्यों चुनना चाहिए, इससे जुड़ी कुछ बातें नीचे बताई गई है. एक रेडियो जॉकी अब पिछली रेडियो हस्ती के समान नहीं है, जिन्हें केवल अनाउंसर के रूप में देखा जाता था. अब वे न केवल सूचित करते हैं, बल्कि वे आपका मनोरंजन भी करते हैं और आपके साथ जुड़ते हैं. अब कुछ रेडियो जॉकी मशहूर हस्तियों में गिने जाते हैं.

**आरजे के लिए आवश्यक गुण**

- एक रेडियो जॉकी की आवाज अच्छी होनी चाहिए, क्योंकि उसका मुख्य काम बहुत कुछ बोलना है.
- एक रेडियो जॉकी के पास स्थिति के अनुसार स्किल्स होना चाहिए.
- रेडियो जॉकी की भाषा अच्छी होनी चाहिए.
- उसे आवाज की लय को नियंत्रित करने में सक्षम होना चाहिए.
- उसके पास अच्छा कंटेंट राइटिंग स्किल होना चाहिए.

**रेडियो जॉकी बनने के लिए कोर्सेज**

- डिप्लोमा इन प्रोग्राम एंड ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट
- डिप्लोमा एंड सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो जॉकिंग
- डिप्लोमा इन रेडियो जॉकिंग एंड रेडियो प्रोडक्शन
- डिप्लोमा इन रेडियो मैनेजमेंट
- सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो प्रोडक्शन प्रोग्राम
- सर्टिफिकेशन कोर्स इन रेडियो जॉकिंग
- सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो जॉकिंग एंड एंकरिंग टीवी जर्नलिज्म
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट एंड इन रेडियो
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा रेडियो प्रोग्राम एंड मैनेजमेंट

**कॅरियर स्कोप**

- **एफएम /एएम रेडियो जॉकी :** एफएम/एएम रेडियो स्टेशन के लिए काम कर रहे हैं व्यक्ति को भीड़ के साथ इंटरफेस करना, संगीत बजाना या बात करना होता है. वे आम तौर पर रेडियो प्रसारण के लिए काम करते हैं.
- **स्पोर्ट्स टॉक रेडियो जॉकी :** स्पोर्ट्स टॉक रेडियो जॉकी को विभिन्न प्रकार के खेल समाचारों और घटनाओं की जांच करने के लिए दर्शकों के साथ इंटरफेस करने की आवश्यकता होती है. स्पोर्ट्स टॉक रेडियो जॉकी या तो पिछला प्रतियोगी, टीवी एंकर या खिलाड़ी होना चाहिए.
- **सैटेलाइट रेडियो जॉकी :** सैटेलाइट रेडियो जॉकी का काम एफएम/एएम रेडियो स्टेशन की तरह ही होता है. वे आम तौर पर मुद्दे की प्रभाव क्षमता के बारे में सोचे बिना स्पष्ट रूप से बात करते हैं. उनका प्रबंधन किसी बोर्ड द्वारा नहीं किया जाता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)